3 राजधानी
तीसरी बार भी नहीं हो पाया महापौर का चुनाव

6 अभिमत
सीतारमण का सराहनीय बजट

10 विदेश
पाकिस्तान के गृह मंत्री की इमरान को चेतावनी

11 राष्ट्रीय
महाराष्ट्र कांग्रेस में कलह सतह पर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 94
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



सूर्य-कुलदीप को मौका देने के पक्ष में शास्त्री
स्पोर्ट्स-12

# तुर्की-सीरिया में भूकंप, 2300 की मौत

## सूर्योदय से पहले 7.8 की तीव्रता से कांपी धरती, सैकड़ों इमारतें जमींदोज, बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

**एपी।** अजमरीन (सीरिया)



तुर्की की सीमा पर सीरिया के हरेम शहर में ढह गई इमारतों के मलबे से लोगों को खोजते नागरिक सुरक्षा कार्यकर्ता और निवासी


**दक्षिण** पूर्वी तुर्किए (तुर्की) और दक्षिणी सीरिया में सोमवार को आए 7.8 की तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में 2300 से अधिक लोगों की मौत हो गई। भूकंप से सैकड़ों इमारतों को नुकसान पहुंचा है। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है, क्योंकि बचावकर्मी अब भी प्रभावित इलाकों में मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। सीमा के दोनों ओर भूकंप का झटका सूर्योदय से पहले महसूस हुआ और लोगों को सर्दी तथा बारिश के बावजूद बाहर आना पड़ा।

भूकंप से कई इमारतें ध्वस्त हो गई हैं और भूकंप उपरांत झटके अब भी महसूस किए जा रहे हैं। विभिन्न शहरों में बचावकर्मी और निवासी ध्वस्त हुई इमारतों से जिंदा लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। भूकंप में ध्वस्त हुए तुर्किए के एक अस्पताल और सीरिया के गिने-चुने अस्पतालों से नवजातों सहित मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा। तुर्किए के शहर अदाना के एक निवासी ने बताया कि उसके आसपास की तीन इमारतें ध्वस्त हो गई हैं। पत्रकारिता के छात्र मुहम्मद फतीह यवुज ने बताया कि मलबे में जिंदा फंसे एक व्यक्ति ने बचावकर्मियों द्वारा निकाले जाने की कोशिश के दौरान कहा, अब मुझमें कोई ताकत नहीं बची है। तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा, भूकंप वाले क्षेत्र में कई इमारतों का मलबा को हटाने का काम जारी है, हम नहीं जानते कि मृतकों और घायलों की संख्या कितनी बढ़ेगी। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हम इस विपदा वाले दिन को हमारी एकता और देश के प्रति एकजुटता पीछे छोड़ देगी।

भूकंप का केंद्र तुर्किए का दक्षिण पूर्वी प्रांत कहरमनमारस था और झटके दूर काहिरा तक महसूस किए गए। दमिश्क में भी लोगों को भूकंप की वजह से सड़कों पर आना पड़ा और बेरूत में जब झटके महसूस हुए, तब लोग सो रहे थे। भूकंप सीरिया के उस क्षेत्र में आया, जहां एक दशक से अधिक समय से गृह युद्ध जारी है और प्रभावित इलाका सरकार और विद्रोहियों में बंटा हुआ तथा उनके चारों ओर रूस समर्थित सरकारी सेनाएं तैनात हैं। वहीं, तुर्किए वाले इलाके में संघर्ष की वजह से लाखों शरणार्थी बसे हुए हैं। विरोधियों के कब्जे वाले सीरियाई इलाके में लड़ाई की वजह से विस्थापित 40 लाख लोग रह रहे हैं। इनमें से कई उन इमारतों में रह रहे थे, जो पहले से ही बमबारी की वजह से क्षतिग्रस्त थे। व्हाइट हेलमेट नामक विपक्षी आपात संगठन ने एक बयान में कहा कि सैकड़ों परिवार मलबे में दबे हैं। बचावकर्मियों ने बताया कि पहले ही संसाधनों की (शेष पेज 8)

## प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक हरसंभव मदद देने का आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप में लोगों की मौत पर सोमवार को शोक व्यक्त किया और कहा कि भारत इस त्रासदी से निपटने में मदद के लिए हरसंभव सहायता देने को तैयार है।

मोदी ने ट्वीट किया, तुर्किए में भूकंप के कारण हुए जान-माल के नुकसान से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने भूकंप पर तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के एक ट्वीट को टैग करते हुए कहा, भारत तुर्किए के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हरसंभव सहायता देने को तैयार है। एक अन्य ट्वीट में मोदी ने कहा, यह जानकर गहरा दुख हुआ कि विनाशकारी भूकंप ने सीरिया को भी प्रभावित किया है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

हम सीरियाई लोगों के दुख को साझा करते हैं और इस कठिन समय में सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी भूकंप में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट किया, (शेष पेज 8)

# संसद में जारी गतिरोध खत्म होने के आसार




नई दिल्ली में सोमवार को संसद भवन में प्रदर्शन करते विपक्षी दलों के सांसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- अडाणी मसले पर हंगामे के पश्चात दोनों सदनों के स्थगित होने के बाद सरकार ने विपक्ष से साधा संपर्क, नेताओं की राय-धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होनी चाहिए

**संसद** के दोनों सदनों में पिछले कुछ दिनों से चला आ रहा गतिरोध मंगलवार को खत्म हो सकता है तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हो सकती है क्योंकि सरकार ने सोमवार को विपक्ष के साथ संपर्क साधा और उसके साथ बैठक की। हालांकि आज भी संसद में अडाणी मुद्दे को लेकर गतिरोध बना रहा। विपक्ष द्वारा अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग पर जोर दिए जाने के कारण दोनों सदनों की बैठक को एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी दलों के सदन के नेताओं के साथ बैठक की। जोशी और मेघवाल ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय, द्रमुक नेता टी आर बालू तथा कुछ अन्य नेताओं के साथ बैठक की। सूत्रों के मुताबिक बैठक के दौरान नेताओं की यही राय थी कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होनी चाहिए। विपक्ष से जुड़े सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होने की प्रबल संभावना है। वहीं आज संसद में अडाणी मुद्दे पर चर्चा कराने तथा इस प्रकरण की जेपीसी या उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग पर कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों ने संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना भी दिया। अडाणी समूह से जुड़े मामले को लेकर कांग्रेस ने सभी जिलों में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया तथा आम लोगों की बचत की सुरक्षा की मांग की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी इस विषय को लेकर प्रधानमंत्री पर प्रहार किया और आरोप लगाया कि भाजपा चर्चा नहीं होने दे रही है क्योंकि वह डरी हुई है। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो पाए। पिछले सप्ताह बृहस्पतिवार और शुक्रवार को भी इसी मुद्दे को लेकर दोनों सदनों में गतिरोध बना रहा था। लोकसभा में सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और सदन चलने देने की अपील की।

उन्होंने प्रश्नकाल में श्रम मंत्रालय से संबंधित पूरक प्रश्न का हवाला देते हुए कहा, आज मजदूरों से जुड़ा प्रश्न है। आप बिना बातचीत के, केवल नियोजित तरीके से सदन को स्थगित कराएं, यह उचित नहीं है। आप मेरे कक्ष में आएं, बातचीत करें, किसी भी विषय पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय दूंगा। बिरला ने कहा, आपने (कांग्रेस) लंबे समय तक राज किया है। आप इतनी पुरानी पार्टी हैं, यह व्यवहार उचित नहीं है। हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा अध्यक्ष ने करीब 11 बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे सदन की बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इसी दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के समीप आ गए। पीठासीन सभापति ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी विपक्षी (शेष पेज 8)

# युवाओं के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट खोलेगा संभावनाओं के द्वार: योगी

- कहा, उत्तर प्रदेश के 25 सेक्टरों में होने जा रहा अभूतपूर्व निवेश युवाओं के लिए लाखों की संख्या में रोजगार का सृजन करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, मथुरा



मथुरा में जीएलए विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के जीएलए विवि के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी के युवाओं को रोजगार के लिए अब दुनिया के अन्य देशों के पीछे नहीं भागना होगा और न भारत के अन्य राज्यों में जाकर नौकरी ढूंढनी होगी।

प्रदेश में इस साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के जरिए होने जा रहा लाखों करोड़ का अभूतपूर्व निवेश हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नये द्वार खोलेगा। उत्तर प्रदेश में लाखों नौकरियां हमारे युवाओं का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गयी है।

हम केवल डिग्री तक सिमट के ना रहें। हमें बहुआयामी सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने शिक्षण संस्थाओं से आह्वान किया कि वो अपने अपने भौगोलिक क्षेत्र का सामाजिक, आर्थिक और परंपराओं से जुड़ी गतिविधियों पर रिसर्च जरूर करें, जिससे उन क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 25 सेक्टरों में होने जा रहा अभूतपूर्व निवेश युवाओं के लिए लाखों की संख्या में रोजगार का सृजन करेगा। ऐसे में सभी शिक्षण संस्थाओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने विद्यार्थियों को इसके लिए तैयार करें। इंडस्ट्री की क्या डिमांड है, इसकी स्टडी (शेष पेज 8)

## हाइड्रोजन के प्रयोग से भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में नवीकरणीय ऊर्जा, जैव-ईंधन और हाइड्रोजन का इस्तेमाल बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने यहां तेल एवं गैस क्षेत्र के दिग्गज उद्योगपतियों के साथ बैठक में भारत को टिकाऊ आर्थिक वृद्धि की राह पर ले जाने से संबंधित विचारों एवं पहल पर चर्चा की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने शत-प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के इस्तेमाल और परंपरागत ईंधनों में एथनॉल एवं बायो-डीजल का मिश्रण बढ़ाने पर बल दिया। सूत्रों के मुताबिक, भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करने आए प्रधानमंत्री ने ऊर्जा कारोबार से संबंधित उद्योगपतियों के साथ अलग से बैठक की। इसमें अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों बीपी, एक्सॉनमोबिल और टोटलएनर्जीज के अलावा रॉसनेफ्ट के प्रमुख भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भारत को हाइड्रोजन उत्पादन के (शेष पेज 8)

# आधा हुआ अडाणी ग्रुप का संयुक्त बाजार पूंजीकरण

- गिरावट जारी, नौ कारोबारी दिनों में 9.5 लाख करोड़ हुए कम
- समूह गिरवी शेयर छुड़ाने के लिए 111.4 करोड़ डॉलर का समय पूर्व भुगतान करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**अडाणी** समूह की ज्यादातर कंपनियों के शेयरों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। इस गिरावट के बीच समूह की सभी कंपनियों का सम्मिलित रूप से बाजार पूंजीकरण नौ कारोबारी दिनों में 9.5 लाख करोड़ रुपए कम हो चुका है।

वहीं समूह ने कहा कि प्रवर्तक कर्जदाताओं के पास गिरवी रखे शेयरों को परिपक्वता अवधि से पहले छुड़ाने के लिए 111.4 करोड़ डॉलर का भुगतान करेंगे। इसकी परिपक्वता अगले वर्ष सितंबर में होनी है। समूह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि गिरवी रखे गए ये शेयर अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी ट्रांसमिशन के हैं।

बयान के अनुसार, यह कदम शेयरों को गिरवी रखकर वित्तपोषण की व्यवस्था वाले सभी मामलों में समय-पूर्व भुगतान के प्रवर्तकों के आश्वासन के अनुरूप है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी समूह के शेयरों को लेकर बाजार की धारणा खराब हुई है जिससे इन शेयरों की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सप्ताह के पहले दिन का कारोबार बंद होने पर अडाणी समूह की (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,506 | 334 |
| निफ्टी | 17,764 | 89 |
| सोना | 57,155 | 574 /10g |
| चांदी | 68,133 | 2113 /kg |

## क्विक न्यूज

### समुद्री सहयोग को मजबूत करेंगे भारत और कतर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कतर के परिवहन मंत्री जसीम सैफ अहमद अल-सुलैती से मुलाकात की और द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान मे यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कतर सहयोग ऐतिहासिक घनिष्ठ संबंधों, नियमित और ठोस जुड़ाव के साथ लगातार प्रगाढ़ हो रहा है। बयान में सोनोवाल के हवाले से कहा गया, बंदरगाह परिचालन, लॉजिस्टिक, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में बेहतर गतिविधियों को साझा करने के लिए भारतीय बंदरगाहों और कतर के बंदरगाहों के बीच बातचीत समेत द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर सार्थक चर्चा हुई।

# विक्टोरिया गौरी को लेकर विवाद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

- जज के रूप में नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अधिवक्ता** लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी की मद्रास उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति को लेकर उठा विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। उनकी नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर शीर्ष अदालत में 7 फरवरी को सुनवाई होगी। केंद्र ने हाल ही में गौरी की न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति को अधिसूचित किया।

इससे पहले, शीर्ष अदालत गौरी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर 10 फरवरी को सुनवाई करने पर सहमत हुई थी। हालांकि मामले का फिर से उल्लेख किए जाने पर प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने मंगलवार को इस पर सुनवाई करने का फैसला किया। पीठ ने कहा कि केंद्र को गौरी के नाम की सिफारिश किए जाने के बाद कॉलेजियम ने कुछ घटनाक्रम पर गौर किया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने मामले का फिर से उल्लेख करते हुए गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त करने वाली केंद्र की अधिसूचना से अदालत को अवगत कराया और तुरंत हस्तक्षेप का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मुद्दा पात्रता का है, न कि उपयुक्तता का। इस मामले में महत्वपूर्ण जानकारी कॉलेजियम के सामने नहीं थी, जिससे (शेष पेज 8)

## तीन उच्च न्यायालयों को मिले 13 न्यायाधीश, कुछ पर फैसला नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कुल** 11 वकीलों और दो विधि अधिकारियों को सोमवार को इलाहाबाद, कर्नाटक और मद्रास उच्च न्यायालयों में अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। इनमें से मद्रास उच्च न्यायालय में नियुक्त किए जाने वाले न्यायाधीशों में से एक अधिवक्ता लक्ष्मण चंद्र विक्टोरिया गौरी हैं, जिनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कथित संबद्धता पर विवाद खड़ा हो गया था। मद्रास उच्च न्यायालय में नियुक्त अतिरिक्त न्यायाधीशों में से दो न्यायिक अधिकारी हैं। नियुक्त किए गए लोगों के नामों की सिफारिश पिछले महीने उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने की थी। हालांकि कॉलेजियम द्वारा सुझाए गए सात अन्य नामों पर अभी तक कुछ नहीं कहा गया है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्विटर पर न्यायाधीशों की नई नियुक्तियों की घोषणा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## पीएफआई साजिश मामले में एक और गिरफ्तार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार के** पूर्वी चंपारण में लक्षित हत्याओं की साजिश रचने के संबंध में प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकर्ताओं पर जारी कार्वाई में एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि इरशाद उर्फ बेलाल को सांप्रदायिक घृणा और दुश्मनी फैलाने के लिए पीएफआई की आपराधिक साजिश में सक्रिय रूप से शामिल पाया गया। इस मामले में गिरफ्तार किया जाने वाला वह सातवां व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि हरपुर-कहुनी गांव निवासी इरशाद को रविवार को बिहार के मोतिहारी जिले के जितौरा गांव से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि उसने पटना के फुलवारीशरीफ के अहमद पैलेस में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कक्षाओं में भाग लिया था।

# दक्षिण कोरिया से पैदल आएंगे 108 बौद्ध तीर्थयात्री

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

- भारत को अपना 'आध्यात्मिक घर' कहने वाले कोरियाई लोगों की पवित्र यात्रा 9 फरवरी को शुरू होगी
- यह दल 43 दिन की यात्रा में उप्र, बिहार के साथ-साथ बुद्ध की जन्मस्थली नेपाल के लुम्बिनी भी जाएगा

**सारनाथ** से श्रावस्ती तक गौतम बुद्ध के पदचिन्हों की तलाश में दक्षिण कोरिया से 108 तीर्थयात्रियों और भिक्षुओं का दल 1,167 किलोमीटर पैदल चलकर भारत आएगा। भारत को अपना 'आध्यात्मिक घर' कहने वाले कोरियाई लोगों की यह पवित्र यात्रा 9 फरवरी को शुरू होगी और 43 दिन तक चलेगी।

तीर्थयात्रियों का यह दल उत्तर प्रदेश और बिहार में स्थित पवित्र बौद्ध स्थलों और नेपाल के लुम्बिनी में बुद्ध की जन्मस्थली भी जाएगा। इन धार्मिक स्थलों पर ये लोग धार्मिक सभाओं में शामिल होंगे, पैदल चलकर ध्यान लगाएंगे और विश्व शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। भारत में कोरिया गणराज्य के राजदूत चांग जे-बोक ने संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के तहत चल समारोहों के हिस्से के रूप में यह यात्रा हो रही है। इसी दौरान भारत जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भी कर रहा है।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया जी-20 में भारत की सफलता के लिए प्रतिबद्ध है। चांग जे-बोक ने कहा कि बौद्ध धर्म चौथी शताब्दी में कोरिया पहुंचा था और इसने वहां इतना प्रसार किया कि एक बार यह प्राचीन कोरियाई साम्राज्य का आधिकारिक धर्म बन गया। इस समय कोरिया की आबादी का पांचवां हिस्सा बौद्ध धर्म को मानने वाला है। बौद्ध धर्म के ये अनुयायी भारत को अपना आध्यात्मिक घर मानते हैं। दक्षिण कोरिया से प्रत्येक वर्ष हजारों लोग बौद्ध धर्म से जुड़े विभिन्न पवित्र स्थलों की तीर्थ यात्रा पर भारत आते हैं। उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर सहयोग और दोस्ती का रिश्ता प्रगाढ़ होता है।

विशेष यह कि बौद्ध धर्म की मान्यता भी वही है जो भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए नारा है यानी एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य। कोरिया के एक गैर-लाभकारी संगठन जोगे-ऑर्डर सांगवोल ग्योल्सा सोसाइटी द्वारा आयोजित की जा रही इस तीर्थ यात्रा के दौरान तीर्थ यात्री बुद्ध के जन्म से लेकर उनके परिनिर्वाण तक पूरे जीवन से जुड़े स्थलों पर जाएंगे। दोनों देशों के बीच बौद्ध धर्म से संबंधित रिश्तों को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 2019 की कोरिया यात्रा के दौरान वहां पवित्र बोधि वृक्ष का एक पौधा भेंट किया था। इस दिशा में अपनी पहल को आगे बढ़ाते हुए पिछले साल उत्तर प्रदेश के (शेष पेज 8)

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 फरवरी, 2023



# तीनों प्राधिकरणों के 90 अफसरों की इनवेस्ट्र्स समिट के लिए लगी ड्यूटी

- 30-30 अफसरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण
- 13 फरवरी को लौटेंगे नोएडा के अधिकारी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लखनऊ में होने वाली इनवेस्ट्र्स समिट के लिए तीनों प्राधिकरण के 90 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसमें नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के 30-30 अधिकारी कर्मचारी है।

मंगलवार को उनकी वहां ट्रेनिंग होगी। इसके बाद 13 फरवरी को वहां से रिलीव किए जाएंगे। इस दौरान अन्य अधिकारियों के ऊपर इनके कार्यों की जिम्मेदारी रहेगी। नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को इनवेस्टर्स समिट के लिए 2.70 लाख करोड़ निवेश का टारगेट मिला था। इसमें नोएडा प्राधिकरण ने करीब 79 हजार करोड़, यमुना का 1.01 लाख करोड़ के 71 एमओयू वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने करीब 72 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए है। इनके निवेशकों को लखनऊ में होने वाली इनवेस्टर्स समिट में आमंत्रित किया गया है।

इन निवेशकों के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना के स्टॉल भी वहां लगाए जा रहे है। प्रत्येक स्टॉल पर आठ अधिकारियों की डयूटी लगाई जाएगी। जो जनपद की योजनाओं और तीनों प्राधिकरण का रोड मैप प्रस्तुत करेंगे। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि जो भी टारगेट बचा हुआ है आगामी पांच दिनों में उसे पूरा कर लिया जाएगा।

अब भी निवेश को लेकर प्रस्ताव आ रहे है। इन प्रस्तावों पर एमओयू साइन किए जा है। बता दे लखनऊ में 10 से 12 तक इनवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। जिन अधिकारियों की डयूटी लगी है। उनमें सर्किल, ओएसडी और मैनेजर स्तर के अधिकारी है। ऐसे में प्राधिकरण का थोड़ा कार्य प्रभावित होगा।

जिसके बाद इनके नीचे कार्य करने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है, ताकि आवंटियों के कार्य प्रभावित न हो।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी एवं मुख्यमंत्री के फार्मा सलाहकार जीएन सिंह ने यीडा सिटी का निरीक्षण किया। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क का जायजा लिया। इसके अलावा जेवर एयरपोर्ट के निर्माण की प्रगति जानी।

## ग्रेनो के दर्जनों तालाबों पर मिला अतिक्रमण

- रिपोर्ट में 27 तालाबों पर अवैध कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले में लगातार जलस्तर गिरता जा रहा है, जिस को सामान्य करने के लिए एनजीटी के आदेश के बाद जिले के तालाबों का सर्वे शुरू किया गया है। जिला प्रशासन तालाबों का सर्वे कराकर जानकारी जुटा रहा है कि तालाबों की वास्तविक स्थिति क्या है। कितने तालाबों का पर अतिक्रमण किया हुआ है और कितने तालाब सही अवस्था में है।

सर्वे के बाद प्रशासन की यह रिपोर्ट एनजीटी को पेश करेगा। जिले में एनजीटी के आदेश पर तालाबों का सर्वे शुरू हुआए जिसमें सदर तहसील में सरकारी आंकड़ों में 245 तालाब है। सर्वे के बाद आई रिपोर्ट में 27 तालाबों पर अवैध कब्जा पाया गया है, जिसके लिए प्रशासन ने कब्जा हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। वही बिना अतिक्रमण वाले तालाबों को संरक्षित किया जाएगा ताकि गिरते जलस्तर को रोका जा सके।

सदर तहसील के उप जिला अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि जिले में एनजीटी के आदेश पर तालाबों का सर्वे किया जा रहा है। सदर तहसील में सरकारी आंकड़ों के अनुसार 245 तालाब है जिन का सर्वे शुरू किया गया। सर्वे के बाद आई रिपोर्ट में 27 तालाबों पर अतिक्रमण पाया गया है। उनकी कार्रवाई तहसीलदार कोर्ट में की जा रही है और तहसीलदार कोर्ट में जिन तालाबों की कार्रवाई पूर्ण हो चुकी है। उन पर राजस्व की टीम कब्जा हटाने की कार्यवाही कर रही है।

उप जिला अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि तालाबों के सर्वे के दौरान हबीबपुर गांव में मौजूद तालाब पर अतिक्रमण पाया गया, जब उसकी कार्रवाई की बात की गई तो पता चला कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस तालाब के अलॉटमेंट के लिए नक्शा पास कर दिया है।

इस जानकारी के बाद प्रशासन विभाग के द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पत्राचार के माध्यम से जानकारी की जा रही है।

## रोडरेज में युवक को गोली मारी, हालत गंभीर

**नोएडा।** फेज-2 थाना क्षेत्र के सेक्टर 81 के पास रोडरेज की घटना में दो बदमाशों ने गाजियाबाद निवासी एक व्यक्ति को गोली मार दी।

फेज-2 के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गगन विहार कॉलोनी निवासी घनश्याम वर्मा रविवार रात को कार से कहीं जा रहे। रास्ते में नोएडा के सेक्टर 81 से गुजरने के दौरान नगला चरणदास गांव के पास एक अन्य कार में सवार लोगों ने उनकी कार को ओवरटेक किया। दोनों पक्षों में विवाद हुआ और बदमाशों ने घनश्याम वर्मा पर गोली चला दी। सिंह ने बताया कि घायल वर्मा को उपचार के लिए गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## एलिवेटेड रोड पर फायरिंग करने वाले 6 रंगबाज गिरफ्तार

- मयखाना बनाकर सरेराह फहराए हथियार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कविनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिरंजीव विहार सेक्टर-2 के भवन संख्या 412 में रहने वाले महरौली निवासी राजा चौधरी व उसके पांच साथियों को एलिवेटेड रोड को मयखाना बनाकर सरेराह रायफलों से फायरिंग करना और दो-दो रायफलों को गले में डालकर सड़क पर डांस करना भारी पड़ गया।

उक्त घटना की दो-दो वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन तुरंत एक्टिवेट हो गया और उक्त आपराधिक मामले की रिपोर्ट इंदिरापुरम थाने में तत्काल कर दी गई। रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने रील बनाने वाले युवकों को आईडेंटीफाई करने में देरी नहीं लगाई और पांचों युवकों को कुछ घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में डीसीपी ट्रांस हिंडन डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने बताया कि पुलिस ने जिन पांच युवकों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा है उनके नाम राजा चौधरी व आकाश सिरोही निवासी महरौली, रोहित सेठी न्यू पंचवटी घंटाघर कोतवाली, संतोष ठाकुर निवासी कन्नौज व अरूण चौहान इटावा हैं। उनके पास से घटना के दौरान प्रयुक्त की गई फॉर्च्यूनर कार, दो रायफल व कारतूस बरामद हुए।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस उपायुक्त कार्यालय सूरजपुर पर आये आगंतुकों से वार्ता कर उनकी शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। साथ ही अधीनस्थों को शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

### कांग्रेसियों का एसबीआई और एलआईसी पर प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सुबह जिला कांग्रेस कमेटी ने एसबीआई एवं एलआईसी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन एवं पैदल मार्च किया जिसमें कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान नरेन्द्र राठी, पीसीसी सदस्य राजाराम भारती, संगठन प्रभारी अमोल वशिष्ठ, रजनीकांत राजू, मोहम्मद हनीफ चीनी, राजकुमार गेहरा, राजकुमार कश्यप, ओमकार सिंह, राकेश पाल, लक्ष्मी वर्मा, पूजा चड्ढा, कृपाशंकर सिंह, जितेन्द्र टांक, सलमान मंसूरी, अहसान अली, आसिफ सिद्की, हाजी सहाबुद्दीन, सुरेन्द्र शर्मा, शंकर ठाकुर, जाकिर लोनी, साहिल खान, सरफ राज, पुष्पेन्द्र राठौर, रोहन कुमार, तरुण खारी, राहुल शर्मा, दीपक कश्यप समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### पेड़ की डाल से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पेड़ की डाल से फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त दिलीप पुत्र परमानंद सिंह निवासी मकनपुर इंदिरापुरम गाजियाबाद के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

### दो गर्भवती महिलाओं की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** थाना बीटा.2 क्षेत्र के एच्क्षर क्षेत्र में रहने वाली गर्भवती महिला संगीता पत्नी बृजमोहन की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं आरती की प्रसव के दौरान संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर संघ संचालक भागवत के बयान की निंदा

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मर्षि ब्राह्मण महासभा के संस्थापक बीके शर्मा हनुमान ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान की निंदा की है। भागवत ने मुंबई में संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि ऊंची, नीची जाति भगवान ने नहीं ब्राह्मणों ने बनाई है। बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि जिन लोगों ने भारत को लूटा, तोड़ा, नष्ट किया वह आज देश में सम्मानित हैं और एक अच्छा जीवन जी रहे हैं। जिन्होंने भारत की मर्यादा को खंडित किया, उसके विश्वविद्यालय को विध्वंस किया, उनके विश्व ज्ञान के भंडार पुस्तकालय को जलाकर राख किया।

### आग ने कर दिया फर्नीचर का गोदाम खाक

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत शक्तिखंड.थर्ड में स्थित फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई। इस आग ने कुछ ही देर में पूरा गोदाम जलाकर राख कर दिया। गनिमत रही कि फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते आग की चपेट में आने से दूसरे गोदाम व मकान बच गये। इस संदर्भ में सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि सुबह फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी कि शक्तिखंड.थर्ड में स्थित आसिफ नामक कारोबारी के लकड़ी के गोदाम में लग गई है। इस सूचना के मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़िया तुरंत मौके पर पहुंच गईं।

## निगम ने टेंडर नहीं निकाला फिर भी बने दो एफओबी

- बीओटी विभाग और प्राइवेट कंपनी की सांठगांठ का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




बीओटी विभाग और प्राइवेट कंपनी की सांठगांठ का खेल खुलेआम चल रहा है। बिना टेंडर के ही गाजियाबाद सिटी में दो एफओबी बन गए, मगर इस मामले में नगर निगम ने अभी कोई भी एक्शन नहीं लिया है। यह तब है जब निगम बोर्ड की बैठक में यह मसला उठाया जा चुका है।

इसके बाद भी नगर निगम का बीओटी विभाग एक्शन के मूड में नहीं है। वहीं, दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से हिंडन शमशान घाट के सामने और सिद्धार्थ विहार डीपीएस के सामने एफओबी बनाए गए हैं। इसी तर्ज पर कई कंपनियां भी अब अपने एफओबी बनाकर विज्ञापन से मोटी कमाई करने की कोशिश में हैं। बीओटी विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक वर्ष 2013 में नगर निगम ने शहर में 16 स्थानों पर एफओबी बनाने का अनुबंध कुछ कंपनियों के साथ किया था। इनमें से कुछ कंपनियों ने तो पहले ही अनुबंध होते ही एफ ओबी बनाने का कार्य पूरा कर लिया था। मगर, कई ऐसी कंपनियां हैं जिन्होंने बाद में शहर में एफओबी बनाने का कार्य किया है।

हाल ही में करीब चार वर्ष पहले हापुड़ चुंगी के पास एफओबी बनाया गया। अब श्मशान घाट हिंडन नदी के किनारे जीटी रोड पर एफओबी बनाया गया। इसी तरह से सिद्धार्थ विहार के सामने भी एफओबी बना दिया गया। बीओटी विभाग के एक अधिकारी ने माना कि अब एफओबी बनाए गए हैं।

## सट्टेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर नोएडा व छत्तीसगढ़ पुलिस में ठनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

छत्तीसगढ़ पुलिस ने स्थानीय पुलिस को बिना किसी सूचना के ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित एलिस्टोनिया अपार्टमेंट सोसायटी से 9 युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सभी आरोपितों को ऑनलाइन सट्टे का कारोबार करना दावा करते हुए हिरासत में लिया है। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों के बिना किसी सूचना के क्षेत्र में कार्रवाई करने एक्शन करते हुए पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है । हालांकि अभी इस मामले में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने मोबाइल ऐप से सट्टेबाजी करने के आरोप में नोएडा की एक सोसाइटी से नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी महादेव नामक मोबाइल ऐप के जरिए क्रिकेट एवं अन्य खेलों पर सट्टा लगवा रहे थे। पुलिस ने मौके से तीन लैपटॉप, 15 मोबाइल फोन और नकदी बरामद किए हैं।

## दलित महिला ने लगाया पूर्व प्रधान के बेटे पर बलात्कार का आरोप

- पीड़िता बोली- धर्म बदलने का बनाया दबाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र की एक दलित महिला से गांव के पूर्व प्रधान के बेटे सहित 3 लोगों पर कथित रूप से सामूहिक बलात्कार करने का आरोप लगा है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। यह गैंग रेप की घटना अक्टूबर 2022 में की गई थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, गांव के पूर्व प्रधान का बेटा शादी का झांसा देकर दलित महिला का यौन शोषण करता था, लेकिन पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया तो उसने अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया।

विरोध करने पर युवती को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही धर्म बदलने का दबाव बनाया। जारचा पुलिस आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## लुहाली गेट प्लाजा पर टोल कर्मियों से मारपीट

- पूरी घटना सीसीटीवी में कैद, आरोपी मौके से फरार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के लुहारली टोल प्लाजा पर दबंगों ने टोल कर्मियों के साथ जमकर मारपीट की। गाड़ी को निकालते समय टोल कर्मियों ने टोल मांगा। जिसके बाद कार सवार व अन्य कई लोग मौके पर आ गए।

उन्होंने टोल कर्मियों व सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट की। पूरी घटना टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मारपीट करने के बाद दबंग गाड़ी को लेकर मौके से फरार हो गए। टोल मैनेजर मुकेश कुमार ने बताया कि टोल पर आए दिन दबंग मारपीट करते रहते हैं। सोमवार की सुबह लगभग 11;30 बजे एक कार टोल पर आई जिससे टोल कर्मियों ने टोल मांगा। इसी बात को लेकर कार सवार ने टोल कर्मियों के साथ बदतमीजी शुरू कर दी। तभी उसके साथ के कई और दबंग आ गए। उन्होंने डंडे निकालकर टोल कर्मियों के साथ टोल प्लाजा मैनेजर रजनीकांत व सुरक्षा प्रबंधन श्यामवीर के साथ मारपीट की।

मामले की शिकायत दादरी पुलिस से की गई है। मुकेश कुमार ने बताया कि इससे पहले भी आए दिन यहां पर दबंगों के द्वारा मारपीट की घटनाएं हो रही है। जिसको लेकर पुलिस के आला अधिकारियों से भी शिकायत की गई है। लेकिन दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते मारपीट की घटनाएं लगातार हो रही है। सोमवार को हुई मारपीट की घटना के बारे में पुलिस से शिकायत की गई है।

## एनएमआरसी ने बांटे मुफ्त में 7836 स्मार्ट कार्ड

- कार्ड के जरिए यात्रा करने पर किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिलती है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा-ग्रेनो मेट्रो एक्वा लाइन पर 10 दिन तक लोगों ने मुफ्त में स्मार्ट कार्ड बांटने की योजना समाप्त हो चुकी है। 10 दिनों में एनएमआरसी ने 7 लाख 83 हजार रुपए के 7836 स्मार्ट कार्ड लोगों को निशुल्क बांटे गए।

एनएमआरसी ने बताया कि स्मार्ट कार्ड यात्रियों का समय बचाएंगे। वो ज्यादा से ज्यादा से एक्वा लाइन में सफर करेंगे। कार्ड के जरिए यात्रा करने पर किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिलती है। अब अब कार्ड लेने के लिए पहले की तरह 100 रुपए का भुगतान करना होगा। नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो को चले हुए चार साल होने और आजादी के अमृत महोत्सव को देखते हुए सवारियों को मुफ्त में स्मार्ट कार्ड दिए जाने का निर्णय लिया गया था।

ऐसे में इस लाइन के सभी 21 स्टेशन पर 26 जनवरी से चार फरवरी तक कार्ड देने के लिए विशेष काउंटर लगाए गए। अब मुफ्त में कार्ड दिए जाने का समय समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान 7836 कार्ड लोगों ने लिए। आम दिनों में सोमवार से शुक्रवार के बीच रोजाना 150 और शनिवार-रविवार को करीब 180 कार्ड स्टेशनों से लोग खरीदते हैं। मुफ्त में कार्ड देने की योजना लागू करने से पहले एनएमआरसी ने इसके नियमों में भी बदलाव किया था। कार्ड को अब कम से कम 50 रुपए का रिचार्ज कराया जाना जरूरी है, जबकि पहले यह राशि 10 रुपए थी। कार्ड प्रयोग करने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए नियमों मे बदलाव किया गया था। मुफ्त में कार्ड दिए जाने के बाद अब इस लाइन के कार्ड धारकों की संख्या करीब एक लाख 40 हजार हो गई है।

## नौकरानी ने लगाया फांसी का फंदा युवक ने पेड़ पर लटक कर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर 77 स्थित इलाइट होम नामक सोसाइटी में काम करने वाली घरेलू सहायिका ने अपने फ्लैट मालिक के घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को हिरासत में लेकर परिजनों को सोप दिया गया है। सेक्टर. 113 थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार प्रजापति ने बताया कि सोरखा गांव में रहने वाली 18 वर्ष की सपना इलाइट होम सोसायटी में रहने वाले राहुल के घर पर काम करती थी। सोमवार सुबह को वह उनके घर पर काम करने आई। उसी दौरान सपना ने अज्ञात कारणों के चलते अपने मालिक के घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर की है।

वहीं दूसरा मामला नोएडा के सेक्टर. 63 थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। इसमें पेड़ की डाल से लटक कर युवक ने आत्महत्या अंजाम दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक व्यक्ति ने पेड़ की डाल से फंदा लगाकर आत्महत्या की है। थाना प्रभारी अमित कुमार मान ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान दिलीप निवासी मकनपुर इंदिरापुरम गाजियाबाद के रूप में हुई है। मृतक मूल रूप से बिहार का रहने वाला था, फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# तीसरी बार भी नहीं हो पाया महापौर का चुनाव

## एल्डरमैन को वोट देने की अनुमति को लेकर भारी हंगामा, अगली तारीख तक सदन स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


हंगामे के बाद भी आम आदमी पार्टी के पार्षद, विधायक और सांसद सदन में काफी देर डटे रहे।

दिल्ली एक बार फिर अपने महापौर से वंचित रह गई। पिछले एक महीने में यह तीसरा मौका है जब दिल्ली नगर निगम सदन की बैठक शोर-शराबे की वजह से स्थगित हो गई और मेयर का चुनाव नहीं हो सका।

मनोनीत सदस्यों को मेयर चुनाव में वोट डालने की अनुमति देने के बाद यह सारा हंगामा मचा। कुछ ही देर में हंगामा इतना बढ़ा कि सदन की पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने अगली तारीख तक सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। इससे पहले जब सदन की कार्यवाही करीब 1 घंटे विलंब से शुरू हुई तब सत्या शर्मा ने ऐलान किया कि महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव एक साथ किया जाएगा।

एल्डरमैन को इन सभी चुनावों में मतदान करने की अनुमति रहेगी। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। आप नेता मुकेश गोयल ने कहा कि एल्डरमैन वोट नहीं डाल सकते हैं। इसके बाद हंगामा बढ़ता देख पीठासीन अधिकारी को सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। वहीं प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक बार फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं एवं पार्षदों ने पीठासीन अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना की। उनके निर्देश के बावजूद दो नामांकित विधायक जो सजायाफता हैं सदन से उठ कर नहीं गये और मनोनीत पार्षदों के वोट के अधिकार पर आम आदमी पार्टी ने फिर विरोध किया। सचदेवा ने कहा है कि यह सार्वजनिक तौर पर ज्ञात है कि वर्ष 2016 में आया दिल्ली उच्च न्यायलय का एक आदेश स्पष्ट रूप से कहता है कि नामांकित पार्षद भी सदन के सदस्य होंगे और निगम की सर्वोच्च स्थायी समिति तक के चुनाव लड़ सकेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जब न्यायलय उनको स्थायी समिति तक का चुनाव लड़ने का अधिकार दे चुका है तो फिर वह मतदान क्यों नहीं कर सकते।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मेयर चुनाव के दौरान भाजपा पार्षदों द्वारा बार-बार हो रहे से यह साबित हो गया है कि भाजपा न तो देश के कानून का पालन करती है और न ही संविधान का। ये सिर्फ दादागिरी से सदन चलाना चाहते हैं। एमसीडी चुनावों के 2 महीने बाद भी अपनी गुंडागर्दी से भाजपा मेयर का चुनाव नहीं होने दे रही है। दिल्ली की जनता ने आप को एमसीडी में पूर्ण बहुमत दिया फिर भी भाजपा अफसरों से एमसीडी चलवा रही है। भाजपा को पता है आप का मेयर बना तो भाजपा के 17 सालों का भ्रष्टाचार सबके सामने आ जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी नियम, कानून, संविधान और एलजी का नोटीफीकेशन के अनुसार पहले मेयर का चुनाव होता है फिर मेयर की अध्यक्षता में डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमिटी के सदस्यों का चुनाव होता है लेकिन पीठासीन अधिकारी ने गैरकानूनी तरीके से तीनों चुनाव इकठ्ठा करने का निर्देश दिया।

इस पर भी आप पार्षद शांत रहे क्योंकि उन्हें पता था कि भाजपा की बेईमानी के बाद भी आप का ही मेयर बनेगा क्योंकि दिल्ली की जनता ने सदन में आम आदमी पार्टी को पूरी बहुमत से चुनकर भेजा है लेकिन फिर भाजपा ने हंगामा करते हुए मेयर चुनाव टालने के लिए एक बार फिर सदन को स्थगित करवा दिया। इस बीच प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने भी संवाददाता सम्मेलन में कहा है उनके संज्ञान में आया है कि हाल ही में खुद दिल्ली नगर निगम प्रशासन के मांगने पर देश के एक सर्वोच्च कानून अधिकारी ने यह सलाह दी है कि नामांकित पार्षदों को महापौर, उप महापौर आदि के चुनाव में मतदान का अधिकार है।

सम्भवत: इसी कानूनी सलाह को समझते हुये ही दिल्ली नगर निगम बैठक की पीठासीन अधिकारी ने निर्णय लिया कि मनोनीत निगम पार्षद मतदान कर सकते हैं। यह समझ से परे है कि आखिर आम आदमी पार्टी न कानूनी सलाह को मानेगी न पीठीसीन अधिकारी की सुनेगी तो फिर दिल्ली को महापौर कैसे मिलेगा।

### सुप्रीम कोर्ट फिर जाएगी आप

**नई दिल्ली।** आप विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा बार-बार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।



भाजपा के हंगामे और सदन में कई असंवैधानिक गतिविधियों के बावजूद आप के पार्षद खामोश रहे लेकिन फिर भी पीठासीन अधिकारी ने सदन को भंग कर दिया। हमारी आप की उम्मीद सुप्रीम कोर्ट से है। अब वही संविधान और डीएमसी एक्ट को लागू करा सकती है। ज्ञात हो कि दूसरी बार मेयर चुनाव टलने के बाद आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। मगर उपराज्यपाल से नई तारीख मिलने के बाद आप ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी अर्जी वापस कर ली थी।

## नगर निगम का चुनाव टलना लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के छह सदस्यों का चुनाव कराने को लेकर सोमवार को हुई दिल्ली नगर निगम सदन की तीसरी बैठक भी बेनतीजा रही। इस मुद्दे पर दिल्ली कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और भाजपा को हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा और आप की अवसरवादी सोच और सत्ता की लालच के चलते मेयर चुनाव तीसरी बार टलना, लोकतंत्र की हत्या है। स्पष्ट बहुमत होने के बावजूद भी मेयर नहीं होना दोनों पार्टियों द्वारा जनता के मत का अपमान है। कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा की खींचातनी और मनमानी के कारण निगम के मेयर चुनाव का तीसरा प्रयास खत्म करके दोनो दलों ने लोकतांत्रिक नियमों और सदन की मर्यादाओं की धज्जियां उढ़ा दी है। दो महीने हो गए निगम चुनाव के परिणाम आए इसके बावजूद दोनों पार्टियों के पार्षदों द्वारा सदन में पीठासीन अधिकारी की मौजूदगी में एक दूसरे को अपशब्द कहना और शोर-शराबे करके चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के कारण एक बार फिल टल गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मेयर चुनाव से दूर रहने के अपने फैसले पर अडिग है।

## संक्षिप्त समाचार


आभूषण शोरूम का उद्घाटन फीता काटती अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा।

### मलाइका अरोड़ा ने किया शोरूम का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा राजधानी दिल्ली के प्रसिद्ध मार्केट साउथ एक्सटेंशन पार्ट 1 में वीसीजे ज्वलेर्स शोरूम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके चाहने वालों ने उनके एक झलक के लिए घंटों इंतजार करते दिखे। सफेद पोशाक में मलाइका अरोड़ा ने आभूषण शोरूम का उद्घाटन फीता काट कर किया। वीसीजे के डायरेक्टर दिनेश वर्मा ने कहा कि हमारे यहां बेहतरीन हीरे और प्राचीन स्वर्ण आभूषणों के साथ-साथ कुंदन, पोल्की और जड़ाऊ के गहनों का समृद्ध संग्रह है जो हर वर्ग को पसंद आएगा। निदेशक सुलिश वर्मा ने कहा कि वीसीजे पिछले चार दशकों से अपने ग्राहकों विशिष्ट सेवा प्रदान कर रहा है।

### दिल्ली चिकित्सा परिषद के पुनर्गठन की मांग



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश की एक बैठक राष्ट्रीय महासचिव डॉ सैयद अहमद खान की अध्यक्षता में दरियागंज स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के पुनर्गठन में हो रही देरी और उपनिदेशक यूनानी के पद पर नियुक्ति में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की गई। डॉक्टर संजय धींगरा ने निदेशक आयुष पर आरोप लगाया है कि वह यूनानी और आयुर्वेद को बांटने की कोशिश में लगे हुए हैं। हकीम अजमल खान के जरिए स्थापित आयुर्वेद एंड युनानी तिब्बिया कॉलेज करोल बाग में आयुर्वेद और यूनानी का अलग-अलग प्रिंसिपल नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई है। हकीम अजमल खान की वसीयत थी कि एक ही कैंपस में आयुर्वेद और यूनानी की शिक्षा दी जाए और दोनों पद्धतियों को एक साथ फलने फूलने का मौका दिया जाए लेकिन उनकी वसीयत को दरकिनार किया जा रहा है।

## अडाणी मुद्दे पर कांग्रेस का एलआईसी व एसबीआई कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन


बैनर लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- प्रधानमंत्री वित्तीय अनियमितताओं पर संसद में बयान देकर निवेशकों को भरोसा दें

केंद्र सरकार द्वारा अदाणी समूह को क्रोनी कैपिटलिज्म द्वारा बढ़ावा देने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सभी जिला कमेर्टियों के क्षेत्र में एलआईसी और एसबीआई कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने कथित घोटाले की जेपीसी से जांच कराने और प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री से इस संकट से उत्पन्न वित्तीय अनियमितताओं पर संसद में अपना बयान देकर निवेशकों को भरोसा देने की मांग की है। साथ ही अडानी समूह की जांच कराओ, एलआईसी-एसबीआई के निवेशकों की सुरक्षा की जाए आदि नारे लगाए। प्रदेश कांग्रेस के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अडानी ग्रुप के धराशायी होने पर केंद्र सरकार की चुप्पी पर मांग की कि इसकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश या एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के तहत एक निष्पक्ष जांच हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में विस्तार से जांच की जाए।

यह भी मांग की गई कि एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों के अड़ानी समूह में जबरदस्ती निवेश पर संसद में चर्चा की जानी चाहिए और निवेशकों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग के खुलासे के बाद इसके निवेशकों में अपनी निवेश राशि को खोने के डर से भयभीत हैं, विशेषकर एलआईसी और एसबीआई में अपनी पूंजी को लेकर देश भर में उथल पुथल का माहौल है।

## महिला कबड्डी खिलाड़ी से दुष्कर्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- फोटो लीक करने की धमकी देकर 43 लाख ऐंठने का आरोप

महिला कबड्डी खिलाड़ी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बाबा हरिदास नगर में अपने कोच के खिलाफ दुष्कर्म और ब्लैकमेल कर उगाही करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि महिला खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह द्वारका के बाबा हरिदास नगर थाने में कोच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई और सोमवार को जांच में शामिल हुई। खिलाड़ी का भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-164 के तहत अदालत के समक्ष बयान दर्ज किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, महिला खिलाड़ी ने अपनी शिकायत में कहा कि वर्ष 2012 में वह दिल्ली के मुंडका के नजदीक हिरणकुदना में कबड्डी की तैयारी कर रही थी।

वर्ष 2015 में उसके कोच ने बिना सहमति उसके साथ यौन संबंध बनाए। उन्होंने शिकायत के हवाले से बताया कि पीड़िता ने कोच पर आपराधिक धमकी देने का भी आरोप लगाया है। अधिकारी ने कहा, पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2018 में आरोपी ने पुरस्कार राशि में से हिस्सा मांगा और इसके बाद उसने कोच के बैंक खाते में 43.5 लाख रुपए हस्तांतरित किए। कोच की पहचान जोगिंदर के रूप में हुई है। वर्ष 2021 में शिकायतकर्ता का विवाह हुआ जिसके बाद आरोपी ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और निजी तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी देने लगा। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा-376 (दुष्कर्म) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दौरान सोमवार को पीड़िता (खिलाड़ी) जांच में शामिल हुई और सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अदालत में उसका बयान दर्ज किया गया। फरार कोच को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया है।

## नर्सरी दाखिले के लिए दूसरी सूची जारी

- अभिभावकों ने बच्चे का नाम देखते ही तुरंत ही स्कूलों का किया रुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के 1700 से अधिक निजी स्कूलों ने सोमवार को ऑलाइन व ऑफलाइन माध्यम से नर्सरी, केजी और पहली में दाखिले के लिए चयनित छात्रों की दूसरी सूची जारी कर दी। दूसरी सूची जारी होने के बाद अभिभावकों ने अपने बच्चों का नाम देखते ही तुरंत ही स्कूलों का रुख किया। दाखिले से संबंधित सभी दस्तावेज लेकर स्कूल पहुंचे अभिभावकों ने बताया कि उनके बच्चे का पहली सूची में नाम नहीं आया था।

दूसरी सूची में जिस स्कूल में नाम आया है वो मनपसंद स्कूल नहीं है, लेकिन फिर भी दूसरी सूची में जिस स्कूल में नाम आया है वहां पर दस्तावेज जमा कर दाखिला लेंगे। वहीं कई स्कूलों में पहली सूची के बाद ही दाखिला प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। आईटीएल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सुधा आचार्य ने मीडिया से बातचीत में बताया, पहले ही ड्रॉ में सभी 142 सीट भर गई थीं। सिर्फ कुछ ही रिक्तियां थीं, जिसके कारण सोमवार को जारी दूसरी सूची में सिर्फ पांचाछह नामों को जगह मिली है। उन्होंने पांच छह नामों की प्रतीक्षा सूची भी जारी की है। स्कूल की पहली सूची 20 जनवरी को जारी हुई थी।

उन्होंने बताया कि ड्रॉ में 90 या उससे ज्यादा प्वाइंट पाने वाले छात्रों को पहली सूची में सीधा दाखिला दे दिया गया। कुल 190 सीट हैं, जिनमें से 25 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्ल्यूएस) तबके के लिए आरक्षित हैं। जिन छात्रों को 90 या उससे ज्यादा प्वाइंट मिले हैं, उन्हें दो सप्ताह पहले जारी पहली सूची में सीधा दाखिला मिल गया है। लॉटरी की वीडियोग्राफी कराई गई है और उसका पूरा वीडियो फुटेज स्कूल के पास उपलब्ध है।

ड्रा के लिए पर्ची को डब्बे में डालने से पहले उसे अभिभावकों को दिखाया गया। नियमानुसार, 31 मार्च, 2023 को नर्सरी में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र कम से कम चार साल, किंडरगार्टन में दाखिले के लिए पांच साल और पहली कक्षा में दाखिले के लिए छह साल होनी चाहिए।

## जंतर-मंतर के यंत्रों की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करे एएसआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को यहां जंतर-मंतर के यंत्रों की कार्यक्षमता की स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा अदालत के सितंबर 2010 के आदेश का कथित रूप से पालन नहीं करने के लिए प्राधिकारों के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। आदेश के समय एएसआई ने यह वचन दिया था कि जंतर-मंतर को उसकी क्षमता के अनुसार उसके मूल गौरव को बहाल किया जाएगा और वहां मौजूद खगोलीय यंत्रों को क्रियाशील बनाया जाएगा।

याचिकाकर्ता ने कहा कि वर्तमान कार्यवाही में मुख्य मुद्दा यह है कि जंतर-मंतर के यंत्र सक्रिय स्थिति में नहीं हैं और 12 साल बीत जाने के बावजूद चीजें बदली नहीं हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए, उच्च न्यायालय ने 20 जनवरी को एक आदेश पारित हुआ जिसमें एएसआई को चार सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

## उपराष्ट्रपति बता नौकरशाहों से काम निकलवाने वाले दो धरे

- उपराष्ट्रपति की फोटो इस्तेमाल कर फर्जी व्हाट्सऐप खाता बनाया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



साइबर सेल ने खुद को उपराष्ट्रपति के तौर पर पेशकर वरिष्ठ नौकरशाहों को प्रभावित कर काम निकलवाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी उपराष्ट्रपति की फोटो लगे व्हाट्सएप अकाउंट के जरिए सीनियर आईएएस अधिकारी से बातचीत कर रहे थे। आरोपी की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर हुई है। वहीं आरोपी को भारतीय व्हाट्सएप नंबर देने वाले उसके सहयोगी अश्विनी कुमार को भी पुलिस ने पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी गगनदीप सिंह जम्मू का रहने वाला है। सिंह को उप राष्ट्रपति का स्वांग रच धोखाधड़ी की प्रेरणा कई यूट्यूब वीडियो देखने के बाद मिली। इस मामले में उसके साथी 29 वर्षीय अश्वनी कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है जिसने सिंह को फर्जी व्हाट्सऐप खाता बनाने के लिए ओटीपी या वन टाइम पासवर्ड दिया था। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि उप राष्ट्रपति की तस्वीर के साथ फर्जी व्हाट्सऐप खाता बनाने से पहले सिंह ने कई यू ट्यूब वीडियो देखे और इंटरनेट के जरिए कई सरकारी अधिकारियों के संपर्क नंबर एकत्र किए। उन्होंने बताया, इसके बाद उसने अपने साथी से भारतीय मोबाइल नंबर से व्हाट्सऐप खाता बनाने के लिए ओटीपी प्राप्त किया।

व्हाट्सऐप खाता बनाने के बाद उसने उप राष्ट्रपति की तस्वीर प्रोफाइल तस्वीर के तौर पर लगाई और इस खाते का इस्तेमाल कर वरिष्ठ अधिकारियों को संदेश भेजा ताकि उनसे लाभ प्राप्त किया जा सका।

# आप सरकार ने लगाया दिल्ली-पानीपत आरआरटीएस में अड़ंगा: पुरी

## केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने राज्यसभा में कहा- दिल्ली ने परियोजना के लिए वित्तीय सहायता पर मंजूरी नहीं दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली एनसीआर में रैपिड ट्रेन रफ्तार पकड़े इसके लिए केंद्रीय बजट में रीजनल रेल ट्रांजिट सिस्टम के लिए अच्छा बजट आवंटित किया गया है। इसके बावजूद दिल्ली सरकार दिल्ली-एसएनबी (शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड) और दिल्ली-पानीपत क्षेत्रीय रैपिड परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) गलियारों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर सहमत नहीं हुई है।

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राज्यसभा को बताया यह बात बतायी। पुरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उच्च सदन को बताया कि मंजूरी के अभाव में दोनों गलियारों को केंद्र सरकार ने मंजूरी नहीं दी है, इसलिए गलियारों के पूरा होने में देरी का सवाल ही नहीं उठता। राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने सवाल पूछा था कि अलवर-दिल्ली-पानीपत रैपिड रेल परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और क्या परियोजना के पूरा होने में देरी हो रही है। पुरी ने इसके जवाब में कहा, दिल्ली-पानीपत क्षेत्रीय परिवहन प्रणाली कॉरिडोर के लिए हरियाणा सरकार के अनुमोदन और वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और दिल्ली-एसएनबी आरआरटीएस कॉरिडोर, जो दिल्ली-अलवर आरआरटीएस कॉरिडोर का हिस्सा है, के लिए हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ अनुमोदन प्राप्त हो गया है। हालांकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सहमति प्रदान नहीं की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआईपीबी) ने दो अन्य आरआरटीएस कॉरिडोर की पहचान की है। इनमें हरियाणा राज्य से गुजरने वाले दिल्ली-फरीदाबाद बल्लभगढ़-पलवल और दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक शामिल है। रेल मंत्रालय ने सूचित किया है हरियाणा राज्य से गुजरने वाली दो परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किए गए हैं। इनमें दिल्ली-आगरा एलिवेटेड हाई स्पीड आरआरटीएस और दिल्ली-रेवाड़ी-जयपुर (220 किलोमीटर प्रति घंटा) आरआरटीएस शामिल है।

आरआरटीएस परियोजनाओं को लागू करने वाले एनसीआरटीसी के अनुसार, दिल्ली-पानीपत आरआरटीएस कॉरिडोर का उद्देश्य दिल्ली को हरियाणा के मुरथल, गन्नौर, समालखा और पानीपत जैसे शहरों से जोड़ना है। मुरथल डिपो स्टेशन सहित 17 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर की कुल लंबाई 103 किलोमीटर होनी है। कॉरिडोर सराय काले खां से शुरू होगा और पानीपत डिपो पर समाप्त होगा।

दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी-अलवर आरआरटीएस कॉरिडोर के बारे में एनसीआरटीसी के एक अधिकारी ने कहा कि कॉरिडोर हरियाणा और राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। इससे दिल्ली और गुरुग्राम से मानेसर, बावल और नीमराना के क्षेत्रों में आने-जाने वाले यात्रियों की उत्पादकता में वृद्धि होने की उम्मीद है। कॉरिडोर का निर्माण मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे किया जाना है, जो तीन चरणों में किया जाएगा।

पहले चरण के तहत, दिल्ली में सराय काले खां से एसएनबी अर्बन कॉम्प्लेक्स (शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़) तक 107 किलोमीटर का निर्माण किया जाएगा, जो बावल (हरियाणा) से ठीक आगे है। यह गुरुग्राम, मानेसर, पंचगांव, रेवाड़ी जैसे विभिन्न क्षेत्रीय नोड्स को कवर करेगा। दूसरे चरण के तहत इस लाइन को एसएनबी से सोतानाला (33.3 किमी) तक बढ़ाया जाएगा, जिसके बीच में शाहजहांपुर, नीमराना और बहरोड़ होंगे। तीसरे चरण के तहत एसएनबी से अलवर (58 किमी) विस्तार प्रस्तावित है।

## रंग महोत्सव के दौरान दिल्ली में देख सकेंगे 10 चुनिंदा नाटक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- 22वां रंग महोत्सव 14 से 26 फरवरी तक चलेगा

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) ने दिल्ली और नौ अन्य शहरों में 14 फरवरी से 22वें भारत रंग महोत्सव की शुरुआत किए जाने की घोषणा की है, जिस दौरान 80 से अधिक नाटकों का मंचन किया जाएगा।

दिल्ली में करीब 10 पारंपरिक नाटकों का मंचन किया जाएगा। मशहूर बांग्ला नाटक जगन्नाथ का मंचन कोलकाता स्थित थिएटर समूह चेतना द्वारा दिल्ली में किए जाने के साथ वार्षिक अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव की शुरुआत होगी। इसमें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कई तरह के नाटकों का मंचन किया जाएगा। एनएसडी निदेशक प्रो. रमेश चंद्र गौड़ ने सोमवार को बयान में कहा कि हमने अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियों सहित 960 प्रविष्टियों में से चयनित कर कुछ बेहतरीन नाटकों की सूची बनाई है। कोविड-19 महामारी फैलने के कारण हमें सुरक्षा कारणों से विदेशी प्रतिभागियों के लिए आमंत्रण प्रक्रिया रोकनी पड़ी थी। दिल्ली के अलावा, जयपुर, राजमुंद्री, रांची, गुवाहाटी, जम्मू, श्रीनगर, भोपाल, नासिक तथा केवडिया में भी 13 दिवसीय यह महोत्सव चलेगा। महोत्सव में अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषाओं के नाटकों का मंचन किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 फरवरी, 2023



# लिव इन रिलेशन में रहने वाले युवक पर चाकू से हमला

### लिव इन पार्टनर को देता था पूरा वेतन, अधिक पैसों की मांग करती थी नहीं देने पर बुरी तरह पीटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**गुरुग्राम** निवासी युवक ने लिव इन रिलेशन में रहने वाली युवती पर उसके भाइयों से पिटवाने का आरोप लगाते हुए भोंडसी थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। गुरुग्राम के जैखमपुरा निवासी हिमांशु ने भोंडसी पुलिस को बताया कि वह भोंडसी की स्नेह विहार कॉलोनी में एक युवती के साथ लिव इन रिलेशन में रहता है। वह अपनी सारी कमाई अपनी लिव इन पार्टनर को ही देता रहा है।

21 जनवरी को पार्टनर ने पहले उसके साथ झगड़ा किया। वह हिमांशु से और पैसे मांग रही थी। पैसे न होने पर उसने मना कर दिया। इसी बात को लेकर पार्टनर ने झगड़ा शुरू कर दिया। झगड़े की आवाज सुनकर उसकी लिव इन पार्टनर के दो भाई, परिवार की दो महिला सदस्य और एक युवक भी वहां आ गए। आरोप है कि सबने मिलकर उसकी वाइपर, बैट, बेल्ट से जमकर पिटाई की और चाकू से भी हमला किया। पीड़ित के मुताबिक उसकी लिव इन पार्टनर और उसके भाइयों ने उसे जान से मारने का प्रयास किया लेकिन किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भाग निकला। गंभीर हालत में गुरुग्राम के सेक्टर-10 के नागरिक अस्पताल में दाखिल हुआ। पीड़ित ने अपनी मौसी और भाई को फोन पर आपबीती सुनाई तो वह मदद के लिए अस्पताल पहुंचे। हमलावरों के डर से उसकी अस्पताल से छुट्टी कराके कहीं और उपचार कराने के लिए ले गए। पुलिस ने सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल से शनिवार को मिली मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हिमांशु से बयान लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस न जांच शुरु कर दी हैं।

## रा.प्रा. विद्यालय सेक्टर-23 में निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर



**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा सेक्टर 23 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को बार-बार होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी।

शिविर में 200 से अधिक बच्चों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीतिका शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू बांगड़ के नेतृत्व में आयुष आपके द्वार प्रोग्राम के अंतर्गत महीने में दो निशुल्क कैंप का आयोजन कर रहा है।

शिविर में स्कूली बच्चों को अच्छी आदतों के बारे में जागरूक कर उन्हें दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन की पद्धति बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में प्राणायाम के फायदे बताने के साथ ही बच्चों को खांसी-जुखाम और कृमि नाशक होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में आयुष विभाग से होम्योपैथिक डिस्पेंसर जगदीश रजनी, उदय सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान पवन कुमार, हरीश शर्मा, सुरेंद्र, ब्रह्मानंद, शिखा दलाल, सीमा, अनीता, सुमन, सरिता व अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर के मंदिरों में मनाई गई संत गुरु रविदास की जयंती



**सोहना।** संत गुरु रविदास की जयंती रविवार को शहर के अलग-अलग स्थानों पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहर में बने रविदास मंदिरों में प्रसाद वितरण किया गया। संत गुरु रविवदास की जयंती शहर के करीब आधा दर्जन मंदिरों में मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में वक्ताओं ने संत गुरु रविवदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनकी बताई राह पर चलने की प्रेरणा दी। युवाओं को संत गुरु के जीवन में आई कठिनाइयां और समाज को दिए गए ज्ञान की जानकारी दी गई। शहर के वार्ड नंबर 17, तावडू जाने वाले मार्ग पर घाटी में बना मंदिर, हरिनगर सहित अन्य कई स्थानों पर जयंती मनाई गई।

### दबंगों ने दो सगे भाइयों को पीटा

**सोहना।** भोंडसी एलिवेटेड मार्ग पर दो सगे भाइयों को अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर आए 8-9 युवकों ने लात-घूंसे और डंडो से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। दोनों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। भोंडसी पुलिस ने चार नामजद समेत 9 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोहना के वार्ड-3 में रहने वाले प्रवीण कुमार राघव ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को समय करीब साढ़े नौ बजे भोंडसी बस स्टैंड के निकट एलिवेटेड मार्ग स्पाईस कॉर्नर पर खड़ा था। उसका भाई नवीन राघव गुरुग्राम से क्रेटा गाड़ी से आ रहा था। उसके पास बाइक होने के कारण अपनी क्रिकेट किट को गाड़ी में रखना चाह रहा था। कुछ समय के बाद उसका भाई नवीन उसके पास पहुंचा और क्रिकेट किट को रखने के लिए गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। उसी समय एक गाड़ी आकर रुकी। जिसमें 3 युवक सवार थे। गाड़ी में से मनोज और गौरव नीचे उतरकर उनके पास आए। आरोप है कि उन्होंने शराब पी हुई थी और दोनों भाइयों को पीटना शुरु कर दिया। मनोज ने फोन करके 4-5 अन्य युवकों को भी मौके पर बुलाया। जिनमें से पंकज और अजय को वह जानता है। सभी युवकों ने दोनों भाइयों को जबरदस्त तरीके से पीटते हुए अधमरा कर दिया। झगड़ा होता देख आस पास से गुजरने वाले नागरिकों ने आकर उन्हें बचाया। भोंडसी पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### गाड़ी बेचने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ठगने का आरोप

**सोहना।** गुरुग्राम निवासी की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने बाईखेड़ा के युवक के खिलाफ धोखाधड़ी करके ब्रेजा गाड़ी को बेचने का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने गाड़ी मालिक पर करीब 7 लाख रुपये का फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आगामी कार्रवाई शुरु कर दी है। गुरुग्राम सेक्टर-5 के अशोक विहार कॉलोनी में रहने वाले अमर राऊत ने सदर थाना पुलिस सोहना को बाईखेड़ा निवासी सोनू अवाना के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। अमर राऊत ने पुलिस को बताया कि उसने 12 मई 2022 को सोनू से ब्रेजा गाड़ी खरीदी थी। गाड़ी खरीदते समय उसने सोनू को 3.71 लाख रुपये ऑनलाइन अदा किए थे। जबकि 3.29 लाख रुपये उसके घर गांव बाईखेड़ा में नकद दिए थे। अमर राऊत ने बताया कि सोनू ने गाड़ी बेचते समय उसे बताया कि उसका गाड़ी पर 2.50 लाख रुपये का ऋण बकाया है। यह बकाया ऋण मुझे भरना था। लेकिन जब उन्होंने फाइनेंस कंपनी के सेक्टर 12 गुरुग्राम कार्यालय में ऋण की जानकारी लेने गया। वहां फाइनेंस कंपनी से पता चला कि सोनू ने मात्र 5 किस्त ही जमा कराईं थीं। जबकि 9 फरवरी 2022 को अदालत ने सोनू को गाड़ी पर लिया गया कर्ज की 7.533 लाख रुपये बकाया राशि जमा करने के आदेश जारी किए थे। अमर राऊत ने पुलिस को बताया कि सोनू अवाना ने उसके साथ जालसाजी करते हुए धोखे से अपनी गाड़ी उसे बेची है। उससे गाड़ी बेचने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का काम किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### खुर्रमपुर खेड़ा गांव के अंकित सिविल सेवा परीक्षा में चयनित



**गुरुग्राम।** जिला के गांव खुर्रमपुर खेड़ा निवासी सुरेन्द्र कुमार के सुपुत्र अंकित कुमार ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होकर परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारी एवं समाजसेवी सुखबीर तंवर ने अंकित कुमार व उनके परिवार को इस सफलता की बधाई दी। अंकित कुमार ने ग्रामीण परिवेश में रहकर बाहरवीं तक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात एनआईटी कुरुक्षेत्र से बी.टेक (आईटी) किया। इसके बाद आयकर विभाग में निरीक्षक चयनित होने के उपरांत भी लगन और गंभीरता से कड़ी मेहनत जारी रखी। कठोर परिश्रम से हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी) में चयनित होकर युवाओं के लिए आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। दिल्ली पुलिस के पूर्व अधिकारी एवं समाजसेवी सुखबीर तंवर ने कहा है कि ग्रामीण परिवेश में रहकर होनहार नौजवान अंकित कुमार ने संघर्ष सदैव सक्षम की विचारधारा को चरितार्थ किया है। उन्होंने अंकित के परिश्रम और लगन के दृष्टिगत आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस ओजस्वी नौजवान को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में सफल होकर भारतीय प्रशासनिक सेवा में भी चयन का अवसर अवश्य प्राप्त होगा। उनके द्वारा संचालित स्वयं सेवी संस्था इंदिरा फाउंडेशन ने क्षेत्र के उदयीमान सितारे की ऐतिहासिक उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में गुरुग्राम विवि के छात्रों को मिली नौकरी



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 6 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है। इस अवसर पर इंजीनियरिंग विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक ने बताया कि सभी कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों का चयन 3 राउंड में हुए साक्षात्कार के आधार पर किया गया। छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ इस प्रक्रिया में भाग लिया, परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के 6 छात्रों का चयन किया गया। इनमें विकास का ईको-मेल में प्रतीक का योमा टेक्नोलॉजीज में प्रकृति का कॉन्सेट ओराही में तथा योगेश का एलपी इंटीग्रेटेड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में, उज्जवल का ऑल फ्रेंड्स स्टूडियो में सचिन यादव का सीओजी डिजिटल में प्लेसमेंट हुआ है। सभी छात्रों को 4.5 से 6 लाख सालाना पैकेज प्राप्त होगा। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने चयनित छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय में रोजगारपरक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को नौकरी दिलाने पर फोकस किया जा रहा है। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में कंपनियों को कैंपस प्लेंसमेंट के दौरान रोजगारपरक व बाजार की मांग के अनुरूप जानकारी वाले छात्र-छात्राएं आसानी से मिल रहे हैं।

## गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद में बनेंगे बीजेपी के मेयर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**गुरुग्राम,** मानेसर और फरीदाबाद नगर निगम के चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से तैयार है। मनोहर सरकार के पिछले आठ साल के विकास कार्यों से हरियाणा की जनता खुश है और माहौल भाजपा के ही पक्ष में है।

भाजपा हरियाणा के प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश की जनता कांग्रेस को पहले ही नकार चुकी है। आम आदमी पार्टी का हरियाणा में कोई जनाधार नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास के मुद्दों और संगठन के दम पर तीनों शहरों में भाजपा के ही मेयर बनेंगे और लगभग सभी वार्डों में भाजपा का परचम लहराएगा। भाजपा मीडिया प्रमुख ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी बूथों तक संगठन की रचना पहले से ही कर ली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं की ड्यूटी प्रभारी के नाते इन नगर निगमों में लगाई हुई है।

गुरुग्राम में कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता, मानेसर में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा और फरीदाबाद के करनाल के सांसद संजय भाटिया को कमान सौंपी है। इन तीनों नेताओं के नेतृत्व में पार्टी तीनों नगर निगमों में अपना बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी और बहुमत से जीत हासिल कर अपने मेयर बनाने में सफल रहेगी।

## जेजेपी की निगम चुनावों पर 10 दिन में जारी हो सकती है प्रत्याशियों की सूची

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** में गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद नगर निगम में होने वाले चुनाव को लेकर जननायक जनता पार्टी तैयारियों में जुट गई है। जेजेपी द्वारा जहां फील्ड में तैयारी जारी है तो वहीं शीर्ष नेता मंथन करके चुनावी रणनीति तैयार करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सोमवार को दिल्ली में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में गुरुग्राम जिले के तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में जेजेपी द्वारा गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं की ड्यूटियां लगाते हुए दो कमेटियों का गठन किया गया। यह दोनों चुनावी समितियां गुरुग्राम और मानेसर में वार्ड स्तर पर पहुंचेगी और आगामी 10 दिनों में पूरी जानकारी के साथ संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी और आगामी बैठक में यह रिपोर्ट पार्टी के शीर्ष नेताओं के समक्ष पेश करेगी।



गुरुग्राम में जेजेपी नेताओं, कार्यकर्ताओं की निगम चुनावों को लेकर बैठक लेते उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

**ये संभालेंगे गुरुग्राम निगम चुनाव की कमान :** पार्टी द्वारा गुरुग्राम नगर निगम की चुनावी कमेटी में वरिष्ठ नेता डॉ. केसी बांगड़, अनंतराम तंवर, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, चेयरमैन सुमित राणा, पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद, चेयरपर्सन कमलेश सैनी, दलबीर धनखड़, जिला प्रधान ऋषि राज राणा, बृज शर्मा, अशोक शेरवाल, उपेंद्र कादियान को शामिल किया गया है। इनके अलावा इनसो राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल, वरिष्ठ नेता अजय गुलिया, संजय दलाल, संजय कबलाना, राजेश सैनी, राव रमेश पालड़ी, योगेश हिलालपुर, अमन अहमद, संजय मनोचा, अख्तर तावडू, राकेश बिलासपुर और शैलेश खटाना भी गुरुग्राम नगर निगम चुनाव की कमान संभालेंगे।

**मानेसर निगम चुनावों में इनकी लगाई ड्यूटी :** वहीं मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर पार्टी ने कमेटी का गठन करते हुए चेयरमैन पवन खरखौदा, पूर्व विधायक गंगाराम, पूर्व विधायक रामेश्वर दयाल, दलबीर धनखड़, ऋषिराज राणा, अभिमन्यु राव, अशोक चंदू, सुनील चौधरी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी दीपचंद, श्याम सुन्दर सभरवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान, राजेश बलेवा, विजय पंच, रामफल कोसलिया को जिम्मेदारी सौंपी है।

## एसजीटी में होगी नैदानिक मनोवैज्ञानिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन

**गुरुग्राम।** उभरती चुनौतियों का सक्रिय रूप से जवाब देने और उससे निपटने की क्षमता विकसित करने की दिशा में तेजी से कदम उठाते हुए एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम 10 से 12 फरवरी, 2023 तक नैदानिक मनोवैज्ञानिकों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है।

नैदानिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी पेशेवर इस आयोजन के लिए देश एसजीटीयू में एकत्रित होगा। डीन व्यवहार विज्ञान संकाय प्रोफेसर राजबीर सिंह के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में एसजीटी देश में नैदानिक मनोवैज्ञानिकों के लिए प्रशिक्षण के अग्रणी केंद्रों में से एक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद और अन्य संबंधित घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए एफबीएस ने इस सम्मेलन की मेजबानी करने का इरादा व्यक्त किया। जिसके लिए ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट्स ने सहमति दी। सम्मेलन का विषय मनोचिकित्सा और पर्यवेक्षण में हालिया चुनौतियां होगा।

## गुरुग्राम में नवनिर्वाचित पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों का शुरू हुआ प्रशिक्षण



गुरुग्राम में नवनिर्वाचित पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों के प्रशिक्षण शिविर में मंचासीन जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में सोमवार से नवनिर्वाचित पंचायतीराज संस्थाओं के सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। शिविर 18 फरवरी तक जारी रहेगा।

### 18 फरवरी तक खंड वाइज दिया जाएगा प्रशिक्षण

इस शिविर में जिला के सभी सरपंचों, जिला परिषद के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित सभी पंचायत समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को चार बैच में बांटा गया है। प्रत्येक बैच में 50 प्रतिभागियों की संख्या रखी गई है। यह ट्रेनिंग प्रत्येक खण्ड के सदस्यों की तीन-तीन दिन की रहेगी, जिसके लिए चुने गये नवनिर्वाचित सदस्यों को ग्राम सचिवों के माध्यम से अवगत करवाया गया है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि पहले बैच की ट्रेनिंग 6 फरवरी से 8 फरवरी के बीच दी जाएगी। दूसरे बैच को 9 फरवरी से 11 फरवरी, तीसरे बैच को 13 फरवरी से 15 फरवरी तक व अंतिम बैच को 16 फरवरी से 18 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एचआईआरडी नीलोखेड़ी के स्पेशल ट्रेनर्स द्वारा पंचायती राज सदस्यों को ट्रेनिंग दी जायेगी। नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान सभी विभागों की जानकारी की दी जाएगी।

## 22 जिलों के 1076 स्कूलों में व्यवसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों का शुरू हुआ मूल्यांकन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्री विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय ने प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा कौशल मूल्यांकन अभियान शुरू किया है। इसके अंतर्गत राज्य के 1076 स्कूलों के 81 हजार से भी ज्यादा विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया जाएगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग ने इसके लिए 300 प्रशिक्षित लोगों की टीम मैदान में उतारी है। कुलपति राज नेहरू ने इसे कौशल अभियान के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी बताया।

### प्रदेश में अब तक का सबसे बड़ा कौशल मूल्यांकन अभियान

हरियाणा में व्यवसायिक शिक्षा की बुनियाद मजबूत करने के लिए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ढांचा तैयार कर रहा है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 12 सेक्टर में 23 जॉब रोल की व्यवसायिक शिक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा। रोजगार और गुणवत्ता की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा के 81 हजार व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों का मूल्यांकन श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने अपने हाथ में लिया है। 15 दिन में इस अभियान में टीमें अलग-अलग स्कूलों में जाकर इन 81 हजार विद्यार्थियों का उनके व्यावसायिक विषय के हिसाब से मूल्यांकन करेंगी और उन्हें एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। कुलपति राज नेहरू ने बताया कि जबसे हरियाणा में देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है, तभी से प्रदेश में व्यवसायिक शिक्षा के प्रति एक वातावरण बनना शुरू हुआ है और व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इन विद्यार्थियों के लिए स्नातकीय और उससे आगे की शिक्षा के हिसाब से कोर्स डिजाइन कर रहा है। स्कूलों में बढ़ते व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या एक अच्छा संकेत है, जिससे हरियाणा में कुशल मानवीय संसाधनों में बढ़ोतरी होगी। इससे उद्योग को कुशल कामगार और पेशेवर मिलेंगे साथ ही साथ उत्पादकता की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। सरकारी स्कूलों में व्यवसायिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने कई नए कोसज़ डिजाइन किए हैं। यह कोर्स मार्केट की मांग के हिसाब से बनाए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले और इंडस्ट्री को प्रशिक्षित और कुशल कर्मी मिलें।

विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन एवं प्रमाणन विभाग की संयुक्त निदेशक अंबिका पटियाल ने बताया कि इस अभियान को चलाने से पहले हमने 300 से भी ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण दिया। उसके बाद यह टीमें पूरे प्रदेश में भेजी गई हैं। सभी 22 जिलों में यह मूल्यांकन किया जा रहा है। इसी के आधार पर विद्यार्थियों का परिणाम भी तय होगा।

## गुरुग्राम, मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर हुई भाजपा की संगठनात्मक बैठक

### 15 मंडलों के मंडल पालक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और मोर्चों के अध्यक्ष बैठक में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** और मानेसर नगर निगम चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरुकमल में सोमवार को जिला के 15 मंडलों की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर निगम चुनाव के संगठनात्मक प्रभारी भारत भूषण जोयाल भी उपस्थित रहे।

बैठक में बूथ, त्रिदेव और पन्ना प्रमुख को लेकर सभी मंडलों के अध्यक्षों से चर्चा की और एक सप्ताह में पन्ना प्रमुख बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में सोहना के विधायक संजय सिंह, प्रदेश सचिव मनीष यादव, मानेसर मंडल पालक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेश चौहान, महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं सचिव सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नगर निगम चुनावों को लेकर बैठक में बोलती जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी तैयारी कर ली है। भाजपा किसी भी चुनाव को हलके में लेकर नहीं चलती बल्कि उसकी जीत की रूपरेखा पहले ही तैयार कर लेती है। इसी कड़ी में जिला के 15 मंडलों के मंडल पालक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई।

बैठक में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निगम चुनावों की तैयारियों के जुट जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक दृष्टि से संगठन के बूथों पर त्रिदेव एवं पन्ना प्रमुखों की रूपरेखा की तैयारियों को लेकर सभी मंडलों अध्यक्षों से चर्चा की और एक सप्ताह में पूरी तैयारी करने के निर्देश भी दिए।

## गुरुग्राम के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में शुरू हुआ व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह

**गुरुग्राम।** मंडल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम द्वारा सोमवार से जिला के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह की शुरुआत की गई है। 10 फरवरी तक चलने वाले इस मार्गदर्शन सप्ताह में कैरियर विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए उनका मार्गदर्शन किया जाएगा। मंडल रोजगार अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में शैक्षणिक क्षेत्र में प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा स्वयं रोजगार व मेडिकल क्षेत्र में नौकरी व प्रशिक्षण के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुखराली व चकरपुर में उपरोक्त विषयों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में 7 फरवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डूंडाहेड़ा व कार्टरपुरी, 8 फरवरी को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भीम नगर व अर्जुन नगर में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा।

## आक्रमण-4 चलाकर पुलिस ने दबोचे बदमाश, नशीले पदार्थ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अपराधों** की रोकथाम व आरोपियों को काबू करने के लिए चलाए गए विशेष अभियान आक्रमण-4 के तहत गुरुग्राम पुलिस के सभी डीसीपी, एसीपी के नेतृत्व में गुरुग्राम पुलिस की कुल 207 विशेष टीमों (कुल 828 पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों) द्वारा विभिन्न स्थानों पर रेड करके प्रभावी तरीके से कार्यवाही की। इस दौरान कई अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न अपराधों में संलिप्त कुल 207 आरोपियों/अपराधियों को गिरफ्तार किया गया और 77 मुकदमे दर्ज किए गए। अभियान के दौरान हथियार रखने वाले 18 आरोपियों को काबू करके उनके खिलाफ सबन्धित थानों में 18 केस दर्ज किए गए। उनके कब्जे से 18 देशी कट्टा/पिस्टल व 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। अवैध शराब रखने/बेचने वाले 41 आरोपियों को काबू करके उनके खिलाफ 41 केस दर्ज किए गए। उनके कब्जे से 788

### गुरुग्राम पुलिस की 207 टीमों ने चलाया अभियान

बोतल शराब व 60 बोतलें बियर की बरामद की गई। नशीले/मादक पदार्थ रखने/बेचने वालों के खिलाफकार्यवाही करते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा 7 आरोपियों को काबू करके उनके खिलाफ 6 केस दर्ज किए गए। उनके कब्जे से 288 किलो गांजा बरामद किया है। सरेआम/रुपये लगाकर जुआ खेलने/खिलाने वाले 8 आरोपियों को काबू करके उनके कब्जे से 38 हजार 700 रुपये बरामद किए गए। इस विशेष अभियान के दौरान 1 ईनामी बदमाश, हत्या के मामलों में वांछित 5 बदमाश, महिला विरुद्ध अपराधों में वांछित 7 लोग, लूट की वारदातों में वांछित 2, गऊ तस्करी में वांछित 2, छीना-झपटी में वांछित 2, चोरी के मामलों में वांछित 15 आरापियों सहित 1 ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 1 गुमशुदा लड़की को भी सकुशल बरामद किया गया।

# हस्तशिल्प मेले में पहली बार देखने को मिल रहे प्राचीन सिक्के

## अध्यापक का कार्य करने के संग सिक्के बेच रहे हिसार के विजेन्द्र सिंह

कविता। फरीदाबाद

**यूं तो** सूरजकुंड मेला हस्तशिल्प के कारण मशहूर है। लेकिन मेले में हस्तशिल्प के अलावा जुनून और शौकिन कलाकार भी शामिल होते हैं। ऐसा हिसार के मास्टर विजेन्द्र सिंह के स्टॉल पर देखने को मिल रहा है। जहां प्राचीन काल के सिक्के ही सिक्के देखने और खरीदने को मिल रहे हैं।

विजेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी यूनिवर्सिटी में सिक्कों की एग्जीविशन लगा चुके है। ताकि



सिक्के का स्टॉल हैरानी से देखते हुए खरीददार।

विद्यार्थियों को भी सिक्के खरीदने और देखने का मौका मिल सके।

**सिक्के जमा करने का शौक :** मास्टर विजेन्द्र ने बताया कि वह हिसार में सरकारी स्कूल में ड्राइंग के अध्यापक हैं। उनकी पत्नी रजनी अंग्रेजी की प्रवक्ता है। वह बचपन से एक-दो पैसे के सिक्के एकत्रित करते थे। शौक बीच में छुट गया लेकिन 11 साल की नौकरी बाद उन्होंने फिर सिक्के एकत्रित करने शुरू कर दिए। इस दौरान उन्होंने प्राचीन काल के जो सिक्के और नोट बंद हो गए है, वह एकत्रित करके प्रदर्शनी लगानी शुरू कर दी।

**यह सिक्के हैं शामिल:** विजेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके स्टॉल पर 537 रियासतों में से करीब 400 रियासतों के सिक्के मौजूद हैं। जिसमें तीन हजार साल तक के पुराने सिक्के मौजूद है। उन्होंने 8 से 10 सिक्कों का हर देश के सेट बना रखे है। जिसमें 150 रुपये में आजादी के बाद के 10 सिक्के, ब्रिटिज के 10 सिक्के 800 रुपये के और 8 फूटी कौड़ी के दाम उन्होंने 800 रुपये रखे है।

एक रुपये की गड्डी से लेकर आस्ट्रेलिया की करेंसी भी है। जिसमें एक का मुल्य 90 रुपये है। उनके स्टॉल पर अकबर के जमाने 600 साल पुराने, कुसान के समय के ढाई हजार साल पुराने, चौल साम्राज्य के 1000 साल पुराने, डेनेस्टी और हितायु के प्रथम सैंचुरी और कच्छ के 150 साल पुराने सिक्के मौजूद है। वह यहां 10 से 1200 रुपये तक के सिक्के बेच रहे है।


नेपाल, जिम्बाबे और तुर्की समेत अन्य विदेशी नोट ।

**यहां से लाते है सिक्के:** विजेन्द्र सिंह ने बताया कि यह सिक्के नदियों से या फिर पुरानी हवेली टूटने के बाद निकली मिट्टी से मिलते हैं। सभी सिक्के असली है। नौकरी से मिले पैसे से वह अपने इस शौक को पूरा करते हैं। उन्होंने नोट भी एकत्रित किए हैं। जिसमें जिम्बाबे का पांच करोड़ के प्राचीन नोट से लेकर तुर्की का दो लाख 50 हजार का नोट के संग हर देश के नोट शामिल है। इसमें भारत के बंद हो चुके 50, 100, 1000, 500 के नोट भी शामिल हैं।

# अनुच्छेद 370 का निरस्तीकरण जम्मू-कश्मीर के लिए क्रांतिकारी कदम : प्रो. अग्निहोत्री

## जेसी बोस में 'जम्मू कश्मीर में अगस्त 2019 के बाद बदलाव' विषय पर विशेष चर्चा का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए कुलपति प्रो. एसके तोमर।

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, के डीन स्टूडेंट वेलफेयर द्वारा जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र (जेकेएससी) के सहयोग 'जम्मू कश्मीर में अगस्त 2019 के बाद बदलाव' विषय पर विशेष चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के पूर्व कुलपति प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री मुख्य वक्ता रहे। प्रो. अग्निहोत्री ने धारा 370 के निरस्तीकरण को जम्मू-कश्मीर के लोगों के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया।

इस अवसर पर जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र के निदेशक श्री आशुतोष भटनागर मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने की। सत्र में कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग तथा हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रो. अग्निहोत्री ने उन परिस्थितियों पर प्रकाश डाला, जिसके कारण जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर पाकिस्तान का कब्जा हो गया और इसके लिए उन्होंने तत्कालीन नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि भारत का विभाजन ब्रिटिश शासकों की एक रणनीतिक चाल थी और भारत छोड़ने से पहले उन्होंने सुनिश्चित किया कि अखंड भारत संभव न हो। उन्होंने कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भेजने के फैसले और भारत एवं पाकिस्तान के बीच 1948 के संघर्ष विराम को चुनौती देते हुए कहा कि यह पता लगाने के लिए एक जांच आयोग नियुक्त किया जाना चाहिए कि यह किसके दबाव में किया गया। अगर ऐसा नहीं होता तो जम्मू-कश्मीर को लेकर कोई समस्या नहीं होती और गिलगित-बाल्टिस्तान भारत में होता।

उन्होंने गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के सामरिक लाभ पर भी प्रकाश डाला जो सड़क मार्गों के माध्यम से कई देशों का प्रवेश द्वार है। प्रो. अग्निहोत्री ने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत सरकार को अखंड भारत के सपने को पूरा करना चाहिए और पीओजेके को फिर से हासिल करना चाहिए।

प्रो. अग्निहोत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में ज्यादातर लोग अपने मूल अधिकारों से वंचित थे। इनमें खासकर महिलाएं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग और ऐसे लोग शामिल है, जिन्हें धर्म परिवर्तन कर मुस्लिम बनना पड़ा। उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जा रहा था। लेकिन 5 अगस्त, 2019 को संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद, ऐसे सभी लोगों को एक बड़ी राहत मिली क्योंकि अब भारत का संविधान जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से लागू हो गया है। अब उनके पास भारत के सामान्य नागरिकों के समान अधिकार हैं। कश्मीरी और डोगरी भाषा को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में आधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल किये जाने के बाद अब कश्मीर के लोग अपनी भाषा में पढ़ाई करने के लिए स्वतंत्र है। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. एस.के. तोमर ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में समृद्धि आई है। लद्दाख में पहला विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है। इससे क्षेत्र में शैक्षणिक क्रांति आ रही है। पहले इन इलाकों के लोग सामाजिक और राजनीतिक रूप से अलग-थलग थे और अब वे भी मुख्यधारा शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए जेकेएससी के निदेशक आशुतोष भटनागर ने कहा कि भारत और भारतीय की उत्पत्ति सिंधु घाटी सभ्यता से हुई है। देश का सांस्कृतिक प्रवाह कश्मीर के बिना अधूरा है। शेष भारत राजनीतिक कारणों से जम्मू-कश्मीर से दूर रहा। अनुच्छेद 370 एक असंवैधानिक प्रावधान था जिसे अब निरस्त कर दिया गया है और जम्मू-कश्मीर में भारत का संविधान लागू हो गया है। अब हमें जम्मू-कश्मीर से दूरी खत्म करनी है। न केवल जम्मू-कश्मीर में बल्कि नियंत्रण रेखा के पार भी हमें एलओसी के दोनों तरफ के भारत को जोड़ने की दिशा में काम करना है। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह की देखरेख में किया गया और इसका संचालन डॉ. अश्लेषा, डॉ. सोनिया बंसल और डॉ. शिल्पा सेठी ने किया।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपियों की गिरफ्तार न होने के विरोध में प्रदर्शन




**फरीदाबाद।** जिले में विभिन्न संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने फ़रीदाबाद पुलिस कमिश्नर के आफिस पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। यह प्रदर्शन गत 11 अगस्त 2022 को आज़ाद नगर में एक 11 साल की बच्ची के साथ रेप के बाद हत्या करने वालो की अभी तक गिरफ्तारी न होने के खिलाफ किया। गुस्साएं लोगों ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि 6 माह होने वाले है लेकिन अभी तक दोषियों की गिरफ़्तारी नही हुई है। पुलिस पर आरोप लगाते हुए वक्ताओं ने कहा कि जांच पड़ताल के नाम पर पुलिस ने अब तक बस्ती के लोगों का ही उत्पीड़न किया है। इस मामले को लेकर बस्तिवासियो व फ़रीदाबाद के सामाजिक संगठनो, न्याय पसंद लोगों ने मिल कर एक मोर्चा आज़ाद नगर संघर्ष समिति बनाई है। अबतक हरियाणा पुलिस इस मामले को सुलझाने में असफल रही है इसलिए मामले की सीबीआई से जांच की मांग उन्होंने उठाई हैं। वहीं ग़रीब मज़दूर परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने के साथ ही बस्ती में सार्वजनिक शौचलाय की व्यवस्था की माग करते हुए परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देने की मांग कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा पुलिस से लेकर हरियाणा के केबिनेट मंत्री तक ने एक भी मांग नही मानी है। इस मौके पर पीड़ित परिवार, एटक, लोहिया जागृति मिशन सोसाइटी, भोजपुरी अवधी समाज पंजीकृत, पूर्वांचल एकता परिषद रजिस्टर्ड, इंकलाबी मजदूर केंद, भारतीय प्रवासी परिषद, भीम आर्मी, बिहार जन कल्याण परिषद, कुशवाहा समाज पंजीकृत, पूर्वांचल जागृति मंच सेक्टर फरीदाबाद, रेहड़ी पटरी यूनियन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, जगजीत कौर पन्नू, हरिशचंद आजाद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता रजिस्टर्ड, निर्मल अग्नि, संजीव कुशवाहा और छठ पूजा सेवा समिति नगला मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जीवा पब्लिक स्कूल ने मनाया 29वां स्थापना दिवस

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में आज विद्यालय का 29वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रत्येक कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षाप्रद संदेश का समावेश रहा। कार्यक्रम में कलाए संस्कृति, संगीत, शिक्षा और मनोरंजन का अद्भुत सामन्जस्य दिखा। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष ॠषिपाल चौहान ने दीप प्रज्जवलित किया एवं उनके साथ उपाध्यक्षा श्रीमती चंद्रलता चौहानए विद्यालय की एकेडमिक एंड एक्सीलेंस हेड श्रीमती मुक्ता सचदेवए



प्रधानाचार्या अपर्णा शर्मा एवं संयोजिकाएँ उपस्थित रही।

ग्यारहवीं कक्षा के छात्र नभ्या ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्राइमरी कक्षा के छात्रों ने विद्यालय के सभी विशेषताओं एस0ओ0ई0एदिनचर्या के नियमए स्वाध्यायए मल्टीपल इंटैलिजैंस व नेचर, आयूर स्कूल, नो बैल स्कूल के विषय में विस्तार से बताया। 28 वें वर्ष की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया।

# विधायक ने निगम के जत्थे संग किया ग्रीन फील्ड कॉलोनी का दौरा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद

**विधायक** सीमा त्रिखा ने ग्रीन फील्ड कॉलोनी के विकास कार्य को लेकर नगर निगम अधिकारियों के जत्थे के साथ ग्रीन फील्ड कॉलोनी का दौरा किया। विधायक ने एसई ओमबीर सिंह, एक्सईएन ओमदत्त, एसडीओ राजेश शर्मा, जेई अरुण कुमार को निर्देश दिए कि ग्रीनफील्ड कॉलोनी में सड़क, सीवर, पानी तथा पार्कों के निर्माण कार्य को लेकर एस्टीमेट तैयार कर विकास कार्य शुरू किए जाएं। इस मौके पर उन्होंने लोगों से भी अपील की, कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए किसी को कोई पैसा न दिया जाए। विधायक सीमा त्रिखा ने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया और स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। सीमा त्रिखा ने कहा कि बडख़ल विधानसभा में पिछले 8 वर्षों में विकास कार्य की गंगा बह रही है और विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है।

भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यकरण के लिए कार्य कर रही है। बडख़ल विधानसभा क्षेत्र में बडख़ल झील का कार्य तेजी से प्रगति पर है और जल्द ही बडख़ल झील भरने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि बडख़ल झील को भरने से फरीदाबाद को एक नया स्वरूप मिलेगा। बडख़ल झील कभी भारतवर्ष के लोगों का आकर्षण का


ग्रीनफिल्ड कालोनी में दौरे के दौरान सीमा त्रिखा और निगम अधिकारी।

केन्द्र हुआ करती थी, वह अब फिर एक बार पानी से सरोबार होगी। उन्होने कहा कि बडख़ल विधानसभा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। लोगों से आह्वान किया कि जहां कहीं भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं, वो संपर्क करें, जल्द से जल्द वहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस मौके पर मुख्य रूप से ग्रीन फील्ड के आवासीय सुधार मंडल के प्रधान आदित्य शर्मा, कामेश्वर पांडे, अनीता शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता महिला मोर्चा, आकाश गुप्ता, उमा शंकर गर्ग, इंदरभान सिंह तोमर, वीरेंद्र भड़ाना, विवेक भडाना, राजेश अरोड़ा, अनिता यादव, रतन सिंह, सागर चौहान, वी के टंडन, अरविंद चौधरी, अजीत पुरी, रत्नाकर, बृजगोपाल, हरिशंकर, प्रमोद शर्मा, रवि सेतिया, सुभाष त्यागी, जे नय्यर, कमल झा, वाई के अरोड़ा, देवेंद्र मेहदीरत्ता, नूतन शर्मा, आशीष बलवानी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रैंड कोलंबस स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

## समर्थ खन्ना, खुशी नरवत, हरमनप्रीत सिंह व नायसा सक्सेना को सम्मानित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



ग्रैंड कोलंबस स्कूल में विदाई समारोह में झुमते विद्यार्थी।

**ग्रैंड** कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं का विदाई समारोह 'सायोनारा ' अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में कक्षा 11वीं के छात्रों ने कक्षा 12वीं के छात्रों का भव्य अभिनंदन करते हुए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। किसी भी छात्र के लिए स्कूल के दिनों में यह दिन खास महत्व रखता है। मुख्य प्रांगण में कक्षा बारहवीं के सभी छात्रों के अभिनंदन हेतु भव्य आयोजन किया गया और तिलक करते हुए उन्हें स्कूल में प्रवेश करवाया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र, प्रबंधक निदेशक हार्दिक श्योराण एवं प्रधानाचार्या दीपिका शर्मा रहे। विद्यालय की सभी अध्यापक गण इस समारोह में शामिल हुए। बारहवीं कक्षा के छात्रों को विशेष सम्मान चिह्न प्रदान किए गए हैं, जिसमें समर्थ खन्ना को बुद्धिजीवी, खुशी नरवत को विशेष उत्साही, हरमनप्रीत सिंह को परिश्रमी, नायसा सक्सेना को सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व के सम्मान से सम्मानित किया गया। इस विशेष उत्सव को और अधिक विशेष और यादगार बनाने के लिए मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके साथ-साथ कुछ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिससे सभी छात्रों के हृदय में उल्लास भर दिया। कक्षा बारहवीं के मुख्य छात्र अध्यक्ष द्वारा विशेष अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई। विद्यालय के हेड बॉय और हेड गर्ल ने उपस्थित जनसमूह के सामने स्कूल के प्रति अपने अनुभव को प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने सभी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में सभी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह अपने परिश्रम और अथक प्रयास से जीवन की असीम ऊंचाइयों को छू सकते हैं। विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र ने उपस्थित सभी जन समूह को संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य द्वारा प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्रों को विशेष उदाहरणों के साथ प्रेरित करते हुए कहा कि हमें आशा है कि आप यहाँ से शिक्षित होकर देश और समाज की सेवा तल्लीनता के साथ करोगे और अपने जीवन को दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनाओगे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रदान की। इस उत्सव के विशेष मेहमान कक्षा बारहवीं के सभी छात्रों ने इस विशेष दिन को और अधिक मधुर बनाने के लिए नृत्य प्रस्तुत किया। इस संपूर्ण कार्यक्रम का समापन कक्षा बारहवीं के छात्रों की भावभीनी विदाई के साथ संपन्न हुआ।

# मनोज हत्याकंड में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी की टीम ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने आरोप को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय है। आरोपी फरीदाबाद के गांव महमूदपुर का रहने वाला है। क्राईम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से नए पुल, सैक्टर 29, फरीदाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपी ने 28 सितम्बर को सटैड कम्पनी सेक्टर-59 में अपने साथियो के साथ मिलकर मनोज के साथ मारपीट किया मनोज की ईलाज के दौरान मनोज की मृत्यु हो गई। मृतक के पिता कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश कि जा



रही थी। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियो को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पहले गिरफ्तार आरोपियो में सौरव और धनेन्दर का नाम शामिल है। मामले में शामिल आरोपी अजय फरार चल रहा था जिसे क्राइम ब्रांच टीम ने गिरफ्तार कर पूछताछ में वारदात में प्रयोग लोहा पाईप बरामद की गई है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भजा गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## जैविक खेती में मुनाफा कमाते है लक्ष्मीनारायण



**फरीदाबाद।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल को भोज देने के समय भी मिलेट्स रखे गए थे। इन्हीं मिलेट्स का सफलतापूर्वक कारोबार कर रहा है सिरसा का युवा किसान लक्ष्मीनारायण। राजस्थान में जूनियर लेक्चरर की नौकरी छोडक़र इस युवक ने वर्ष 2012 में अपनी पैतृक भूमि पर खेती शुरू की थी और अब यह जैविक खाद से गुणकारी अनाज व सब्जियां उगाकर अच्छी कमाई कर रहा है। लक्ष्मीनारायण ने बताया कि वह स्वदेशी कृषक संगठन खेती विरासत मिशन से साल 2016 में जुड़ा था। उसके बाद उसने अपने तीन एकड़ खेत में कुटकी, कोधरा, स्वांक, कंगनी, हरी कंगनी आदि को उगाना शुरू किया। इसके अलावा वह किन्नू, हल्दी, जौ, गेहूं, अलसी, सरसों, ग्वार, धान व पशुचारे की फसलें भी लगा रहा है। इस युवा किसान ने बताया कि रागी, कुटकी, कंगनी, हरी कंगनी व कोधरा का नियमित रूप से सेवन कर मधुमेह का रोगी एकदम ठीक हो सकता है और उसने अपने क्षेत्र के कई गंभीर शुगर मरीजों का खान-पान बदल कर सफल उपचार किया है।

## विधायक राजेश नागर के जन्मदिन पर उमड़े हजारों लोग

**फरीदाबाद।** तिगांव विधायक राजेश नागर के जन्मदिन के मौके पर आज उनके भतौला निवास पर लोगों



का तांता लगा रहा। उन्हें बधाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। जिन्होंने नागर को फूलमालाओं, बुके और केक देकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने सभी के केक को काटकर स्वीकार किया। उन्होंने बधाई देने पहुंची सभी सरदारी और क्षेत्र की जनता का धन्यवाद किया और कहा कि मेरा जीवन आपकी सेवा में बीतेगा। इस बात के लिए मैं संकल्पित हूं और अपने जन्मदिन पर इस बात को दोहरा रहा हूं। विधायक राजेश नागर ने सैकड़ों की संख्या में केक काटे जिन्हें यहां पहुंचे लोगों के बीच वितरित किया गया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आप लोगों का प्रेम दिन प्रतिदिन बढ़ा ही है। आपने हरियाणा में सबसे ज्यादा वोट देकर मुझे विधायक बनाकर जो सम्मान प्रदान किया है, उसका कर्ज मैं कभी नहीं उतार सकूंगा और मेरे जन्मदिन पर इतनी बड़ी संख्या में आकर क्षेत्र के लोगों ने जता दिया है कि वह राजेश नागर से कितना प्यार करते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए प्रयासरत हैं और आने वाले समय में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से वह इस कार्य में और तेजी लाएंगे। उन्होंने सभी से कहा कि वह हर समय उपलब्ध हैं आप अपनी स्थानीय मांगों, समस्याओं को लेकर कभी भी उनसे मिल सकते हैं। इससे पहले विधायक तिगांव की गौशाला में भी गए जहां उन्होंने गौसेवा कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गौ हमारी संस्कृति का आधार है। हमें इन्हें सम्मान देना चाहिए। इसके साथ ही उनका यहां सराय ख्वाजा में समर्थकों द्वारा लड्डुओं से तोला गया। इन लड्डुओं को बाजार में बांटा गया और विधायक के जन्मदिन की सभी को बधाईयां दी गईं।

## हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार को घेरा

**फरीदाबाद।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद जहां एक और अडानी के शेयरों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है तो वहीं



कांग्रेस भी संसद से सडक़ तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में आज फरीदाबाद कांग्रेस के तमाम नेताओं ने नीलम चौक पर स्थित स्टेट बैंक कार्यालय के सामने सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और अडानी के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनी हुई है और पूंजीपतियों को लाभान्वित कर रही है, आज देश की सभी सरकारी प्रापर्टियों का निजीकरण किया जा रहा है और महंगाई और भ्रष्टाचार निरंतर बढ़ रहा है। सरकार चुनिंदा घरानों को लाभ पहुंचाकर देश को आर्थिक रूप से कमजोर कर रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि पिछले आठ सालों में महंगाई की मार ने आम आदमी को झकझोंर दिया है, उसके समक्ष भूखो मरने की नौबत आ गई है, लेकिन सरकार कागजों में विकास की बातें करके लोगों को गुमराह कर रही है। कांग्रेसियों ने मांग करते हुए कहा कि हिंडनवर्ग की रिपोर्ट पर सरकार अपना बयान जारी करें तो वहीं इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन किया जाए। इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, पूर्व सीपीएस शारदा राठौर, पूर्व विधायक ललित नागर, कांग्रेसी नेता पंडित योगेश गौड़, लखन कुमार सिंगला, कांग्रेसी नेता विजय प्रताप, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक, कांग्रेसी नेता जगन डागर, प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता, रिंकू चंदीला लोकसभा अध्यक्ष, योगेश धींगडा, बल्लभगढ़ से मनोज अग्रवाल, रामकिशन सेन, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता फागना, वीरपाल गुर्जर, अनिल कुमार नेताजी, जितेंद्र चंदेलिया, संजय सोलंकी, अशोक रावल, बाबूलाल रवि, गिरीश भारद्वाज, गौरव धींगड़ा, भरत अरोड़ा, इशांत कथूरिया इकबाल कुरैशी सहित अनेकों कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## एशियन कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग का मैच मारुती ने जीता

**फरीदाबाद।** एशियन कॉर्पोरेट क्रिकेट का मैच ग्रेटर फरीदाबाद सेक् 76 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर मारुती और महादेव हैल्थकेयर के बीच खेला गया, महादेव हैल्थकेयर ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया टीम मारुती ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुक्सान पर 198 रन बनाए। जिसमें मारुती के बल्लेबाज गौरव सैनी ने 45 बॉल में 74 रन बनाए। जिसमें एक छक्का और 12 चौक्के शामिल हैं। बल्लेबाज मनोज ने 17 बॉल में 50 रन बनाए। जिसमें 2 छक्के और 8 चौक्के शामिल हैं। महादेव केयर के बॉलर साजिद अख्तर ने 3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में टीम महादेव 20 ओवर में 195 रन बना पाई। महादेव केयर के मयंक पटवाल ने 48 बॉल में 71 रन बनाए। जिसमें 3 छक्के और 8 चौक्के शामिल हैं। रमन ने 26 बॉल में 40 रन बनाए। जिसमें 1 छक्का और 4 चौक्के शामिल हैं। मारुती के मनोज ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। टीम मारुती ने केवल 3 रन से मैच में जीत हासिल की और मनोज को मैन ऑफ़ दी मैच दिया गया।

## एक्विलिब्रियम और इम्पीरियल ऑटो के बीच मैच

**फरीदाबाद।** एशियन कॉर्पोरेट क्रिकेट का मैच ग्रेटर फरीदाबाद सेक् 76 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर एक्विलिब्रियम और इम्पीरियल ऑटो के बीच खेला गया। एक्विलिब्रियम ने टॉस



जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 18.4 ओवर में 132/10 रन बनाए। जिसमें एक्विलिब्रियम के बल्लेबाज संदीप ने 49 बॉल में 50 रन बनाए। जिसमें 2 छक्के और 5 चौक्के शामिल हैं। बल्लेबाज अंशु ने 15 बॉल में 26 रन बनाए। जिसमें 2 छक्के और 2 चौक्के शामिल हैं। इम्पीरियल ऑटो के बॉलर आयुष ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में टीम इम्पीरियल ऑटो ने 13.4 ओवर में 135/6 रन लिए। टीम इम्पीरियल ऑटो के जितेंदर ने 36 बॉल में 54 रन बनाए। जिसमें 3 छक्के और 5 चौक्के शामिल हैं। योगेश ने 24 बॉल में 37 रन बनाए। जिसमें 1 छक्का और 5 चौक्के शामिल हैं। एक्विलिब्रियम के हिमांशु ने 2.4 ओवर में 34 रन देकर 3 विकेट लिए। टीम इम्पीरियल ऑटो ने 4 विकेट से मैच जीता और आयुष को मैन ऑफ़ दी मैच दिया गया।

## चीनी गुब्बारा
### जासूसी का संदेह

**अमेरिका** ने वह चीनी गुब्बारा मार गिराया है जिस पर जासूसी का संदेह था। क्या यह जासूसी विमान था? अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, पर अमेरिका ने आखिरकार चीनी गुब्बारा मार गिराया। लगभग तीन बसों के आकार वाले इस गुब्बारे ने अमेरिकी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था और अमेरिकी सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें जासूसी निगरानी की क्षमतायें थीं। इसकी उपस्थिति के चलते 'राष्ट्रीय सुरक्षा प्रयास' के अंतर्गत तीन हवाईअड्डे बंद किए गए थे। हालांकि, बीजिंग ने गुब्बारे का स्वामित्व स्वीकार किया था, पर उसका दावा था कि यह सिविल मौसम विज्ञान संबंधी व अन्य वैज्ञानिक शोध का काम करता था। उसने इस बात पर दुःख भी जताया था कि गुब्बारा भटक कर अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चला गया था। हो सकता है कि चीन ठीक कह रहा हो, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीन झगड़ालू प्रकृति का है। खासकर शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन में खतरनाक बदलाव आया है और साम्यवाद तथा आक्रामक विदेश नीति जैसी हिंसक विचारधाराओं का मेल हो गया है। इसके परिणामस्वरूप पैदा राजनीतिक सिद्धान्त की मारक क्षमता अपनी जनक विचारधाराओं से बहुत अधिक है। चीन हर चीज को 'हथियार' में बदल देता है, फिर चाहे वे बिजनेस हों अथवा सारी दुनिया में बेचे जाने वाले एप व गैजेट। बौद्धिक संपदा की चोरी के साथ ही वह इनसे सीधी कार्रवाई भी करता है। कुछ महीने पहले एक चीनी उपग्रह सहायक जहाज युवान वांग 5 श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पहुंचा था। भारत ने इस जहाज के वहां जाने पर आपत्ति की थी, पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी या कोलंबो ने हमारे सरोकारों पर ध्यान नहीं दिया। यह इस तथ्य के बावजूद था कि भारत ने हाल में श्रीलंका को उसके सबसे बड़े आर्थिक संकट के समय बचाया था। इससे चीन के श्रीलंका तथा अनेक अन्य छोटे देशों पर प्रभाव का पता चलता है। सैनिक विशेषज्ञों का मानना था कि हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हंबनटोटा बंदरगाह पर युवान वांग 5 के आने से हमारे मिसाइल व उपग्रह कार्यक्रमों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। आखिरकार युवान वांग 5 भारत को घेरने की चीनी परियोजना का हिस्सा है।




लेकिन अमेरिका शी के चीन का मुख्य विरोधी है जो वैश्विक वर्चस्व का सपना देख रहा है। यह गुब्बारा भी उसके अनेक जासूसी प्रयासों का एक हिस्सा हो सकता है। चीन अमेरिका द्वारा लगातार ताइवान का समर्थन करने से नाराज है। कुछ समय पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पैलोसी ने ताइवान की यात्रा भी की थी जिसे चीन अपना प्रांत मानता है। अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने इस सप्ताहांत बीजिंग की अपनी प्रस्तावित यात्रा भी टाल दी थी जिसका उद्देश्य दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध सुधारना था। इससे चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी के नेता और नाराज हो गए होंगे। ढाई साल पहले से चीन पूरब में जापान को आंखें दिखा रहा है, हिंद-प्रशांत में आस्ट्रेलिया को धमका रहा है तथा हिमालय में भारत के खिलाफ उसके आक्रामक तेवर हैं। चीन अपने अन्य पड़ोसियों के मन में भी आशंका पैदा कर रहा है, 'फाइव आइज़ एलायंस' का विरोध कर रहा है तथा अमेरिका से व्यापार युद्ध में उलझा है। यहां तक कि द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के समय हिटलर भी दो मोर्चों पर युद्ध से डर रहा था, पर शी जिनपिंग को ऐसी कोई चिन्ता नहीं है। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से बहुत समय बीत गया है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से चीन के 'असीम' सहयोगी रूस को यूक्रेन युद्ध में भारी धक्का लगा है। ऐसा लगता है कि भले ही वे गुब्बारे उड़ाएं, पर तानाशाहों के नियंत्रण वाली बड़ी शक्तियों को अन्य देशों की जवाबी आक्रामकता का सामना करना पड़ सकता है।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की खोखली दलीलें

## पढ़े लिखे और तार्किक मुस्लिम भी मानते हैं कि जब तक समान नागरिक संहिता नहीं लागू होगी तब तक मुस्लिम महिलाओं को उनके सामान्य मानवीय व सामाजिक अधिकार नहीं मिल सकते।



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)




रविवार को लखनऊ में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना राबे हसनी नदवी की अगुवाई में हुई बैठक में बोर्ड ने एक बार फिर अपने दोहरे, विरोधाभासी ,अदूरदर्शी व राष्ट्र की एकजुटता में बाधा डालने वाले रवैये को ही प्रदर्शित किया। बोर्ड का कहना है कि समान नागरिक संहिता संविधान के विरुद्ध है और यही इसके विरोध का सबसे बड़ा कारण व आधार है। बोर्ड की यह दलील अपने आप में खोखली व भ्रमित करने वाली है। जिन्होंने संविधान पढ़ा है या जिन्हें संविधान का ज्ञान है वे अच्छी तरह जानते हैं कि यह सफेद झूठ के सिवा कुछ नहीं है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने फिर एक बार बेहद आक्रामक अंदाज में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने का विरोध करते हुए इसके खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। ऐसा तब है जब भारत सरकार ने यूसीसी लागू करने के बारे में कोई संकेत तक नहीं दिया है और सभी जानते हैं कि यह कोई रात के अंधेरे में किसी प्रशासनिक आदेश के जरिए लागू किया जाने वाला विषय नहीं है। इसके बावजूद अपने खोखले व अधकचरे तर्कों के द्वारा बोर्ड ने न केवल समान नागरिक संहिता बल्कि अन्य कई विषयों पर अपने धमकी भरे विरोध को जाहिर कर दिया है।

जस्टिस संजय किशन कौल व जस्टिस एमएम सुंदरम ने भी आठ जनवरी,2022 को समान नागरिक संहिता पर केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने को कहा। बीती दस जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ व जस्टिस पीएस नरसिम्हा ने उत्तराखंड सरकार द्वारा अपने राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के सम्बंध में संस्तुति देने के लिए कमेटी के गठन को सही ठहराते हुए इसे चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। इसके तीन दिन बाद ही सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि अदालत इस बारे में विचार करेगी कि क्या वह संसद को समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए निर्देश दे सकती है। संविधान की बात तो यह हुई और अब संविधान के कस्टोडियन यानि सुप्रीम कोर्ट की राय व रुख पर भी एक नजर डालते हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपक गुप्ता व अनिरुद्ध बोस की बेंच ने 13 सितंबर 2019 को देश में देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत पर जोर दिया और इस सम्बंध में गोवा का उदाहरण भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर अप्रसन्नता भी जाहिर राज्य के नीति निर्देशक तत्व के तहत संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लेख किए जाने के बावजूद सरकार इस दिशा में अब तक कुछ नहीं कर सकी।

संविधान का अनुच्छेद 44 समान नागरिक संहिता पर बिल्कुल स्पष्ट है। यह कहता है- राज्य अपने नागरिकों के लिए पूरे भारत गणराज्य में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करेगा। संविधान की ड्राफ्ट कमेटी में भी इस मुद्दे पर खासी चर्चा हुई और उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बुद्धिजीवियों के वर्ग का अभिमत है कि स्वयं बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर समान नागरिक संहिता के पक्ष में थे लेकिन कांग्रेसी विचारधारा वालों की बहुलता के कारण मामला आगे न बढ़ सका। गौरतलब है कि उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 27 मई 2022 को विधान सभा चुनाव में समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने के लिए इस सम्बंध में संस्तुति देने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस प्रमोद कोहली के अलावा शत्रुघ्न सिंह,मनु गौड़ व सुरेखा डंगवार(तीनो उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव) शामिल हैं। पुष्कर सिंह धामी ने संकेत दिया था कि उत्तराखंड में गोवा की तर्ज पर समान नागरिक संहिता लागू करने का विचार है। उल्लेखनीय है कि गोवा भारत का इकलौता ऐसा राज्य है जहां पूर्णतः न सही किंतु काफी हद तक समान नागरिक संहिता लागू है जो दरअसल पुर्तगाली सिविल कोड 1867 है। पुर्तगाल से आजादी मिलने के साथ ही पुर्तगाल का यह कोड गोवा में लागू हो गया था। हिन्दू मैरिज एक्ट 1955,हिंदू सक्सेसन एक्ट 1956,इंडियन सक्सेसन एक्ट 1925 व शरिया( एप्लीकेशन) एक्ट 1937 गोवा में प्रभावी नहीं हैं। अगर किसी मुस्लिम की शादी गोवा में रजिस्टर्ड है तो वह बहुविवाह नहीं कर सकता। ऐसी ही कई पाबंदियां अन्य धर्मावलंबियों के लिए भी हैं। गोवा में समान नागरिक संहिता की क्या स्थिति है? यह कितना सफल है कितना असफल? इसे भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे के कथन से समझा जा सकता है। जस्टिस बोबडे ने मार्च 2021 में एक कार्यक्रम में कहा था कि गोवा ने भारत के संविधान निर्माताओं की समान नागरिक संहिता की अवधारणा को साकार कर दिखाया है। जस्टिस बोबडे ने कहा कि उन्हें इस बात का सौभाग्य प्राप्त है कि उन्होंने इस व्यवस्था के तहत न्याय प्रदान करने का दायित्व निभाया। संविधान में उल्लेख होने के अलावा सुप्रीम कोर्ट की समय समय की गई टिप्पणियों के आधार पर यह साफ देखा व समझा जा सकता है कि समान नागरिक संहिता में कुछ भी गैर संवैधानिक नहीं है।

यह केवल एक प्रपोगंडा है जो अपेक्षाकृत कम शिक्षित मुस्लिमों को भड़काने के लिए चलाया जा रहा है। पढ़े लिखे और तार्किक मुस्लिम भी मानते हैं कि जब तक समान नागरिक संहिता नहीं लागू होगी तब तक मुस्लिम महिलाओं को उनके सामान्य मानवीय व सामाजिक अधिकार नहीं मिल सकते। समान नागरिक संहिता से मुस्लिम ही नहीं बल्कि सभी धर्मों के मानने वालों के बीच व्याप्त कई हानिकारक प्रवृत्तियों से छुटकारा मिल सकेगा। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने केवल समान नागरिक संहिता को लेकर ही बरगलाने की कोशिश नहीं की है। रविवार को लखनऊ में हुई बैठक में इसने कुछ ऐसा ही हास्यास्पद रुख उपासना स्थल विधेयक 1991 को लेकर भी अपनाया। बोर्ड का मानना है कि इस विधेयक को समाप्त नहीं किया जाना चाहिए। बोर्ड के अनुसार चूंकि यह विधेयक संसद द्वारा पारित है इसलिए सरकार को इसे बनाए रखना चाहिए।

यहां फिर से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का दोहरा रवैया उजागर होता है। जाहिर है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पूरी निर्लज्जता के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए सहूलियत की भाषा बोलता है। दकियानूसी विचारों से ओतप्रोत यह संस्था जैसी अतार्किक व कट्टर कल थी वैसी ही आज है और कल इसमें कोई तब्दीली होगी इसकी उम्मीद करना बेमानी गया। देश को प्रगतिवादी मार्ग पर चलना चाहिए और ऐसे में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बेतुकी दलीलों को दरकिनार कर सरकार को देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए निर्णायक पहल करनी चाहिए।

अगर उपासना स्थल विधेयक को इसलिए न समाप्त किया जाए क्योंकि इसे संसद ने पारित किया है तो फिर मुस्लिम समाज नागरिकता संशोधन कानून को समाप्त करने की मांग क्यो करता है? इसे भी तो उसी संसद ने उसी प्रक्रिया से पारित किया है जिससे उपासना स्थल विधेयक पारित हुआ था। फिर क्यों देश भर में शाहीन बाग जैसे जनजीवन को ठप करने वाले विरोध प्रदर्शन हुए? खासकर यह देखते हुए नागरिकता संशोधन कानून का तो भारत के मुसलमानों से कोई लेना देना ही नहीं था।

# सीतारमण का सराहनीय बजट



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

आज दुनिया भारत को ज्यादा गौर से देख रही है। भारत जल्द ही 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की सीमा पार करने के रास्ते पर है। 2035 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर प्रगति कर रहा है। भारत को जल्द ही इस श्रेणी में पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। अगले 25 साल में भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष अनेक अवसर हैं। इस दृष्टिकोण से वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट मील का एक पत्थर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी राजनय से 'भारत प्रथम' की अटूट प्रतिबद्धता प्रकट की है और इस बारे में अब किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए। देश को पहले स्थान पर रखना सरकार की सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। मोदी सरकार की विचार पद्धति भारत को आगे ले जाने के लिए है। उनके सामने किसी प्रकार का दबाव नहीं है। भारत को अवश्य आगे बढ़ना चाहिए। अर्थव्यवस्था के मूलाधार इसके लिए जीवन्त बने रहने चाहिए। अगली पीढ़ी के हितों को ध्यान में रखते हुए अर्थव्यवस्था के मूल तत्वों को कोई नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। 2008 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र द्वारा पेश बजट ने यह सुनिश्चित किया था कि कांग्रेस की 2009 के लोकसभा चुनाव में अच्छी स्थिति हो। इसके लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार ने 2008 के बजट में किसानों की कर्ज माफी का प्राविधान रखा।

लेकिन इससे सरकारी खजाने पर 63,000 करोड़ अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ा। हालांकि, कांग्रेस नीत संप्रग सरकार सत्ता में लौटने में सफल रही और अगले पांच साल उसने सरकार चलाई। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक-सीएजी ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी कि कर्ज माफी योजना का किस प्रकार क्रियान्वयन हुआ। यह रिपोर्ट एक केस स्टडी की तरह है कि सत्तारूढ़ पार्टी ने चुनाव जीतने के शार्टकट में देश की वित्तीय परिसंपत्तियों के साथ आंखें बंद कर व्यवहार किया। इससे सरकारी बैंकों पर भारी बोझ पड़ा। इसका लाभ अवांछित लोगों ने उठाया जिन्होंने कभी खेती नहीं की थी, पर उन्होंने राष्ट्रीय खजाने का पैसा अपनी जेबों में डाल लिया। संप्रग सरकार के दूसरे कार्यकाल में वोट खरीदने वाले 2008 बजट के उपाय प्रशासन के लिए सामान्य बन गए। मनमोहन सरकार में 'दरबारी पूंजीवाद' नीति मंत्र बन गया। बैंकों ने सतही आंकलनों और मूल्य निर्धारणों पर निजी कंपनियों को कर्ज दिए।

जब संप्रग सरकार ने सत्ता छोड़ी तब तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक नष्ट हो गए थे जिनको आईसीयू में डालना पड़ा। इन विपरीत परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का नीतिगत दायित्व संभाला। उन्होंने महत्वपूर्ण बैंकिंग क्षेत्र को आईसीयू से निकाल कर उसे पुनर्जीवित किया ताकि अर्थव्यवस्था के इंजन अपनी अधिकतम क्षमता से काम कर सकें।

2023 में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश केन्द्रीय बजट में कोई 'खैरातें' नहीं दी गई हैं। एक भी प्रस्ताव ऐसा नहीं है जिसे खैरात कहा जा सके। उन्होंने केन्द्रीय बजट के लिए 'सप्तर्षि' या सात निर्देशक सिद्धान्त रेखांकित किए हैं। प्रत्येक सिद्धान्त भारतीय अर्थव्यवस्था का एक चक्र है जो वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए है। संप्रग सरकार के कार्यकाल में अखबार किसानों की आत्महत्याओं की खबरों से भरे रहते थे। किसानों की कर्ज माफी योजना किसानों की आत्महत्याओं को रोकने में विफल रही थी। यहां तक कि समृद्ध समझे जाने वाले गन्ना किसान भी बकाये का शिकार थे। गन्ना मिलें किसानों को बकाया नहीं दे रही थीं। मोदी सरकार ने अपने बजटीय प्रस्तावों से भारतीय कृषि को अनेक बीमारियों से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना ने उन किसानों का सशक्तीकरण किया जिनके पास सूदखोरों के पास जाने के सिवा कोई और रास्ता नहीं था। पिछले नौ बजटों में अनेक योजनाओं की सतर्कतापूर्ण डिजाइन के माध्यम से मोदी सरकार ने कल्याणकारी हस्तक्षेप को संतृप्ति के स्तर तक पहुंचा दिया है। अनेक देशों और अर्थशास्त्रियों ने तर्क दिया था कि भारत को मुद्रा छापनी चाहिए ताकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय लोगों की सहायता की जा सके। लेकिन मोदी सरकार ने स्पष्ट दिशा के साथ संकटग्रस्त समूहों की रक्षा की। यह काम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से हुआ। सरकार ने यह योजना 80 करोड़ लोगों के लिए चलाई। जब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया कि योजना ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है तो इसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में मिला दिया गया। जनता मांग करने लगी थी कि उद्देश्य पूरा होने के बाद योजना पर पुनः विचार किया जाए। इस प्रकार वित्त मंत्री सीतारमण बजट प्रस्तावों में खाद्य सब्सिडी पर खर्च घटाने में सफल हुईं। इसके साथ ही केन्द्रीय बजट में ऐसे उपाय किए गए हैं जो उर्वरक सब्सिडी का तार्किकीकरण करते हैं। यह स्थिति अतीत में उर्वरक व खाद्य सब्सिडी की लगातार बेलगाम चोरी के एकदम उलट है।

सार्वजनिक खर्च के माध्यम से ढांचागत संरचनाओं के बजटीय आबंटन में 33 प्रतिशत वृद्धि की गई है और अब यह 10,00,000 करोड़ पहुंच गया है। इससे वित्त मंत्री सीतारमण ने मोदी सरकार की 'भारत प्रथम' प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इस नीति का उद्देश्य देश भर में अगली पीढ़ी की ढांचागत संरचना तैयार करना है। नए हवाईअड्डे दूसरी श्रेणी वाले शहरों को दुनिया से जोड़ेंगे। इसके साथ ही तीसरी श्रेणी के शहर भी देश की अर्थव्यवस्था के इंजन की तरह काम करेंगे। इससे एक सुगठित भारत उभरेगा जहां लोगों को अपने घर के निकट रोजगार मिलेगा। इसका लक्ष्य यह भी है कि लोगों को बड़े शहरों में पलायन न करना पड़े। महानगर पहले ही अपनी भार सहनीय क्षमता से आगे निकल गए हैं। सालों से तर्क दिया जा रहा है कि आर्थिक गतिविधियों का प्रसार पूरे देश में होना चाहिए। मोदी सरकार ने राज्य सरकारों को प्रेरित किया है कि वे 'एक जिला एक उत्पाद' कार्यक्रम पर जोर दें क्योंकि इससे देश में तेज ढांचागत विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। विश्वसनीय ढांचागत परियोजनाओं तक पहुंच से निवेश भी आकर्षित होगा। इससे देश के अनेक ऐसे राज्यों को लाभ होगा जो विकास में अब तक पीछे छूट गए थे। इसके अतिरिक्त वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'प्रधानमंत्री कौशल योजना-4' के लिए भी प्रतिबद्धता प्रकट की है। उभरते उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नौजवानों का कौशल विकास होना चाहिए।

इस योजना को सरकार की ओर से वित्तीय समर्थन के साथ ही अच्छे फंड वाले प्रोत्साहन दिए जाएंगे ताकि देश में कुशल श्रमशक्ति तैयार हो सके। इसकी बहुत आवश्यकता है। भारत ने उनके बाजारों में कुशल भारतीय श्रमशक्ति पहुंचाने के लिए जर्मनी, आस्ट्रेलिया और यूएई से समझौतों के प्रयास किए हैं। ऐसे समय जब दुनिया प्रशिक्षित श्रमशक्ति की कमी का अनुभव कर रही है, तब बजट ने देश में तेजी से कुशल श्रमशक्ति तैयार करने पर प्रतिबद्धता प्रकट की है।

केन्द्रीय बजट में मोदी सरकार की 'भारत प्रथम' प्रतिबद्धता की एक और पुष्टि के रूप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगली पीढ़ी की तकनीक, जैसे कृत्रिम बुद्धि-एआई को शामिल करने का सुनियोजित ब्लूप्रिंट तैयार किया है। यह कदम पूरी तरह लीक से हट कर है। बजट प्रस्ताव विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टतम तकनीक समाहित करने का आधार तैयार करेंगे। दुनिया भर में स्वास्थ्यरक्षा, रक्षा, कृषि व अन्य क्षेत्रों में एआई समाहित करने की प्रतियोगिता बहुत तेज हुई है। भारत ने बजट में एआई को केन्द्रीय स्थान देकर यह प्रतिबद्धता स्वीकार करने में महत्वपूर्ण पहल की है। यह वास्तव में 'भारत प्रथम' बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सावधानी से उन चीजों पर गौर किया है जिनका भारत में आयात होता है।

उन्होंने देश में विनिर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल तथा मध्यवर्ती चीजों व तैयार उत्पादों में अंतर किया है। इस अंतर के आधार पर ड्यूटी लगाने से संकेत मिलता है कि भारतीय निर्माताओं को घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए। आने वाले वर्षों में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश इस बजट को मील के पत्थर की तरह देखा जाएगा जिसने दुनिया में भारत की लंबी छलांग के लिए आधार तैयार किया था।

## आप की बात

### यूक्रेन का भविष्य

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोडोमिर ज़ेलेन्स्की एक गहरे संकट का शिकार हैं। एक तरफ रूसियों का आक्रमण को झेल रहे हैं दूसरी तरफ अपने देश के ही अनेक मंत्रियों एवं प्रशासकों में लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार के मामलों से उनकी रातों की नींद हराम हो रही है। उन्हें सबसे विश्वासपात्र रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव कोए हटाने का आदेश देना पड़ा। इस विषम परिस्थिति में भी रक्षा विभाग भ्रष्ट आचरण में व्यस्त था। पिछले एक महीने के दौरान कई प्रांतों के उप मंत्रियों एवं प्रसाशनिक अधिकारियों को उन्होंने बर्खास्त किया है। मतलब कल्पना से परे उच्च पदों पर बैठे लोगों को इस समय उस रणनीति पर काम करना चाहिए था कि कैसे घुसपैठियों के आतंक को रोका जाय। मगर उनमें से कुछ अधिकारी आपदा में भी अवसर तलाशने में लगे हैं। ऐसी घटनाओं को देशद्रोह की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। अकेले ज़ेलेन्स्की किन-किन क्षेत्रों में लड़ेंगे? दुश्मन का सामना करेंगे या घरेलु दुश्मनों को सम्हालेंगे? अच्छा होता जब रूस ने पिछले साल 24 फरवरी को आक्रमण शुरू किया था तो अमेरिकी सरकार ने ज़ेलेन्स्की को सपरिवार अमेरिका आकर बसने का ऑफर दिया था जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था। अब सवाल जेलेन्स्की के साथ यूक्रेन के भविष्य पर है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### हानिकारक एप

**सरकार** ने 232 अनर्गल और अनधिकृत चीनी एप्स पर प्रतिबन्ध लगा कर राष्ट्रहित में सराहनीय कार्य किया है। देश में बहुत सी अनर्गल, अनाधिकृत तथा असली कंपनियों-संस्थानों के नाम वाली नकली एवं धोखाधड़ी की एप्स की तादाद भी बढ़ती जा रही है। इसके जाल में फंसकर भोलेभाले लोग रोजाना आर्थिक और मानसिक परेशानी उठा रहे हैं। सोशल मीडिया भी अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग कर रहा है जिससे अनावश्यक अफवाहों को हवा मिलने से लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँच जाती है। अतः सरकार को आधुनिक तकनीक के बढ़ने से लोगों के साथ ही राष्ट्र को होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए अपने तकनीकी संसाधनों को चुस्त-दुरुस्त करने की ओर भी ध्यान देने की जरुरत है ताकि देश में कोई उसका बेजा फ़ायदा ना उठा सके। इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं, खासकर छात्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस सलाह पर भी गौर करना चाहिए कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन डिजिटल मुक्त दुनिया में रहें। हमें इंटरनेट व सोशल दुनिया की मायावी दुनिया से निकल कर अपने निकटस्थ मित्रों, रिश्तेदारों, आदि से सीधे संपर्क भी करना चाहिए।

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोटे अनाजों का महत्व

**यह** जानकर सुखद आश्चर्य हुआ कि भारत में मोटे अनाज का उत्पादन विश्व के कुल उत्पादन का 41 प्रतिशत है। भारत मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक देश ही नहीं बल्कि सबसे बड़ा निर्यातक भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण ही संयुक्त राष्ट्रसंघ ने वर्ष 2023 को विश्व मिलट्स ईयर घोषित किया है ताकि मोटे अनाज के महत्व और गुणवत्ता को विश्व के समक्ष रखा जा सके। प्रधानमंत्री ने दिसंबर में सभी सांसदों के साथ मोटे अनाज के साथ भोजन किया ताकि सांसदों में भी इसके प्रति आकर्षण बढ़े। विदेश मंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्रसंघ के प्रधान महासचिव को मोटे अनाज की दावत दी है। जी20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों को परोसा जाएगा। राजस्थान में बाजरे की खेती होती है और बाजरे के व्यंजन सर्वाधिक प्रयोग होते हैं। मोटा अनाज स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक आहार भी है। भारत सरकार, प्रदेश सरकारों तथा अनेकानेक संस्थानों व आम जनता द्वारा मोटे अनाजों के प्रोत्साहन से किसानों को भी लाभ होगा तथा जल संरक्षण भी होगा।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**अगले** पांच-छः महीने में हजारों ऐसे पति गिरफ्तार किए जाएंगे जिन्होंने 14 से कम आयु वाली लड़कियों से यौन संबंध बनाए हैं, भले ही उनसे विवाह किया हो।

- **हिमंता बिस्वा सर्मा**
असम के मुख्यमंत्री

**पुरुषों** को गिरफ्तार करने के बाद उनकी विवाहित लड़कियों की देखभाल कौन करेगा? क्या मुख्यमंत्री उनकी देखभाल करेंगे?

- **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम प्रमुख





**विकास** पर मुख्य ध्यान है। हम विकास बहाल करना और उसे टिकाऊ बनाए रखना चाहते हैं।

- **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

# तय लक्ष्य से पहले शुरू हो जाएगा मेट्रो का प्रायोरिटी कॉरिडोर

## आगरा में मेट्रो टनल का योगी ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, आगरा



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगरा किला के सामने रामलीला मैदान में मेट्रो के टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। रामलीला मैदान में लॉन्चिंग शाफ्ट पहुंचकर रिंग सेगमेंट पर हस्ताक्षर किया। इसके बाद सीएम योगी ने पूजा अर्चना करके बटन दबाकर टनल निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया। आगरा में टनल बोरिंग मशीन को गंगा और यमुना का नाम दिया गया है। ये टनल बोरिंग मशीन हर दिन 10 से 12 मीटर तक टनल तैयार करेगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन की ओर से आगरा मेट्रो के भूमिगत भाग में अप एवं डाउन ट्रैक के लिए दो समानांतर सुरंगों का निर्माण किया जाना है।

सीएम योगी ने अपने संक्षिप्त भाषण में आगरा को मिली मेट्रो रेल सौगात और जी 20 के आयोजनों के बारे में बताया। सीएम योगी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आगरा में निवेश और पर्यटन की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत होगी। जी 20 देश के सबसे प्रतिष्ठित देशों का समूह है। इसकी अध्यक्षता करने का गौरव पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को मिला है। जी 20 समिट के लिए उत्तर प्रदेश के चार शहरों को चयनित किया गया है। इसमें 3 समिट आगरा में होनी है। उन्होंने कहा कि आगरा मेट्रो अपने निर्माण कार्य के एक नए दौर की शुरुआत कर रहा है। हम सब जानते हैं कि पीएम मोदी ने दिसंबर 2020 में आगरा मेट्रो कार्य के भूमिपूजन का कार्य आगरा आकर किया था। इसके लिए जो लक्ष्य तय किया गया कि अगस्त 2024 तक इसका जो प्रायोरिटी कॉरिडोर है, 6 किमी का है, जिसमें 3 किमी एलीवेटेड और 3 किमी अंडरग्राउंड टनल के माध्यम से है। उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन के मार्गदर्शन में आगरा मेट्रो का कार्य चल रहा है। यह आगरा की संवेदनशीलता, टीटीजेड की गाइडलाइन का पूरा पालन करते हुएए पर्यावरण के उन सभी मानकों को पूरा करते हुए समय से 6 माह पूर्व प्रायोरिटी कॉरिडोर के कार्य को संपन्न करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि यहां पर गंगा और यमुना दो अंडर ग्राउंड टनल के निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ है। उन सभी मानकों को पूरा करते हुए जो पर्यावरण की दृष्टि सेए सुरक्षा की दृष्टि से भी होए उनको करते हुए कार्य यहां पर सम्पन्न किए जा रहे हैं। मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश में हम पहले से ही लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, कानपुर में मेट्रो सेवाओं का संचालन कर रहे हैं। आगरा में पर्यटन की सुविधाओं के विकास और रोजगार के बेहतर सृजन के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के इस अत्याधुनिक साधन की यहां के माननीय जनप्रतिनिधिगण लंबे समय से मांग करते रहे हैं। हमारा प्रयास है कि दिसंबर 2023 तक हम लोग प्रायोरिटी कॉरिडोर के कार्य को जो लगभग 6 किमी है। इसे हम पूरा करने में सफल होंगे। इसके लिए दो कॉरिडोर पहले से यहां पर विकसित करने की स्वीकृति दी गई है जो 29.4 किमी लंबा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पर्यावरण के सभी मानकों को पूरा करते हुए यहां पर अत्याधुनिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा यहां के नागरिकों को, आने वाले पर्यटकों को उपलब्ध कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन और आगरा मेट्रो से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं। वे समयबद्ध ढंग से इस कार्य को समय से पहले करेंगे। क्योंकि इससे पहले उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन के नाम से अनेक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। इस कार्य को उसी तरीके से आगे बढ़ाने में हम सफल होंगे।

# लेखा परीक्षा को साइबर सुरक्षा के खतरों से बचाने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यकः मुर्मू



## जांच के लिए पर्याप्त क्षमता विकसित करें शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थान

● शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के महालेखा परीक्षकों की राजधानी में हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक गिरिश चंद्र मुर्मू ने लेखा परीक्षा को साइबर सुरक्षा के खतरों से बचाने के लिए वैश्विक सहयोग का अवाहन किया है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए सरकारों को निजी क्षेत्र के भागीदारों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

मुर्मू सोमवार को लखनऊ में शुरू हुई शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थानों की छठी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से साइबर सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं उजागर हुई हैं। इसलिए सदस्य देशों के शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थानों के लिए यह आवश्यक है कि वे साइबर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए पर्याप्त क्षमता विकसित करें। श्री मुर्मू ने बताया कि भारत का नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–सीएजी ऑडिट प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे ऑडिट प्रक्रिया को अधिक कुशलता और प्रभावी दृष्टिकोण मिलता है और लेखापरीक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार होता है।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि यह बैठक सदस्य देशों को साइबर खतरों से बचाने के लिए अपने अनुभवों और सर्वोत्तम तौर तरीकों को साझा करने, लेखा परीक्षा की गुणवत्ता में सुधार और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है। तीन दिवसीय बहुपक्षीय आयोजन में शंघाई सहयोग संगठन के आठ सदस्य देशों में से चार देशों कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान और उज्बेकिस्तान के शीर्ष लेखा परीक्षा संस्थानों के प्रमुख और प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे हैं। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सुशासन, जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए साझा मिशन के महत्व पर जोर दिया। सर्वोच्च लेखा परीक्षा संस्थानों की भूमिका यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है कि सार्वजनिक संस्थानों का प्रभावी उपयोग किया जाता है। उन्होंने इसके प्रति कायम सार्वजनिक विश्वास को भी महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल ने सम्बोधन में बैठक के चयनित विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा को तेजी से ग्लोबल होती दुनिया के कामकाजों के दृष्टिगत महत्वपूर्ण चर्चा बताया। उन्होंने कहा कि ये सूचनाओं के संकलन में तेजी के साथ.साथ इसको उपयोग करने वाले को प्रामाणिक निर्णय लेने में मदद करता है। सम्मेलन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि नई तकनीक और उपकरणों को अपनाने से धोखाधड़ी और कुप्रबन्धन का पता लगाने की क्षमता में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने साइबर सुरक्षा, संवेदनशील जानकारियों की रक्षा के दृष्टिगत संगठन से प्राप्त होने वाली सहायता की चर्चा भी की।

राज्यपाल ने सुशासन, जवाबदेही एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने में संगठन के कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया और सहायोग एवं सहकारिता को बढ़ावा देना जारी रखने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि हम अपने लेखा परीक्षा कार्य की गुणवत्ता और प्रभावशाली सुधार के लिए कार्य कर सकते हैं।

# अडानी प्रकरण पर जांच की मांग को लेकर कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च



● राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा, जांच जेपीसी या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कराई जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अडानी** प्रकरण पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश से विस्तृत जांच कराने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने लखनऊ में पैदल मार्च निकाला और धरना भी दिया। कांग्रेस ने इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वन तथा प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर सोमवार को प्रातः 11 बजे मकबरा रोड़ कैसरबाग नियर बेगम हजरत महल (परिवर्तन चौक) से कांग्रेसजन प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इन्दल रावत, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए भारतीय स्टेट बैंक मुख्यालय की ओर बढ़े। इस दौरान तैनात भारी पुलिस बल ने कांग्रेसजनों को बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया तभी कांग्रेसजन बाबू केडी सिंह स्टेडियम के पास धरने पर बैठ गए। अंत में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर लखनऊ के माध्यम से सौंपा गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि आम भारतीय नागरिकों की कीमत पर अपने करीबी दोस्त और चुनिन्दा अरबपतियों को लाभ पहुंचाने की मोदी सरकार की नीतियों से जहां पूरा देश विशेषकर मध्यम वर्ग परेशान और चिन्तित है। केन्द्र सरकार द्वारा अडानी समूह में एलआईसी एवं एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेनदेन और निवेश ने भारत के निवेशकों जिसमें एलआईसी के लगभग 29 करोड़ पॉलिसी धारक और एसबीआई लगभग 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी सदन में चर्चा करने के लिए जहां एक तरफ संघर्षरत है वहीं सड़क पर हर स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत आज कांग्रेसजन सड़क पर हैं। प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा बाजार मूल्य खोने वाली कंपनियों में हिन्दुस्तानियों के खून पसीने की कमाई को जोखिम में डालने जैसे ज्वलंत मुद्दे पर सदन में चर्चा सरकार नहीं कराना चाहती। कांग्रेस पार्टी इसके लिए संघर्षरत है। जिन–जिन मुद्दों पर राहुल गांधी ने सरकार एवं देश को आगाह किया चाहे वह नोटबंदी, गलत जीएसटी, कोरोना जैसे मुद्दे रहे हो सब सही साबित हुए। कांग्रेस पार्टी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच या सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट की विस्तार से निष्पक्ष जांच की मांग कर रही है। सरकार को इससे क्या दिक्कत है। जाहिर है कि कहीं न कहीं सरकार अडानी के साथ मिली हुई है। इसलिए इस घोटाले की जांच से घबरा रही है।

# पिछड़ों-दलितों की लगातार उपेक्षा कर रही बीजेपी सरकार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार पिछड़ों और दलितों की उपेक्षा कर रही है। भाजपा सरकार साजिश के तहत पिछड़ोंए दलितों के आरक्षित पद खत्म कर रही है। आरक्षण को खत्म करने के लिए रणनीति के तहत निजीकरण को बढ़ाया दिया जा रहा है। सरकारी विभागों में जो नौकरियां और भर्तियां निकलती है उनमें भी पिछड़ों और दलितों की कोई न कोई कारण बताकर भर्ती नही की जा रही है। बाद में सरकार इन खाली पदों पर अपने चहेतां की भर्तियां कर लेती है। यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की विरोधी भाजपा हर कदम पर दलितों, पिछड़ों के साथ भेदभाव कर रही है। पिछले दिनो लखनऊ पीजीआई में आरक्षण के नियमों को दर किनार कर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों को खाली छोड़ दिया गया। प्रदेश में विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में भी दलितों, पिछड़ों की उपेक्षा की गयी है। प्रदेश में पिछले वर्षों में हुई नियुक्तियों में भाजपा सरकार ने पिछडों, दलितों को उनका हक नहीं दिया। 69 हजार शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर अनियमितता हुई। पिछड़ों को उनका हक नही मिला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ों और दलितों के इसी हक और सम्मान को दिलाने के लिए लम्बे समय से जातीय जनगणना की मांग करती आ रही है लेकिन भाजपा सरकार जातीय जनगणना का विरोध कर रही है। भाजपा जातीय जनगणना से डरती है। जबकि पिछड़ों, दलितों के हक और सम्मान दिलाने, उनके साथ हो रहे भेदभाव और अन्याय को खत्म करने के लिए जातीय जनगणना और सभी जातीयों का आंकड़ा होना बेहद जरूरी है।

# कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई मोती लाल नेहरू की पुण्य तिथि

● महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब्दुल गफ्फार खान को उनकी जयंती पर किया याद

पायनियर सामचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के दो बार अध्यक्ष रहे पंडित मोती लाल नेहरू की पुण्यतिथि एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब्दुल गफ्फार खान की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह ने कहा कि जब देश में आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी उस समय पंडित मोती लाल नेहरू आरंभिक लोगों में एक थे। जलिया वाला बाग कांड के बाद वर्ष 1919 में अमृतसर में हुए कांग्रेस के अधिवेशन में पहली बार अध्यक्ष तथा कोलकाता अधिवेशन 1928 में दोबारा अध्यक्ष चुने गए। देश ही नहीं दुनिया में वकालत पेशे में ख्याति प्राप्त कर चुके पंडित नेहरू आजादी के जज्बे से ओत प्रोत हो स्वतंत्रा संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने लगे। अब्दुल गफ्फार खान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ खुदाई खिदमतगार प्रतिरोध आंदोलन के संस्थापक थे। वह एक राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता थे जो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांति वाद के लिए जाने जाते रहे।

संगठन सचिव अनिल यादव ने कहा कि पंडित मोती लाल नेहरू आजादी की लड़ाई के वह महापुरूष थे जिन्होंने उस समय के लाखों रुपए की वकालत छोड़ देश के लिए आजादी के दिवाने हो गये। अपना पुराना घर स्वाराज्य भवन कांग्रेस को दिया जो आजादी की लड़ाई का केन्द्र बना। अब्दुल गफ्फार खान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया इन्हें सीमान्त गांधी के नाम से भी जानती है। वर्ष 1987 में भारत सरकार द्वारा भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में साल्वर बिठाने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**कर्मचारी** चयन आयोग द्वारा आयोजित एसएससी जीडी की आनलाईन परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर साल्वर बैठाने एवं परीक्षा की शुचिता भंग करने वाले साल्वर गैंग के सदस्यों सहित कुल 3 लोगों को परीक्षा केन्द्र देवा महिला महाविद्यालय पाण्डेयपुर वाराणसी से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अजीत कुमार महानन्दपुर थाना नगरनौसा नालन्दा बिहार, सौरभ कुमार यादव ग्राम झुण्डो थाना खैरा जमुई बिहार और शम्भु कुमार सरोज ग्राम पचदेवरा अट्रामपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज के हैं।

एसटीएफ के अनुसार दस जनवरी से प्रदेश के 13 जनपदों में कुल 61 परीक्षा केन्द्रों में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा एसएससी जीडी कान्सटेबल परीक्षा 2022 आयोजित है। इस परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए एसटीएफ टीम काम कर रही थी। अभिसूचना के दौरान एसटीएफ फील्ड इकाई गोरखपुर को सूचना प्राप्त हुई कि प्रयागराज निवासी दिलीप कुमार व सलमान द्वारा एसएससी जीडी परीक्षा में साल्वर बैठाने का काम किया जा रहा है। इस सूचना पर अभिसूचना संकलन का कार्य प्रारम्भ किया गया जिससे ज्ञात हुआ कि उपरोक्त गैंग द्वारा 6 फरवरी को परीक्षा केन्द्र देवा महिला महाविद्यालय पाण्डेयपुर वाराणसी में मूल अभ्यर्थियों के स्थान पर साल्वरों को बैठाकर परीक्षा दिलायी जायेगी। एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहुँचकर साल्वर अजीत कुमार को परीक्षा केन्द्र के अन्दर से एवं इसी परीक्षा केन्द्र के बाहर से सौरभ कुमार यादव, शम्भु कुमार सरोज उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्त सौरभ कुमार यादव व शम्भू कुमार उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि वह प्रयागराज निवासी दिलीप कुमार व सलमान के कहने पर उपरोक्त दोनों साल्वर अजीत कुमार से सम्पर्क करके तथा मूल अभ्यर्थियों से प्रवेश पत्र, आधार कार्ड तथा फोटो प्राप्त करके साल्वर व मूल अभ्यर्थी की प्रवेश पत्र व पहचान पत्र पर फोटो मिक्सिंग कराकर लगाया जाता है। अभ्यर्थियों से पैसा प्राप्त कर साल्वरों को प्रति परीक्षा 20 हजार रूपये दिया जाता है। साल्वर अजीत कुमार द्वारा बताया गया कि उसने सौरभ कुमार यादव एवं शम्भु कुमार सरोज उपरोक्त के कहने पर 6 फरवरी को परीक्षा केन्द्र देवा महिला महाविद्यालय पाण्डेयपुर वाराणसी पर मूल अभ्यर्थी मो नफीस के स्थान पर परीक्षा दे रहा था जिसमें उसे 20000 रूपए सौरभ कुमार यादव एवं शम्भु कुमार सरोज उपरोक्त द्वारा दिया जाता।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मध्यांचल डिस्काम ने जारी किया नया टेंडर

## उपभोक्ता परिषद ने सभी डिस्कामों में निविदा निरस्त करने की उठाई मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मध्यांचल** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर दोबारा सोमवार को जारी कर दिया है। इससे पहले मध्यांचल ने 4 फरवरी को यह टेंडर निरस्त कर दिया था। वहीं दूसरी तरफ राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पूर्वांचल, पश्चिमांचल व दक्षिणांचल में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर का टेंडर निरस्त करने के लिए उप्र विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल की है। उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर को अभिलंब निरस्त करने का मामला उठाया है।

अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजी घरानों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की टेंडर गाइडलाइन को भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रकार अनुमोदित कराया जिससे एक क्लस्टर की लागत लगभग 5400 करोड से लेकर 7000 करोड के बीच में आई। क्योंकि क्लस्टर की लागत इतना ज्यादा थी की देश की मीटर निर्माता कंपनियां चाह कर भी मीटर का टेंडर नहीं खरीद सकी जबकि उत्तर प्रदेश में प्राविधानित पूर्व नियमों के तहत टेंडर इस प्रकार निकाले जाते थे कि केवल मीटर निर्माता कंपनियां ही भाग ले पाए। वह तभी संभव होगा जब उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों में कम से कम दो 2–2 क्लस्टर के टेंडर आगे जारी किए जाएं जिससे निजी घराने भाग ना ले पाए और मीटर निर्माता कंपनियां उसमें हिस्सा ले सके। इससे मीटर की दरों में प्रतिस्पर्धा कायम रहेगी और उसका फायदा प्रदेश के उपभोक्ताओं को मिलेगा। अभी तक ऊर्जा मंत्रालय द्वारा बनाई गई गाइडलाइन के तहत रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड ने जो बिडिंग गाइडलाइन बनाई है उसमें सबसे ज्यादा लाभ देश के बड़े निजी घरानों को होगा। सवाल यह उठता है कि बिचैलिया के माध्यम से मीटर निर्माता कंपनी तक क्यों पहुंचे? जब हमें छोटे–छोटे मीटर के टेंडर में सीधे मीटड निर्माता कंपनियां हिस्सा ले रही है तो हम बिचैलिया के पीछे क्यों भाग रहे हैं यह सब जांच का विषय है। इस मामले में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने मध्यांचल डिस्काम द्वारा स्मार्ट मीटर खरीद के टेंडर रद्द किए जाने का स्वागत करते हुए मांग की है कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर खरीद के सभी टेंडर निरस्त किया जाए।

फेडरेशन ने आरोप लगाया है की एक विशेष निजी कंपनी को टेंडर दिए जाने की मुहिम चल रही थी और टेंडर डालने वाली सभी निजी कंपनियों ने इसे के लिए गुटबंदी कर ली थी। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया की उत्तर प्रदेश में 25000 करोड़ रूपए खर्च करके ढाई करोड़ स्मार्ट मीटर खरीदने का उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने निर्णय लिया था। प्रारंभ से ही फेडरेशन इसका विरोध कर रही थी। जब टेंडर खोले गये तो मध्यांचल डिस्कॉम के टेंडर में सबसे कम दाम अदाणी के थे। अदानी ने लगभग 10 हजार रूपए प्रति मीटर के दाम कोट किए थे जो आरईसी के स्टैंडर्ड बिडिंग मापदंडों के अनुसार निर्धारित 6 हजार रूपए प्रति मीटर से कहीं अधिक थे।

इसी आधार पर मध्यांचल डिस्कॉम ने अदाणी को टेंडर देने के बजाय पूरी टेंडर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है जो स्वागत योग्य है। उन्होंने माँग की की कि उप्र के सभी डिस्कॉम में इसी आधार पर टेंडर प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। उनका कहना है की चार कंपनियों अदाणी, जीएमआर, एल एंड टी, इंटेलीस्मार्ट इन्फ्रा ने टेंडर डाले थे और आपस की मिलीभगत करके उन्होंने टेंडर डालने की प्रक्रिया में गुटबंदी कर ली थी। उन्होंने मांग की कि अनावश्यक तौर पर स्मार्ट मीटर पर 25 हजार करोड़ रूपए खर्च करने के बजाय इसे उत्तर प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को सुदृढ़ करने में खर्च किया जाए तो बिजली की चोरी रोकने में बड़ी मदद मिलेगी और अनावश्यक अपव्यय भी बचेगा।

# यूपी को प्राकृतिक खेती का हब बनाने में मददगार बनेगा आम बजट

● संसदीय कार्यकाल से ही प्राकृतिक खेती पर जोर देते रहे हैं सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्राकृतिक** खेती समय की मांग है। देश के नवीनतम आम बजट में किए गए प्रावधान भी इसकी तस्दीक करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो अपने संसदीय कार्यकाल से ही प्राकृतिक खेती पर जोर देते रहे हैं। ऐसे में अंतर्निहित असीम संभावनाओं के कारण केंद्र के बजटीय प्रावधान का फायदा उठाकर उत्तर प्रदेश आने वाले समय में प्राकतिक खेती के हब के रूप में अग्रसर होने को तत्पर होगा।

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023 का बजट पेश करते हुए अगले तीन वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने की घोषणा की है। स्वाभाविक तौर पर इस घोषणा का सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश के किसानों को मिलेगा। बजट में इसे तकनीक से जोड़ने के लिए देश भर में 10 हजार बायो इनपुट रिसर्च सेंटर भी खोलने की घोषणा की गई है। इससे भी उत्तर प्रदेश के किसान ही सर्वाधिक लाभान्वित होंगे। क्योंकि मुख्यमंत्री की पसंद के नाते उत्तर प्रदेश में इस मामले में पहले से ही बहुत कुछ हो रहा। लिहाजा इस क्षेत्र में जो काम हो रहे हैं उत्तर प्रदेश के लिए वे बूस्टर डोज साबित होंगे। वास्तव में उत्तर प्रदेश पर प्रकृति एवं परमात्मा की असीम अनुकंपा है। इसी वजह से हर क्षेत्र में यहां संभावनाएं भी अपरंपार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बात को बार–बार जोर देकर कहते हैं। स्वाभाविक है कि प्रकृति के अनुरूप किये जाने वाले हर कार्य का सर्वाधिक लाभ भी उत्तर प्रदेश को ही मिलेगा। जन, जल एवं जमीन के लिए प्राकृतिक खेती जरूरी है। परए यह किसानों के लिए तभी लाभप्रद होगी जब इसे तकनीक से जोड़ा जाय। यही वजह है कि जिस मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राकृतिक खेती की चर्चा करते हैं वहां वे इसे तकनीक से जोड़ने की बात जरूर करते हैं। बायो इनपुट रिसोर्स केंद्र के जरिए यह काम आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार कृषि विभाग अब तक करीब 10 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षित कर चुका है। यह सिलसिला जारी है। केंद्र की मदद से यकीनन इसमें और तेजी आएगी। केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत प्रदेश के 49 जिलों में 85710 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसमें 1714 क्लस्टर गठित कर फार्मस फिल्ड स्कूल कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी प्रकार राज्य सेक्टर से बुन्देलखण्ड के समस्त जिलों में 470 क्लस्टरों 23500 हेक्टेयर में दो चरणों में प्राकृतिक खेती कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में 235 क्लस्टर गठित कर फार्मस फिल्ड स्कूल के आयोजन का कार्यक्रम वर्तमान में संचालित है। दोनों योजनाओं अन्तर्गत फार्मस फिल्ड स्कूल संचालन में कुल 93369 कृषक प्रतिभाग कर रहे है।

# राजस्व वसूली में लाएं तेजी: डीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सोमवार** शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियों की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय, क्योंकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र दो माह शेष हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

कहा कि जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, वे उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वे लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराएं। डीएम ने जहां परिवहन विभाग की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बेहतर ना होने पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें,वहीं नगरपालिका परिषद मोहम्मदी की ईओ से लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति कम होने का कारण जाना, निर्देश दिए कि मुनादी कराकर, संबंधित को नोटिस जारी करते हुए राजस्व प्राप्ति करना सुनिश्चित कराएं। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, खनन, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर व गोलाए विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद जिले की सभी कृषि उत्पादन मंडी समितियों की समीक्षा की और मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि मंडी प्रशासक के मार्गदर्शन, देखरेख में विभागीय नियमों का अनुपालन करते हुए मंडियों की सूरत बदलने में जुट जाएं। डीएम ने कहा कि कृषि उत्पादन मंडी समितियों में रंगरोगन, मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार व्यय करते हुए मंडी की सूरत बदले। उन्होंने कहा कि जिले की मंडियों को सुंदर, स्वच्छ बनाते हुए उन्हें आदर्श मंडी के रूप में विकसित करें। जिलाधिकारी ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार को निर्देश दिए कि अपने तहसील क्षेत्रों में अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाये जाएं, प्रभावी रोकथाम लगाये जाने के लिए सतत निगरानी रखते हुए प्रवर्तन कार्यवाही को और तेज करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में साधारण बालू/मिट्टी का अवैध खनन न किया जाय। खनन होने पर वाहन सीज कर दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

## हेडफोन लगाकर बाइक चला रहे सवार की गेट से टकराकर हुई दर्दनाक मौत

**संवाददाता।** सीतापुर

**हरगांव** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखीमपुर हरगांव राजमार्ग पर स्थित ग्राम पिपरा के पास ओवरब्रिज के पास स्थित रेलवे क्रासिंग के पास बाइक पर हेडफोन लगाकर जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार की गेट से टकराकर दर्दनाक मौत हो गयी। लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर ओवरब्रिज के पास रेलवे क्रासिंग पर सोमवार को दोपहर बाइक सवार चाहत वर्मा पुत्र कौशल किशोर निवासी बड़ा गांव, थाना कोतवाली महोली तेज रफ्तार से बाइक यू पी 34एबी 3661 से जा रहा था कि तभी असंतुलन बिगड़ने से गेट से इतनी जोर से टकराया कि वह 40 मीटर दूर जाकर रेलवे पटरी के समीप गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेज दिया।

# संत रविदास जयंती पर हुआ खिचड़ी भोज वस्त्र वितरण कार्यक्रम भी आयोजित

**संवाददाता।** बरेली



**संत** रविदास की 647वीं जयंती के अवसर पर राधा कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट बरेली द्वारा राम जानकी मंदिर परिसर बरेली में एक गोष्ठी,खिचड़ी भोज एवं वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रविदास की जीवन और उनके समाज सुधार के कार्यों को याद किया गया और संत रविदास द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अटेवा के मंडल अध्यक्ष जगदीश गंगवार द्वारा बताया गया कि आज सबसे अधिक आवश्यकता समाज में नौनिहालों की शिक्षा की है यदि समाज एवं देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है तो शिक्षा इसका एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता यादव उप कुलसचिव रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा महिलाओं की शिक्षा पर बोलते हुए कहा गया कि यदि एक पुरुष शिक्षित होता है तो वह अपने परिवार का भरण पोषण करता है परंतु यदि एक महिला शिक्षित होती है तो वह अपने पूरे कुल को शिक्षित करती है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए सोहेल अहमद खान, मुनीश गंगवार, सत्य प्रकाश गंगवार ,तथा ज्ञान सिंह आदि ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के अधिकार कानून द्वारा गरीब एवं असहाय बच्चों की शिक्षा के लिए प्रशंसनीय प्रयास किए जिसके तहत बच्चों को मुफ्त किताबें, यूनिफॉर्म और निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। राधा कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट बरेली द्वारा 101 परिवारों और उनके बच्चों को वस्त्र वितरित किए तथा खिचड़ी भोज का कार्यक्रम भी आयोजित किया। संस्था के कार्यक्रम संयोजक सुनील यादव द्वारा अवगत कराया गया।

# एनईआर जीएम ने रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** सीतापुर

**पूर्वोत्तर** रेलवे के सीतापुर-लखीमपुर और मैलानी से लेकर लखनऊ तक में तैनात रेल अफसरों की सोमवार को लगभग पूरा दिन धड़कनें बढ़ी रहीं। इसकी वजह पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक चंद्रवीर रमण का दौरा बना। महाप्रबंधक जब चीफ इंजीनियर रंजन यादव, यात्री परिवहन प्रबंधक आलोक कुमार सिंह और मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार अन्य शाखा अधिकारियों के साथ निरीक्षण बोगी में सवार होकर लखनऊ से सीतापुर पहुंचे। यहां सीतापुर जंक्शन में उन्होंने सर कुलेटिंग एरिया, अधीक्षक कार्यालय, प्रतीक्षालय, बुकिंग, आरक्षण, प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज आदि का निरीक्षण कर स्वच्छता के स्तर को परखा और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। महाप्रबंधक ने बुकिंग काउंटर पर टाक बैग डिवाइस तथा ओवर ब्रिज पर ट्रेन सूचना का डिसप्ले बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। अन्य विभागीय जांच पड़ताल के साथ महाप्रबंधक ने खान-पान, रेस्ट रूम, व्यायाम कक्ष की व्यवस्थाओं को भी देखा। निरीक्षण के अगले चरण में महाप्रबंधक सहित सभी अधिकारी गण लखीमपुर और उसके बाद मैलानी रेल स्टेशन पहुंचे, वहां भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यथोचित दिशा निर्देश दिए तथा मीडिया से मुखातिब हुए। इसके अलावा बुढ़वल सीतापुर मैलानी रेलखंड के मध्य चल रहे, निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए, सरैंया और बुढ़वल स्टेशनों के बीच रैल ट्रैक के दोहरीकरण और नए विद्युतकरण का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य तमाम वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## महानगर कांग्रेस कमेटी की हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत

**बरेली।** महानगर कांग्रेस की तरफ वार्ड 71 में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान जगतपुर में आयशा पैलेस से लेकर यासीन मस्जिद तक चलाया गया, इसमें कांग्रेसियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और पैदल यात्रा करके राहुल गांधी के सन्देश रूपी पत्र को लोगों में वितरित किया। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत जगतपुर आयशा पैलेस से शाम 6 बजे शुरू हुई और वार्ड 71 के घर घर तक राहुल गांधी का सन्देश लोगों तक पहुचाया।

# सुकन्या खाता खोलो अभियान

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**डाक** विभाग के द्वारा अमृत प्लेक्स प्लस योजना का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दिनांक 10 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा सुकन्या खाता खोलने का लक्ष्य है। आज सोमवार को पूरे जनपद में अभियान चलाया गया जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर हो रहे कन्या पूजन जन्मोत्सव में शामिल होकर 10 वर्ष से छोटी बच्चियों का खाता खोला गया। इस दौरान तुरंत जन्मी एक दिन की बच्ची का खाता खोलकर एक नया रिकॉर्ड बनाया गया। शाखा डाकपाल मूडी श्रीधर के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसानगर में नवजात बच्ची ज्ञान देवी पुत्री संजो देवी का खाता खोला गया। इस अभियान में अब तक 200 से ज्यादा खाता खोला गया है। यह अभियान 10 तारीख तक चलेगा जिसका समापन 10 तारीख को ही किया जाएगा। जनपद वासियों से निवेदन किया गया है कि 10 वर्ष तक की जिन बच्चियों का खाता अभी तक नहीं खुला है वो यह खाता अविलंब खोलवा लें। भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बैंक खाता खोलने की इस महत्वाकांक्षी योजना को केवल 250 रुपए से खोला जा सकता है। और वर्ष भर में न्यूनतम 1000 और अधिकतम 1.5 लाख तक जमा हो सकता है। जिस पर 7.6 पर्सेंट ब्याज है। और आयकर अधिनियम में छूट भी है।

## क्विक न्यूज

### अटेवा की मासिक बैठक आयोजित

ढखेरवा-खीरी। अटेवा के जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य के आवास पर आयोजित की गई। मासिक बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला सरंक्षक संदीप वर्मा ने की और संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजेश पांडेय ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री ने बताया कि पेंशन शिक्षक कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और हम उसे लेकर रहेंगे। जिला सयोंजक विश्वनाथ मौर्य ने अटेवाध्एन एम ओ पी एस के अध्यक्ष विजय कुमार ब्बंधुष् के नेतृत्व में चलाई जा रही देश व्यापी छटे निजीकरण भारत छोड़ो आंदोलन को मजबूत करने पर बल दिया और सभी जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लोग अपने अपने ब्लाकों एवं विभागों में जागरूकता अभियान चलाकर आंदोलन को मजबूत करें क्योकि 2024 के आम चुनाव से पहले सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करने पर मजबूर करने के लिये एक विशाल धरना प्रदर्शन के लिए तैयार रहना है।

### गौ तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया सघन अभियान

**बरेली ।** पूरे जिले में गौ तस्करों और गोकशी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए गए एक बड़े अभियान में पुलिस ने आज 100 से अधिक अभियुक्तों को गोकशी करने के काम आने वाले औजारों और वाहन के साथ गिरफ्तार किया और जेल भेजा। थाना विशारतगंज व अलीगंज पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा थाना विशारतगंज चलाए गए संयुक्त अभियान में गोकशी करने वाले मेहन्दीहसन पुत्र ननहू हसन बगिया मोहल्ला कस्बा व थाना अलीगंज, हसीब कुरैशी पुत्र मोहम्मद अशरफ निवासी कस्बा व थाना अलीगंज, रिजवान पुत्र गफूर खां निवासी खेलम थाना अलीगंज,आरिफपुत्र घसीट खां निवासी ग्राम जैतपुर शरीफपुर थाना विशारतगंज, सद्दाम पुत्र शब्बीर कुरैशी निवासी पुराना बाजार कस्बा व थाना विशारतगंज को मय गौवध करने के उपकरणों सहित मंडोरा तिराहा अलीगंज से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी,गोवध करने के उपकरण (दो अदद कुल्हाड़ी, तीन अदद चापड़, पांच अदद छूरी , दो अदद रस्से) बरामद किया ।

### वारदात की योजना बना रहे तीन चोरों को पुलिस ने दबोचा

**सीतापुर।** एसपी सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर कोतवाली देहात की पुलिस टीम ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर चोरी की योजना बना रहे तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी और दवाइंया बरामद की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफकेस दर्जकर जेल भेजने की कार्रवाई की है। आइए आपको इस पूरे मामले से रूबरू कराते हैं। दरअसल, कोतवाली देहात के इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह के अनुसार चोरी की योजना बनाने की सूचना मिलने पर उन्होंने पुलिस टीम के साथ भवनपुरवा मोड़ के पास दबिश की, जहां पर चोरी की योजना बना रहे तीन चोरों को पकड़ा है। पकड़े गए चोरों में कोतवाली देहात इलाके के रमुवापुर निवासी संतोष, इसी गांव के कन्हई, पिसावां इलाके के मूड़ाकला गांव के छोटे हैं। तीनों के कब्जे से चोरी की 10 हजार 700 रुपये की नकदी, अंग्रेजी दवाइयां, एक टूटी एलसीडी स्क्रीन बरामद हुई है। इसके अलावा चोरी की घटना में इस्तेमाल किए जाने वाले सब्बल , पेचकस, प्लास व चाबियों का गुच्छा बरामद हुआ है।

### त्रिकोण नाथ मंदिर के पास चला पालिका का बुलडोजर

सीतापुर । सीतापुर शहर के मोहल्ला विजय लक्ष्मी नगर लोहार बाग में त्रिकोण नाथ मंदिर के पास नाले पर रखी, आधा दर्जन दुकानों को नगर पालिका के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। आरोप था कि इन अवैध दुकानों के चलते नाले की सफाई नहीं हो पाती है, जिससे गंदा पानी लोगों के घरों में भरता है, स्थानीय शत्रोहन पांडेय ने इसे लेकर पालिका में शिकायत भी की थी। दलबल सहित बुलडोजर लेकर पहुंचे दस्ते का नेतृत्व कर रहे अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी के मुताबिक इस अवैध अतिक्रमण को लेकर संबंधित दुकानदारों को कई बार सूचित किया गया, नोटिस दी गई लेकिन जब अवैध कब्जा बरकरार रहा तो यह कार्रवाई करनी पड़ी है। यह सही है, नालें हो या फुटपाथ उनपर अवैध कब्जा हमेशा आम लोगों के लिए कष्ट दायक होता है, जाहिर है कि इनपर अवैध कब्जे बने रहने की वकालत कोई नहीं करता, लेकिन त्रिकोणनाथ मंदिर पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बीच का जो नजारा कैमरे में कैद हुआ है, वह अफसरों की संवेदनशीलता या यूं कहें मानवता पर सवाल जरूर खड़े करता है।

# खीरी में उत्साह-उल्लास से मना कन्या जन्मोत्सव बेटियों को बचाने और पढ़ाने का लिया गया संकल्प

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**महिला** कल्याण विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सोमवार को जिला महिला अस्पताल, सीएचसी पर कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें नवजन्मी बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी किट मिष्ठान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कैलेंडर, बधाई पत्र आदि प्रदान किए। प्रशासन की इस पहल पर कन्याओं के जन्म लेने पर परिजनों में खुशियां और उत्साह देखने को मिला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा में सदर विधायक योगेश वर्मा ने नवजन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट का वितरण किया। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि हमें बेटी के जन्म पर भी खुशी मनानी चाहिए। देश, समाज के विकास के लिए बेटी की परवरिश पर बराबर ध्यान दिया जाए। बेटियों की शिक्षा के प्रति लोग जागरूक बनें और उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

# ...आंधियों में चराग जलते हैं

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**आमतौर** पर सुर्खियों में रहने वाली यूपी पुलिस में कुछ ऐसे भी 'काबिल कॉप' है जो नायाब तरीके अपनाकर अपराधियों पर शिकंजा कसने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे ही पुलिसिया गुड वर्क को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं जनपद खीरी के थानाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे रविंद्र सोनकर। थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से 'मैडल फॉर एक्सीलेंस इन इन्वेस्टीगेशन' अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। रविंद्र सोनकर ने बताया कि अपने उच्च अधिकारियों के सहयोग से इस थाने को खुबसूरत रूप दिया गया। जिसमें महिला हेल्प डेस्क, साइबर क्राइम रूम, महिला आरक्षी के रुकने तथा आराम करने का रूम, साथ-साथ बेहतर बाथरूम और खूबसूरत मीटिंग हॉल और उसमें लगे खूबसूरत टायल अपनी अलग ही छाप छोड़े हुए हैं, जिसमें लगभग एक साथ 50 लोगों के बैठने की जहां व्यवस्था है एवं दीवान व मुंशी के बैठने के साथ साथ थानाध्यक्ष का कक्ष भी देखते ही बनता है, वहीं थाने में मौजूद ईश्वर का मंदिर मन को शांति और ईश्वर के सर्वशक्तिमान होने का एहसास दिलाता है। थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर ने बताया कि आने वाले हर फरियादी की समस्या को सुनना और तत्काल प्रभाव से उस समस्या का निराकरण करना हमारी प्रथम प्राथमिकता होती है। उन्होंने बताया कि जहां भी मैं रहा हूं यह मेरा शौक और मेरे जीवन का हिस्सा है कि उस थाने और चौकी को बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं ताकि आने वाले लोग स्वच्छ वातावरण में अपनी बात कह और सुन सकें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने एक सबाल के जबाब मे कहा अबैध खनन पूर्ण रुप से बंद है जिन भट्टों की रॉयल्टी जमा है वह दिन के उजाले में अपना काम कर सकते हैं।

# पेज एक का शेष

## तुर्की-सीरिया...

किल्लत से जूझ रहे चिकित्सा केंद्र और अस्पताल जल्द घायलों से भर गए। एसएमएस चिकित्सा संगठन के मुताबिक सैन्य अस्पताल सहित कई अस्पतालों को खाली कराया गया है। यह इलाका प्रमुख भूकंप संभावित क्षेत्र में पड़ता है और वर्ष 1999 में उत्तर पश्चिमी तुर्की में आए इसी तरह के शक्तिशाली भूकंप में करीब 18 हजार लोगों की मौत हुई थी। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र गजियांतेप से करीब 33 किलोमीटर दूर 18 किमी. की गहराई पर था। प्रांतों में इसके झटके महसूस किए गए। सर्वेक्षण के मुताबिक, कुछ घंटे के बाद 7.5 तीव्रता का एक और भूकंप महसूस किया गया, जिसका केंद्र पूर्व के केंद्र से महज 100 किमी. दूर था। तुर्किए की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि यह अलग भूकंप था और झटके के बाद दर्जनों और झटके आने की आशंका है। एजेंसी के ओरहान ततार ने संवाददाताओं को बताया कि दो झटकों के बाद सैकड़ों झटकों की आशंका है। सीरिया के अलेप्पो और हामा शहर से लेकर तुर्किए के दियारबाकीर तक हजारों इमारतों के ध्वस्त होने की सूचना है। राष्ट्रपति ने बताया कि भूकंप से करीब 3000 इमारतें ध्वस्त हो गई हैं। उपराष्ट्रपति ने बताया कि भूमध्य सागरीय तटीय शहर इस्कानदेरोन में एक अस्पताल ध्वस्त हो गया, लेकिन हताहतों की संख्या की तत्काल जानकारी नहीं मिली है। तुर्किए के टेलीविजन स्टेशन ने तस्वीरें प्रसारित की हैं, जिनमें उनके स्टूडियो में रखी टीवी की स्क्रीन चार या पांच टुकड़ों में बट गई। कहरमनमारस शहर में बचाव कर्मियों ने दो बच्चों को जिंदा मलबे से निकाला है और तस्वीरों में दिख रहा है कि बर्फ से ढके मैदान में उन्हें स्ट्रेचर पर लिटाया गया है। अब तक तुर्किए की मदद के लिए दर्जनों देशों के अलावा यूरोपीय संघ और नाटो ने पेशकश की है और तलाशी व बचाव दल से लेकर चिकित्सा और धन भेज रहे हैं। नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी में प्राकृतिक खतरे के विशेषज्ञ डॉ. स्टीवन गॉडबाई ने कहा कि प्रभावित इलाकों से जो तस्वीरें आ रही हैं, उससे प्रतीत होता है कि उल्लेखनीय जान की हानि हुई है, इलाके में सर्दी और गृह युद्ध ने बचाव कार्य में लगे कर्मियों की जटिलता बढ़ा दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी...

तुर्किए में भूकंप के कारण हुए जानमाल के नुकसान से बहुत व्यथित हूं। इस कठिन समय में अपनी संवेदना और समर्थन से तुर्किए के विदेश मंत्री को अवगत कराया। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने तत्काल राहत उपायों पर चर्चा करने के लिए साउथ ब्लॉक में बैठक की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक यह निर्णय लिया गया कि राहत सामग्री के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और चिकित्सा दलों को तुर्किए गणराज्य की सरकार के समन्वय से तुरंत तुर्किए भेजा जाएगा। राहत व बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की दो टीमें, विशेष रूप से प्रशिक्षित श्वान दस्ते और आवश्यक उपकरण भूकंप प्रभावित क्षेत्र में उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। दोनों टीमों में 100 कर्मी शामिल हैं। पीएमओ ने कहा कि आवश्यक दवाओं के साथ प्रशिक्षित डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के साथ मेडिकल टीमों को भी तैयार किया जा रहा है। राहत सामग्री तुर्किए गणराज्य की सरकार और अंकारा में भारतीय दूतावास और इस्तांबुल में महावाणिज्य दूतावास कार्यालय के समन्वय से भेजी जाएगी। बैठक में कैबिनेट सचिव, गृह मंत्रालय, एनडीएमए, एनडीआरएफ, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, नागरिक उड्डयन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## संसद में...

सदस्यों से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होने देने की अपील करते हुए कहा कि सदस्य (अडाणी मुद्दे पर) जो बोलना चाहें, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में बोल सकते हैं। उन्होंने कहा, संसद की परंपरा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सबसे पहले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। सदस्य चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकते हैं। इस विषय पर वित्त मंत्री को जो कहना था, सार्वजनिक रूप से कह चुकी हैं। हालांकि हंगामा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति सोलंकी ने कुछ ही मिनट बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरु होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के तिरुचि शिवा सहित दस सदस्यों की ओर से, नियम 267 के तहत नियत कामकाज निलंबित करने और उनके मुद्दों पर चर्चा के लिए नोटिस मिले हैं। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल सहित दो सदस्यों के नोटिस विलंब से मिले हैं। उन्होंने कहा कि आसन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुरूप नहीं होने की वजह से ये नोटिस स्वीकार नहीं किए गए। इस पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। सभापति ने कहा कि शून्यकाल के लिए सदस्यों द्वारा दिए गए नोटिस स्वीकार किए गए हैं और सदस्य अपने-अपने मुद्दे इसके तहत उठाएं। उन्होंने वाईएसआर सदस्य वी विजय साई रेड्डी को शून्यकाल के तहत अपना मुद्दा उठाने के लिए कहा। हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से सभापति ने कहा यह उच्च सदन है। मैंने पहले भी बार-बार कहा है और एक बार फिर कह रहा हूं कि सदन में जनहित के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। पूरे देश की निगाहें हम पर हैं। सदन में व्यवस्था बनते न देख सभापति ने 11 बजकर करीब 12 मिनट पर बैठक अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## युवाओं के...

कराते हुए अपने छात्रों को तैयार करें। दीक्षांत समारोह के दौरान 47 छात्रों को पीएचडी, 561 को परास्नातक और 2085 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत समारोह में उपाधियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी अपने पाठ्यक्रम में देना चाहिए। खासकर युवाओं और छात्रों से जुड़ी योजनाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। अगर कोई छात्र स्टार्टअप स्थापित करना चाहता है तो उसे पीएम मुद्रा योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के बारे में शिक्षण संस्थानों के लेवल पर ही जानकारी उपलब्ध होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने पीएम इंटर्नशिप, सीएम इंटर्नशिप और अभ्युदय जैसी योजनाओं के बारे में भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। सीएम ने कहा कि हमें अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी और पैकेजिंग पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने अगर यूपी में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र पर पहले ही ध्यान दिया होता तो आज प्रदेश टेक्निकल स्किल का हब होता। सीएम ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बताया कि प्रदेश में एमएसएमई का सबसे बड़ा बेस मौजूद है। यूपी में आज एक लाख साठ हजार करोड़ का एक्सपोर्ट प्रतिवर्ष हो रहा है। इस क्षेत्र में स्टार्टअप की बहुत बड़ी संभावनाएं हैं। मगर इसके लिए शिक्षण संस्थाओं को आगे आते हुए ट्रेनिंग देने का कार्य करना होगा। सीएम ने कहा कि एक शिक्षण संस्था को दूसरे शिक्षण संस्था के साथ एमओयू करना चाहिए और एक दूसरे के साथ ज्ञान का आदान प्रदान हो सके।

## हाइड्रोजन के...

मामले में दुनिया का अग्रणी देश बनाने पर जोर दिया। हाइड्रोजन सबसे स्वच्छ ईंधन माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री के साथ बैठक में तेल कंपनियों की तरफ से तेल एवं गैस क्षेत्र में कर को 70 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत करने की मांग रखी गई। वहीं कुछ उद्योगपतियों ने स्व-प्रमाणन के जरिए कारोबारी सुगमता बढ़ाने पर जोर दिया।

## आधा हुआ...

दस में से छह कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। अडाणी ट्रांसमिशन का शेयर 10 प्रतिशत टूट गया जबकि अडाणी टोटल गैस, अडाणी पावर, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी विल्मर के शेयरों में पांच-पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 0.74 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। हालांकि शुरुआती कारोबार में इसका शेयर 9.50 प्रतिशत नीचे आ गया था लेकिन बाद में इसकी स्थिति सुधर गई। समूह की चार कंपनियों ने गिरावट के रुख के बीच भी बढ़त दर्ज की। इनमें अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड में 9.46 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रही। अंबुजा सीमेंट में 1.54 प्रतिशत, एसीसी में 2.24 प्रतिशत और एनडीटीवी में 1.37 प्रतिशत का सुधार देखा गया। स्टॉक्सबॉक्स के शोध प्रमुख मनीष चौधरी ने कहा कि पिछले नौ कारोबारी दिनों में समूह की सभी कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 9.5 लाख करोड़ रुपए यानी करीब 49 प्रतिशत तक गिर चुका है।

## विक्टोरिया गौरी...

बाधा उत्पन्न हुई। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के समक्ष केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला वकील को पदोन्नत करने का प्रस्ताव कथित तौर पर तब विवादास्पद हो गया, जब उनकी भाजपा से कथित संबद्धता के बारे में खबरें सामने आईं। मद्रास उच्च न्यायालय के बार के कुछ सदस्यों ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखकर गौरी को उच्च न्यायालय की अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश को वापस लेने की मांग की थी। पत्र में आरोप लगाया गया था कि गौरी ने ईसाइयों और मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने वाली टिप्पणी की थी। प्रधान न्यायाधीश की अगुआई वाली पीठ ने कहा कि चूंकि हमने घटनाक्रम का संज्ञान लिया है, हम इसे मंगलवार सुबह सूचीबद्ध कर सकते हैं।

## द. कोरिया...

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। उम्मीद है कि कुशीनगर भारत में बौद्ध सर्किट के लिए एक प्रवेश द्वार का काम करेगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्वा चंद्रा ने कहा कि सर्किट पर्यटकों को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का अनुभव करने और बुद्ध के जीवन काल में उनके पदचिह्नों का पता लगाने में मदद करना चाहता है। चंद्रा ने कहा कि पैदल यात्रा दुनिया भर में भारत के बौद्ध पर्यटन सर्किट को लोकप्रिय बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि केंद्र, उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारें तीर्थयात्रियों को इस दौरान सुरक्षा और सड़क के किनारे हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। ये तीर्थ यात्री 43 दिन की यात्रा पर आ रहे हैं।

# इजरायली पर्यटकों के मन को भाया पौराणिक तीर्थ चित्रकूट




● हजारों वर्षों की सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है भारत-इजरायली पर्यटक

**संवाददाता।** चित्रकूट

**भारत** को दुनिया में सांस्कृतिक रूप से सबसे खूबसूरत देशों में से एक माना जाता है। यह अपनी विविधता, आध्यात्मिकता और हजारों वर्षों की सांस्कृतिक विरासत के लिए सुविख्यात है। अतिथि देवो भव की भारतीय संस्कृति से प्रभावित होकर भारत भ्रमण पर आयी दो इजराइली महिला पर्यटक सोमवार को भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंची। इनकी यात्रा की सबसे खास खूबसूरत बात यह है कि करीब 9 महीने से ये विदेशी मेहमान लोगों से लिफ्ट मांगते हुए भारत के कई पौराणिक शहरों की यात्रा करते हुए चित्रकूट पहुंचे है।

अतिथि देवो भव की अवधारणा को आत्मसात कर मेहमानों का स्वागत करने की भारत की प्राचीन परंपरा से प्रभावित होकर इजराइल से अवीव और जूडिक दो विदेशी महिला मेहमान भारत दर्शन को आयी हुई है। भारत पहुंचने के बाद दोनों मेहमानों ने देश के पौराणिक तीर्थों को घूमने के लिए नायाब तरीका अपनाया हुआ है। लोगों से लिफ्ट मांगते हुए दोनों मेहमानों ने बीते 09 महीने में गोरखपुर,नेपाल, बनारस,मथुरा,आगरा आदि आध्यात्मिकता से जुड़े तीर्थ स्थलों के दर्शन करते हुए भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट पहुंचे है। विश्व विख्यात पौराणिक तीर्थ चित्रकूट पहुंचने के बाद सबसे पहले पत्रित मंदाकिनी नदी में स्नान करने के बाद गंगा आरती देखने के बाद रामघाट में भगवान ब्रह्मा द्वारा स्थापित प्राचीन शिवलिंग स्वामी मतगयेंद्रनाथ के दर्शन पूजन करने के बाद मनोकामनाओं के पूरक भगवान कामतानाथ के दर्शन करने के बाद कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा लगाई।इसके बाद डॉ राम मनोहर लोहिया द्वारा चित्रकूट में शुरू कराई गई राष्ट्रीय रामायण मेला के 18 फरवरी से होने जा रहे 50 वे महोत्सव की चल रही तैयारियों को भी देखा गया। साथ ही आयोजन समिति के महामंत्री करूणा शंकर द्विवेदी से राष्ट्रीय रामायण मेला के गौरवशाली इतिहास की भी विस्तृत जानकारी हासिल की।

इजराइल से आई अवीव और जूडिक ने भारत भ्रमण के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि पर्यटन की दृष्टि से भारत से अच्छा दूसरा कोई देश नही है। यहां मेहमानों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। भारत दुनियाभर में अपनी विविध संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। भारत में कई ऐतिहासिक स्थल हैं जिनकी वास्तुकला आंखों को खुश कर देती है। उन्होंने बताया कि पिछले 9 महीने से वह दोनों लोगों से लिफ्ट मांग कर यात्रा कर रहीं है। उनके मुताबिक चित्रकूट में उन्हें अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का अहसास हुआ है। उनका कहना है कि पूरी यात्रा में उन्हें कहीं असुरक्षा व असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

## पिकअप की छत की रॉड टूटने से नीचे गिरी, आधा दर्जन छात्राएं घायल

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कल्यानगढ़ में पिकअप गाड़ी के ऊपर लगे रॉड को पकड़ कर गाड़ी में खड़े-खड़े राजकीय बालिका इंटर कालेज आ रही एक दर्जन से ज्यादा छात्राएं रॉड टूट जाने से घायल हो गई। जिन्हें एम्बुलेंस ने इलाज के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को सुबह करीब नौ बजे छात्रा नंदनी(15) पुत्री गुरुशरण निवासी नागर, तन्वी (18) पुत्री इंद्र कुमार पांडे निवासी नागर, मोनिका(15) पुत्री उमेश पांडे निवासी नागर,पूजा (12)पुत्री पारसपाल निवासी नागर व तनु पांडे (14) पुत्री संजय कुमार निवासी रामपुर सभी अपने गांव से सवारी लेकर रही पिकअप में बैठकर अपने स्कूल राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर में चल रहीं परीक्षा देने के लिए जा रही थीं।

# अवैध कब्जा रुकवाने पर जिला पंचायत सदस्य ने की मारपीट

**संवाददाता।** फतेहपुर

**बैनामाशुदा** जमीन पर जिला पंचायत सदस्य अवैध कब्जा करने की नियत से बाउंड्रीवाल करके गेट लगा रहा था। जब इसकी जानकारी जमीन के मालिक को हुई तो उसने हस्ताक्षेप करके अवैध निर्माण रूकवा दिया। जिससे खुन्नस खाये जिला पंचायत सदस्य ने अपने साथियों संग मिलकर जमीन मालिक के परिवार की पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया तो पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के शंकरनगर निवासी अमरजीत पुत्र छोटेलाल ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि सगे भाई शिवांग व माता रामदेवी के साथ हरिजन आबादी नं. 234 क्षेत्रफल 246.12 वर्ग मीटर लक्ष्मीना पत्नी कल्लू निवासी देवरी बुजुर्ग तहसील बिंदकी से जरिये बैनमा खरीदी थी। जिस पर चार फरवरी को जिला पंचायत सदस्य उदयशंकर पटेल निवासी रामपुर थाना बकेवर अपने साथियों के साथ जमीन पर पहुंचा और अवैध कब्जा करने की नियत से बाउंड्रीवाल कराकर गेट लगा रहा था। जब इसकी जानकारी उनको हुई तो वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया। जिस पर लाठी-डंडो व धारदार हथियार से लैस जिला पंचायत सदस्य व उसके गुर्गों ने गाली-गलौज करके भगा दिया। जिस पर उसने एसडीएम को मामले की जानकारी दी। एसडीएम के हस्ताक्षेप पर अवैध निर्माण कार्य रूक गया। जिससे खुन्नस खाये जिला पंचायत सदस्य अपने साथियों के साथ उनके घर आया और परिवारीजनों को पीटने लगे। जिससे परिवार के लोग घायल हो गये। इतना ही नहीं मारपीट के दौरान सोने की चेन व मोबाइल भी छीन ले गये।

## राष्ट्रीय रामायण मेला स्वर्ण जयंती पर होंगे भव्य कार्यक्रम : जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रामायण मेला की 50वीं स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाने को लेकर हुई बैठक में संबंधित अधिकारियों व मेला समिति के आयोजकों से चर्चा की गई। सोमवार को रामायण मेला परिसर सीतापुर में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर लोगों को जानकारी दें। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिये कि साफ-सफाई, स्वागत द्वार एवं लाइट की व्यवस्था मेला से पहले करा लें। लोनिवि से कहा कि मोरम आदि डलवा दें। सीएमओ से कहा कि स्वास्थ्य विभाग का शिविर 24 घंटे लगा रहे। एएसपी से कहा कि कानून व्यवस्था को पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करायें। उन्होंने रामायण मेला के आयोजकों से कहा कि समारोह की रुपरेखा बना लें।

# राम व रामायण का अपमान किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं : उमा भारती




**राठ** (हमीरपुर)। आज राठ कस्वा स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित छात्र शंखनाद जिला सम्मेलन में मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि मध्य प्रदेश को शराब से बहने से बचाना चाहती हू। इसके लिये उन्होने एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की है,उन्होने रामचरित मानस पर उठे विवाद पर कहा कि वह राम व रामायण का अपमान किसी भी दशा में बर्दाश्त नही करेगी।

राठ कस्वे के चित्रगुप्त इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि उन्हे विद्यार्थी परिषद के साथ काम करने में आनंद की अनुभूति होती है। उन्होने कहा स्वामी ब्रम्हानंद समाज का हित व एकता चाहते थे, जब वह नौ साल की थी तब से स्वामी ब्रम्हानंद जी के संपर्क में आती जाती थी। उन्होने कहा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शीघ्र सीएम शिवराज सिंह चौहान को प्रस्ताव दे कि मध्य प्रदेश में शराब बंदी लागू की जाये। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य खराब होने से पांच साल ब्रेक लिया है आखिरी सांस तक राजनीति करती रहूगी। जब तक किसान गायों की उपयोगिता नही समझेगे तब तक अन्ना प्रथा समाप्त नही होगी। उन्होने तर्क दिया कि शिक्षा से एक किलोमीटर,मंदिर से आधा किलोमीटर मजदूरो की बस्ती से आधा किलोमीटर,अस्पताल अदालतों से शराब ठेके दूर रखे जाये। विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री निर्मल तिवारी ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण बंद होना चाहिये।

## टोल फ्री हेल्पलाइन बुजुर्गों के लिए होगी बड़ी उपयोगी : जिलाधिकारी




**उरई ( जालौन )।** सोमवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों द्वारा माहिल तालाब से निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए 14567 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस टोल फ्री हेल्पलाइन से बुजुर्ग नागरिकों की समस्या निस्तारण में उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि इस टोल फ्री नंबर से वरिष्ठ नागरिक पेंशन, कानूनी मुद्दों, राशन कार्ड, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना सहित अन्य प्रकार की जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। यही नहीं, यह भावनात्मक रूप से मदद करते हुए उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार के मामले में भी सहायता प्रदान करेगा साथ ही साथ बेघर हुए बुजुर्गों को राहत प्रदान करेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यम त्रिपाठी आदि सहित वरिष्ठ नागरिक गण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### लखनऊ-जालौन बस सेवा शुरू होने का यात्रियों ने किया स्वागत

**जालौन (उरई)।** लखनऊ से जालौन बस सेवा शुरू हुई। बस सेवा शुरू होने से यात्रियों ने हर्ष व्यक्त किया। लोगों को अब लखनऊ पहुंचने के लिए न तो बसों को बदलना पड़ेगा और न ही उनका अतिरिक्त समय खर्च होगा। वहीं यात्रियों ने जालौन से झांसी तक बस सेवा शुरू कराने की मांग की है। परिवहन विभाग के आरएम तुलाराम ने जानकारी देकर बताया कि नगर के लोगां की मांग थी कि जालौन से लखनऊ तक परिवहन विभाग की सीधी बस सेवा शुरू की जाए। क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों को पूरा करते हुए जालौन से लखनऊ बस सेवा शुरू कर दी गई है। उन्नाव डिपो की बस सुबह 7 बजे जालौन से लखनऊ के लिए निकलेगी। यह बस उरई कानपुर होकर दोपहर 1 बजे लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से अपरान्ह 2 बजे उक्त बस जालौन के लिए निकलेगी। जो रात्रि लगभग 8 बजे जालौन पहुंचेगी।

### महिला को जाल में फंसाकर उसके जेवर ले उड़े टप्पेबाज

**मौदहा (हमीरपुर)** नगर के एक मोहल्ला में टप्पेबाजों ने गृहस्थ महिला को अपने शब्द जाल में फंसा कर जेवर साफ करने की बात कहते हुए तीन लाख पच्चीस हजार के जेवरों पर हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए घर पहुंचे पति को पत्नी ने पूरी दास्तां बताई। कस्बा के गुप्ता पेट्रोल पंप के पीछे रहने वाले राम लखन अहिरवार ने पुलिस को बताया कि वह कुछ सामान लेने बाजार आया था तभी दो लोग मेरे घर पहुंचे और पत्नी को जेवर साफ कराने के जाल में फंसा कर दो झुमकी सहित दो मंगलसूत्र सहित पायल साफ कराने को दे दी जिस पर टप्पेबाजों ने विश्वास जमाते हुए पायल साफकर महिला को दे दी और साफ पानी मांगा जब महिला पानी लेने गई तो उसी दौरान सोने के जेवरात लेकर मौके से नदारद हो गए जिससे पत्नी की हालत खराब हो गई। पीड़ित पति ने बताया कि उसके मकान के पास रहने वाले सरमन आढ़ती के सीसीटीवी कैमरे में उक्त बदमाशों की गतिविधियां कैद हो गई हैं जिन्हें खंगाल कर टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

### पुत्र ने गला दबाकर किया हत्या का प्रयास

**राठ** (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलरख निवासी मनकी पत्नी रामेश्वर ने बताया कि उसके पति का 20 वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। सोमवार की सुबह करीब छह बजे उसका पुत्र नृपत बिना कारण के साथ मारपीट करने लगा। पुत्र ने गला दबाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रौरौ निवासी क्रांति पत्नी मनोहर राजपूत ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति घर व खेत जाते समय रास्ते में रोककर गाली गलौज करता है। कहता है कि पुराने विवाद में उसका कुछ नहीं कर पाया है। अब वह फिर उसे व उसके पुत्र को मारेंगा। विरोध करने पर जान माल की धमकी देता है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### 13 मार्च को सहारनपुर से शुरू होगी व्यापारी स्वाभिमान यात्राः डा. दिलीप



**उरई** (जालौन)। उप्र उद्योग व्यापार मंडल वर्ष 2023 में अपनी स्थापना के 50 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुये व्यापार मंडल 6 से 28 फरवरी तक व्यापार मंडल व्यापारियों के प्रतिष्ठान कार्यक्रम के तहत अपने जिले के सभी नगर, तहसील, कस्बे की बाजार इकाइयों में आम व्यापारियों से संपर्क करेंगे। इसी क्रम में 13 मार्च से सहारनुपर से व्यापारी स्वाभिमान यात्रा की शुरूआत होगी जो पूरे प्रदेश में भ्रमण करेगी। उक्त बात उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री डा. दिलीप सेठ व जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कही। गहोई धर्मशाला में आयोजित वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि 13 मार्च से सहारनपुर से व्यापारी स्वाभिमान यात्रा चलकर 25 मार्च को जनपद के कुठौंद, मदारीपुर, जालौन होते हुये जिला मुख्यालय उरई में आयेगी इसके बाद वह एट का भ्रमण करेगी। यात्रा में एक डिजिटल रथ व सुझाव पेटी भी होगी जिसमें आम व्यापारी अपनी समस्याओं से संगठन को अवगत कराने का काम करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिन समस्याओं को व्यापार मंडल केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रियों के माध्यम से समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

### एसपी ने व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित



**खागा (फतेहपुर)।** पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह खागा कोतवाली पहुंचे व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला को जनपद में समाजिक कार्यों हेतु गत वर्ष 2022 में हिंदू मुस्लिम समुदाय के समस्त त्योहारों में पुलिस विभाग का कंधे से कन्धा मिलाकर आपसी भाईचारे वा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर उनको सम्मानित करते हुए बधाई दी व उनसे उम्मीद भी किया कि इस वर्ष 2023 में भी पूर्व की ही भांति पुलिस विभाग को सहयोग मिलता रहेगा और इस वर्ष भी समाज में अच्छे कार्य व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का कार्य करेंगें। सम्मानित होने के बाद व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने हम जैसे समाज सेवियों का सम्मान करके हमारा उत्साहवर्धन किया है। हम अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं, जो हम समाज में अच्छे कार्य करते हैं तो उनका भी मूल्य अवश्य होता है।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का निर्वाचन आज

**उरई** (जालौन)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह व मंत्री हरीश कुमार राठौर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में संयुक्त रूप से बताया कि परिषद का द्विवार्षिक निर्वचन/चुनाव नवीन कार्यकारिणी के चयन हेतु 7 फरवरी को आकांशा रिसोर्ट में संपन्न होगा। जिसमें संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन के चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री व सम्प्रेक्षक पर ही निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी।

### पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने मांगों को लेकर की कलमबंद हड़ताल

**फतेहपुर।** विभागीय उच्चाधिकारियों के हठधर्मिता के कारण खण्डीय सहायकों स्थायीकरण, पदोन्नति, ज्येष्ठता सूची में नाम न जोडे जाने के कारण उ0प्र0 मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रान्तीय कार्यकारिणी के आहवान पर सोमवार को पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने कलमबंद हड़ताल करके विरोध प्रदर्शन किया। आठ से दस फरवरी तक क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय व तेरह फरवरी को प्रमुख अभियंता कार्यालय लखनऊ में विरोध प्रदर्शन होगा।

# कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने उद्यमियों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**कानपुर** देहात में आज का दिन इतिहास के पन्नों में अमर हो गया, जब जनपद में पहली बार इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया। अकल्पनीय और अद्भुत दृष्यों के समागम के साथ लोगों की भागेदारी, उद्यमियों और व्यापारियों की सहभागिता और जिलाधिकारी का उत्साह देखते ही बनता था। जनपद को किस तरह औद्योगीकरण के रास्ते पर डालकर रोजगार के अवसर पैदा किये जायें, इस इन्वेस्टर्स समिट का मूल उद्देश्य रहा।

जनपद को देहात से ग्रेटर कानपुर बनाने हेतु जिलाधिकारी ने इस विशेष पहल की शुरुआत कर जनपद को विकास के रास्ते पर अग्रसर किया है। आज के दिन लगभग 17 हजार करोड़ के 164 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिसमें 70 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। इस मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये, जिसमें सर्वप्रथम संयुक्त आयुक्त उद्योग कानपुर श्री सर्वेश्वर शुक्ला ने उद्योगों से सम्बन्धित सभी नवीन नीतियों का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात औद्योगिक परिवेश के लिए उभरता हुआ जिला है। इस जिले में उद्योगों के विकास की अपार संभावनाऐं है। उन्होंने उद्यमियों से नये एमएसएमई निजी पार्क विकसित करने का आवाहन किया, जिसके क्रम में उद्यमी विजय गुप्ता द्वारा इस हेतु सहमति दी गयी। साथ ही एक अन्य उद्यमी श्री विनय प्रकाश गुप्ता ने भी फ्लेटेड फैक्ट्री बनाने की सहमति दी। एचबीटीआई की असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ सोमा बनर्जी ने कानपुर देहात के ओडीओपी प्रोडक्ट प्लास्टिक के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों पर भी अपने विचार व्यक्त किये। आईआईए कानपुर देहात के चेयरमैन राजीव शर्मा द्वारा कार्यक्रम के भव्य आयोजन हेतु जिला प्रशासन की भूरि.भूरि प्रसंसा की, साथ ही जिलाधिकारी को इस विशेष कदम के लिए कोटि.कोटि धन्यवाद अर्पित किया। उन्होंने कहा कि 'हमारा उद्देश्य है कि चीन की भॉति हम हर घर को उद्योग के रास्ते पर ले जायें, जिससे हमारा देश विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।' साथ ही उन्होंने कहा कि उद्योगों को ज्यादा से ज्यादा प्रशासन द्वारा सहयोग किया जायेए जिससे उद्यमियों को छोटी.छोटी समस्याओं का सामना न करना पड़े। उद्यमी विजय अग्रवाल, स्पर्श इन्डस्ट्रीज, द्वारा इस बात के लिए कानपुर देहात प्रशासन को धन्यवाद अर्पित किया गया कि कानपुर देहात जनपद में उद्यमियों की समस्याओं का निदान त्वरित हो जाता है, इसीलिए यहां पर औद्योगीकरण की संभावनाएं भी सबसे ज्यादा हैं।

# पुलिस ने 48 घंटे के अंदर चोरों को धर दबोचा, 36 पावर प्लेटें बरामद



**उरई** (जालौन)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपने कार्यों को सही ढंग से अमलीजामा पहनाने में लगे थानाध्यक्ष ने मुखबिर की सूचना पर 48 घंटे के अंदर सोलर प्लांट में सेंधमारी करने वाले चोरों को गिरफ्तार कर लिया। बल्कि पुलिस ने चोरों के पास से चोरी का शत प्रतिशत माल भी बरामद कर लिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन में 24 जनवरी व बीती 5 फरवरी को सौर ऊर्जा प्लांट से प्लेटों की चोरी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी थी। चोरी का खुलासा करने में लगे थानाध्यक्ष सोमवार को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाने में लगे हुए थे। तभी चेकिंग दौरान थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने मुखबिर की सूचना पर इटौरा चौराहे पर एक लोडर को रोक लिया।

चेकिंग के दौरान उसमे रखी 36 सौर ऊर्जा की प्लेट बरामद कर ली गईं। वही पुलिस ने लोडर पर सवार रामेश्वर पाल निवासी ग्राम कुनहेटा, विक्रम निषाद, ओमप्रकाश निषाद निवासीगण अल्मोडी डेरा, पवन निषाद को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि चोरी करने वाली प्लेटो को वह जंगल मे रखते थे। मौका मिलने पर उन्हें कबाड़ की दुकान में बेच देते थे। जिस पर पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले अमीर मंसूरी निवासी कगजीपुरा थाना कालपी को भी गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल चोरों के पास से शत प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया।

# प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन की तहसील इकाई कायमगंज का हुआ गठन

● वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र नाथ मिश्रा बने अध्यक्ष, अतुल कुमार रस्तोगी महामंत्री

**संवाददाता।** कायमगंज, फर्रुखाबाद



**प्रिंट** एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा के पर्यवेक्षण में कायमगंज तहसील इकाई का सर्वसम्मति से गठन हुआ। नगर के सीपी सभागार में आज बड़ी संख्या में उपस्थित कलमकारों के बीच गहन विचार- विमर्श के बाद सर्वसम्मति स`प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन कायमगंज तहसील इकाई का गठन संगठन के प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा के पर्यवेक्षण में किया गया। नव मनोनीति कायमगंज तहसील इकाई में संरक्षक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार जयपाल सिंह यादव व वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार गुप्ता तथा कायमगंज तहसील इकाई के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र नाथ मिश्रा , महामंत्री अतुल कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा ,उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र तिवारी ,दानिश खान, मजहर अली, धर्मेंद्र पाल ,तथा वरिष्ठ सचिव अनुराग सिंह गंगवार ,मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह राजपूत ,संगठन मंत्री सुनीत दीक्षित, संयुक्त सचिव अजीम अली, सचिव सुचित,मंत्री अंकित गुप्ता, सदस्य कार्यकारिणी में नीरज कुमार गुप्ता, अश्वनी शाक्य ,माहीन खान ,प्रभात यादव शामिल है ।

एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा ने सभी नव मनोनीति पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि संगठन सदैव आपके साथ है आपको मान-मर्यादा में रहकर निष्पक्ष ढंग से कार्य करना होगा। आपके मान सम्मान व हको के लिए एसोसिएशन ने सदैव लड़ाई लड़ी है आगे भी हर कदम पर आपके साथ है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश प्रभारी अनिल मिश्रा का फूलमालाओं से भव्य रुप से स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सैद्धांतिक नियमों के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

# कंटेनर में छिपा कर ले जाया जा रहा अस्सी लाख का गांजा पकड़ा

**संवाददाता।** फतेहपुर



● दो अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**डीसीएम** कंटेनर में छिपा कर ले जा रहे गांजा की खेप को ललौली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने लाखों की कीमत का गांजा बरामद कर अन्तर्राजीय दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन में एसपी राजेश सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक राजेश सिंह ने अपनी टीम के साथ सोमवार को चेकिंग के दौरान कोर्राकनक मोड़ के पास से गांजा लदी डीसीएम को पकड़ा। टीम ने गांजा तस्कर अनिल कुमार निवासी बिंझपुर अलवर राजस्थान और श्री भगवान निवासी बहुआ रेवाडी हरियाणा को गिरफ्तार किया। दो लोग फरार है। पुलिस टीम ने डीसीएम में केबिन के बगल में बनाये गए गोपनीय बॉक्स से 5 कुन्तल 6 किलो गांजा, एक तमंचा बरामद किया। एसपी ने बताया कि आरोपी पुलिस को भ्रमित करने के लिए डीसीएम में पुराना फर्नीचर लोड कर लेते थे और गांजा छिपाने के लिए एक गोपनीय बॉक्स बना रखा था। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा की कीमत करीब 80 लाख रुपया है। आरोपी विशाखापट्नम से गांजा लेकर आ रहे थे। इसकी सप्लाई पूर्वी उत्तर प्रदेश में होनी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी प्रदेश के अलावा दिल्ली, बिहार सहित कई राज्यों में सप्लाई करते हैं। एसपी ने टीम को 25 हजार का नगद इनाम दिया है और आईजी स्तर से भी 50 हजार का इनाम दिलाने की सिफारिश की है।

# हरे पेड़ों की कटान से मिला मुनाफा हजम करने को लेकर मामा ने ही तो नहीं कर दिया भांजे का कत्ल!

## पिता ने अपने साले समेत चार साझीदारों को किया नामजद, हत्या का मुकदमा, एक गिरफ्तार!

## परिजनो ने समर्थकों की भीड़ के साथएसपी ऑफिस पर दिया धरना

**रायबरेली।** क्या, हरे भरे पेड़ों की कटान से हुआ मुनाफा हजम करने के लिए, सगे मामा ने ही अपने भाञ्जे का कत्ल कर दिया या भाञ्जे की मौत एक हादसा थी? इस सवाल का जबाव तो पुलिस की जाँच के बाद मिलेगा, लेकिन यदि डीएम, एसपी व डीएफओ सतर्क होते तो हरियाली को तहस-नहस होने से बचाया जा सकता था और एक होनहार नौजवान की मौत को टाला जा सकता था। फिलवख्त मामला कानून की चौखट पर है। समय के साथ सच्चाई भी सामने आ ही जायेगी।समिति के पदाधिकारी इस कटान को रोकने के लिए जिम्मेदार हुक्मरानो की चौखट के चक्कर काटने लगे, लेकिन विभिन्न प्रकार के दबाव व प्रभाव के आगे नतमस्तक प्रशासन ने हरे पेड़ों की कटान रोकने की कोई कोशिश नहीं की। परिणाम है कि समिति द्वारा तैयार हजारो हरे प्रतिबंधित पेड़ कटवा कर बेच लिए गये। इसी कटान, बिक्री व मुनाफे के बटवारे को लेकर साझीदारों मे विवाद हुआ और एक युवक की मौत हो गई।विवाद के बारे मे मिली जानकारी के मुताबिक हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के सोहाईबाग निवासी अभय प्रताप सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह, शशाँक सिंह पुत्र गिरीश सिंह, राजकुमार सिंह उर्फ धीरेन्द्र पुत्र स्व0 राघवेंद्र सिंह निवासी चकसुन्डा, दीपक सिंह पुत्र श्रीनाथ सिंह उर्फ भोंदू निवासी बड़ा पूरा एवं मोनू सिंह पुत्र स्व0 रमाकान्त सिंह निवासी मलिकमऊ चौबारा थाना गुरुबक्शगंज आपस मे मिल जुल कर हरे पेड़ो की कटान करा रहे थे। साझीदारों मे चकसुन्डा निवासी राजकुमार, अभय सिंह का मामा है। अभय के पिता के मुताबिक शनिवार की सुबह शशांक ने अभय को वानिकी परिसर मे हिसाब करने के लिए बुलाया। अभय मौके पर गया लेकिन वापस नही लौटा। शनिवार की देर शाम अभय के मामा राज कुमार ने अभय के घर पर सूचना दी कि अभय का एक्सीडेन्ट हो गया है। बेटे के चोटिल होने की सूचना मिली तो सभी परिजन जिला अस्पताल पहुँचे, लेकिन डाक्टरों ने तब तक अभय को लखनऊ भेज दिया। एजीपीजीआई मे अभय का करीब तीस घन्टे इलाज चला लेकिन रविवार की देर रात उसकी मौत हो गई।अभय के पिता व उसके सैकड़ो समर्थक रविवार की देर रात अभय का शव लेकर गुरुबख्शगंज थाने पहुँचे और बेटे की हत्या का मुकदमा दर्ज करने की माँग समर्थकों के साथ परिजन एसपी आफिस पर धरना देने पहुँच गये। अपर पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद परिजन वापस लौट गये। मामले मे मृतक अभय सिंह के पिता की तहरीर पर शशांक सिंह, राजकुमार सिंह, दीपक सिंह व मोनू सिंह के विरुद्ध गुरुबख्शगंज थाने पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चीन-अमेरिका के संबंधों पर पड़ेगा असर

- बीजिंग ने अमेरिका पर अविवेकपूर्ण बल प्रयोग का आरोप लगाया
- गुब्बारा मामला

भाषा। बीजिंग



**चीन ने अमेरिकी** सेना द्वारा उसके कथित मौसम अनुसंधान गुब्बारे को मार गिराने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए वाशिंगटन पर अविवेकपूर्ण बल प्रयोग का आरोप लगाया है। बीजिंग ने कहा है कि इस घटनाक्रम ने चीन-अमेरिका संबंधों को पटरी पर लाने के लिए दोनों पक्षों की ओर से किए गए प्रयासों और उनमें हुई प्रगति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है तथा नुकसान पहुंचाया है।

अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चीनी गुब्बारा उड़ने की घटना ने पहले से ही तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे चीन-अमेरिका संबंधों में तल्खी और बढ़ा दी है। अमेरिकी सेना ने शनिवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर चीनी गुब्बारे को उस समय मार गिराया था, जब वह अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अमेरिकी वायु क्षेत्र में चीनी गुब्बारा दिखने के बाद शुक्रवार को अपनी बीजिंग यात्रा स्थगित कर दी थी। वहीं, चीन के रक्षा मंत्रालय ने गुब्बारे को मार गिराए जाने के बाद एक बयान जारी कर कहा था कि वह इसकी प्रतिक्रिया में जरूरी कदम उठाने का अधिकार रखता है। चीन के उप विदेश मंत्री शाई फेंग ने कहा कि उन्होंने चीन के असैन्य, मानवरहित हवाई जहाज को सैन्य बल से मार गिराने की घटना को लेकर अमेरिकी दूतावास में रविवार को आधिकारिक तौर पर शिकायत दर्ज कराई। फेंग ने कहा, हालांकि, अमेरिका ने हमारे पक्ष को अनसुना कर दिया और हमारे असैन्य हवाई जहाज पर अविवेकपूर्ण बल प्रयोग किया, जो अमेरिकी वायुक्षेत्र से बाहर निकलने ही वाला था। उसने निश्चित तौर पर गैरजरूरी प्रतिक्रिया दी और अंतरराष्ट्रीय कानून एवं व्यवस्था की भावना का गंभीर उल्लंघन किया।

## इजराइली सेना ने पांच फलस्तीनियों को गोली मारी

भाषा। अकबत जबीर (वेस्ट बैंक

**इज़राइल के** बलों ने कब्जाए गए वेस्ट बैंक में एक शरणार्थी शिविर पर छापेमारी कर हमास से संबंधित पांच फलस्तीनी बंदूकधारियों को सोमवार को गोली मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। इससे क्षेत्र में और तनाव बढ़ने का अंदेशा है। फलस्तीन के राष्ट्रपति कार्यालय ने हिंसा को अपराध बताते हुए अमेरिका से आग्रह किया है कि वह इज़राइल पर दबाव डालकर उसे घुसपैठ करने से रोके। सेना ने कहा कि यह छापा एक उग्रवादी प्रकोष्ठ को पकड़ने के लिए मारा गया था जिसे वेस्ट बैंक में यहूदी बस्ती में एक रेस्तरां पर गोलीबारी की थी। सेना ने कहा कि उग्रवादी गोलीबारी कर मौके से भाग गया था। उसने कहा कि वह हमास समूह का सदस्य है जो गाज़ा पट्टी पर शासन करता है और उसके तत्व वेस्ट बैंक में भी हैं। सेना के मुताबिक, उसने गोलीबारी के लिए जिम्मेदार उग्रवादी प्रकोष्ठ की तलाश में छापा मारा था जिसने अपने आपको शरणार्थी शिविर में एक घर में बंद कर लिया था।

# मैं भाग्यशाली था जो न्यूयॉर्क में हुए हमले में बच गया : सलमान रुश्दी

भाषा। लंदन

**मुंबई में** जन्मे और जाने-माने लेखक सलमान रुश्दी ने पिछले साल उनपर हुए कातिलाना हमले के बाद पहली बार सोमवार को कहा कि वह भाग्यशाली थे जो इससे बच गए। पिछले साल 12 अगस्त को अमेरिका के न्यूयॉर्क में 75 वर्षीय ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक चौटाउक्वा इंस्टीट्यूशन में व्याख्यान दे रहे थे तभी एक शख्स मंच पर चढ़ गया और उन पर चाकू से कई हमला किया तथा मुक्के भी मारे। इस हमले में उनकी एक आंख की रोशनी चली गई है। रुश्दी को उनके उपन्यास मिडनाइट्स चिल्ड्रन के लिए बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। हमले के बाद अपने पहले साक्षात्कार में लेखक ने द न्यूयॉर्कर पत्रिका से कहा कि वह उन लोगों और अपने परिवार के प्रति शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें अपना समर्थन दिया। इसमें उनके बेटे ज़फर और मिलन भी शामिल हैं। रुश्दी ने पत्रिका से कहा, मैं भाग्यशाली था। उन्होंने कहा, मैं उठ सकता हूं और चल सकता हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं ठीक हूं तो मेरा मतलब है कि मेरे शरीर के कुछ हिस्सों को लगातार जांच की जरूरत है। यह एक बड़ा हमला था। यह पूछे जाने पर कि अपने उपन्यास द सेनेटिक वर्सेज़ में कथित रूप से ईशनिंदा के लिए ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खुमैनी की ओर से उनकी हत्या का फतवा जारी करने के कई सालों के बाद भी सतर्कता न बरतना क्या गलती थी, इस पर उन्होंने कहा, मैं खुद से भी यह सवाल कर रहा हूं और मैं इसका जवाब नहीं जानता हूं। मैंने अपनी जिंदगी के 20 साल से ज्यादा वक्त तक ऐसा किया है। तो क्या यह गलती है। मैंने बहुत सी किताबें लिखी हैं।

## गत 40 साल के सबसे शक्तिशाली भूकंप से कांपा पश्चिमी न्यूयॉर्क

भाषा। बफेलो (अमेरिका)

**अमेरिका के** न्यूयॉर्क राज्य के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। हालांकि, यह इलाके में गत 40 साल का सबसे शक्तिशाली भूकंप था। इस भूकंप से जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है। अमेरिका के भूविज्ञान सर्वेक्षण विभाग ने प्राथमिक जानकारी में बताया कि स्थानीय समायुनसार सुबह छह बजकर 15 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र बफेलो का पूर्वी उपनगर वेस्ट सिनेका था और इसकी तीव्रता 3.8 मापी गई। भूकंप विज्ञानी यारेब अल्तावील ने बताया कि इलाके में यह गत 40 साल के बाद आया सबसे शक्तिशाली भूकंप था। भूकंप के झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए। काउंटी की आपात सेवा के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बफेलो से करीब 20 मील उत्तर में नियाग्रा फॉल सहित 30 मील के व्यास में भूकंप के झटके महसूस किए गए। कनाडा ने भूंकप की तीव्रता 4.2 मानी गई और हल्के झटके दक्षिणी ओंटारियो में महसूस किए गए।

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **Harish Arora and Arjun Arora** claims to be owner and in possession of **Prop. no. 73 (Previously Number as Plot No. 1 and 2 in Block B ), situated at Old Gupta Colony, Delhi-110009 (hereinafter called the said property)** by virtue of Relinquishment Deed/s Dated 22.01.1987/04.08.2001 Executed by legal Heirs of Late Karam Chand R/w Partition Deed Dated 28.09.2001, said Late Karam Chand was the owner of said property by virtue of sale Deed Dated 19.10.1957 and Said **Harish Arora and Arjun Arora** has agreed to sell the said Property to **Lata Rani** and Said **Lata Rani** has agreed to create a mortgage in favour of our clients Axis Bank Ltd., Janak Puri Branch, any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi – 19
Mobile No. 9818399999

## अगले वर्ष भारत की यात्रा की योजना बना रहे हैं पोप फ्रांसिस

**विशेष विमान से।** पोप फ्रांसिस ने रविवार को कहा कि वह अगले साल भारत की यात्रा की योजना बना रहे है और 2023 में मंगोलिया की संभावित यात्रा पर विचार कर रहे है। फ्रांसिस ने दक्षिण सूडान से रोम वापस जाने के दौरान अपनी उड़ान के दौरान आगामी यात्रा कार्यक्रमों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वे अगस्त के पहले सप्ताह में विश्व युवा दिवस के लिए पुर्तगाल के लिस्बन में होंगे और 23 सितंबर को फ्रांस के मार्सिले में बिशप की एक बैठक में भाग लेंगे। उन्होने कहा कि संभावना है कि वह मार्सिले से मंगोलिया के लिए उड़ान भरेंगे, जो किसी पोप के लिए वहां की पहली यात्रा होगी। फ्रांसिस ने कहा कि उन्होंने सोचा है कि वह 2024 में भारत की यात्रा करेंगे। वह 2017 में भारत की यात्रा करने वाले थे लेकिन उक्त यात्रा नही हो पाई थी।

## हिंसक देशों में युवाओं की जीवन प्रत्याशा 14 साल कम

**लंदन।** हिंसक देशों में युवाओं की जीवन प्रत्याशा शांतिपूर्ण देशों की तुलना में 14 साल तक कम हो सकती है। एक वैश्विक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। ब्रिटेन स्थित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने दिखाया कि हिंसक समाज में जीवन की अनिश्चितता का छोटे जीवन और कम अनुमानित जीवन के दोहरे बोझ से सीधा संबंध है, इसमें वे लोग भी शामिल है, जो हिंसा में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नही है। जर्नल साइंस एडवांसेस में प्रकाशित इस अध्ययन रिपोर्ट में सबसे कम और सर्वाधिक हिंसक देशों के 10 साल की उम्र वाले बच्चों की जीवन प्रत्याशा (व्यक्ति के जितने साल तक जीने की उम्मीद की जाती है) में 14 साल के अंतराल का अनुमान लगाया गया है। अल सल्वाडोर, होंडुरास, ग्वाटेमाला और कोलंबिया में अधिक आय वाले देशों के मुकाबले जीवन प्रत्याश में अंतर को प्रमुख रूप से हत्याओं के कारण अधिक मृत्यु दर के जरिए स्पष्ट किया गया है। ऑक्सफोर्ड के लीवरहल्मे सेंटर फॉर डेमोग्राफिक साइंस के जोस मैनुएल अबुर्तो ने कहा, हमने पाया कि आजीवन अनिश्चितता का जीवन प्रत्याशा की तुलना में हिंसा से अधिक संबंध है। अध्ययन के प्रमुख लेखक अबुर्तो ने कहा कि मृत्यु दर की रुझान में बदलाव का विश्लेषण करते समय आजीवन अनिश्चितता को नजरअंदाज नही किया जाना चाहिए। वर्ष 2008-2017 के बीच के आंतरिक शांति सूचकांक और 162 देशों से मृत्यु दर डेटा का उपयोग करके अध्ययन रिपोर्ट में दिखाया गया है।

# नए सिरे से विरोध प्रदर्शन हुए तो इमरान होंगे गिरफ्तार



भाषा। लाहौर

- पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने चेतावनी दी

**पाकिस्तान** के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने सोमवार को इमरान खान को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने सरकार के खिलाफ नए सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू करने की जुर्त की तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख पर आंदोलन की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। डॉन अखबार के मुताबिक पंजाब प्रांत के मुल्तान में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सनाउल्लाह ने पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ निशाना साधा।

खान ने पार्टी के नेताओं को हिरासत में प्रताड़ित करने और नए आम चुनावों की घोषणा में देरी के लिए संघीय सरकार के खिलाफ जेल भरो तहरीक (जेल भरो आंदोलन) के लिए हाल में अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को तैयार रहने का निर्देश दिया था। इसके कुछ दिनों बाद मंत्री की तरफ से यह चेतावनी आई है। सनाउल्लाह ने रविवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेतृत्व को परेशानी खड़ी करने के लिए दोषी ठहराया। डॉन ने सनाउल्लाह को उद्धृत करते हुए कहा, 2014 में, पीटीआई ने विरोध प्रदर्शन किए और प्रगति व समृद्धि की यात्रा को रोकने की कोशिश की। इमरान खान लॉन्ग मार्च के रूप में आंदोलन की राजनीति कर रहे हैं व चुनाव की तारीख के बहाने इस्लामाबाद की घेराबंदी कर रहे हैं। खबर के मुताबिक, पीटीआई के जेल भरो आंदोलन पर, गृह मंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि खान को उसी काल कोठरी में भेजा जाएगा जहां मुझे मेरी गिरफ्तारी के दौरान रखा गया था। मंत्री ने चेतावनी दी कि अगर खान ने विरोध प्रदर्शन शुरू करने की जुर्त की तो संघीय सरकार उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तैयार है।

## दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान में बम विस्फोट में सैनिक की मौत, 11 लोग घायल

**क्वेटा।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों को ले जा रहे एक वाहन के पास हुए बम विस्फोट में एक सैनिक की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से ज्यादातर आम नागरिक है। पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस अधिकारी मोहम्मद खान ने बताया कि रविवार को बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में मूसा खान चौकी के पास बम विस्फोट हुआ। इसके अलावा उन्होंने कोई और विवरण नही दिया।वहीं, विस्फोट के तुरंत बाद, पाकिस्तानी तालिबान ने हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि हमला एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किया गया था।गौरतलब है कि पाकिस्तान एक दशक से भी अधिक समय से बलूचिस्तान में विद्रोह से जूझ रहा है, प्रांत में अलगाववादी पूर्ण स्वायत्तता या प्रांत के गैस और खनिज संसाधनों के एक बड़े हिस्से की मांग रहे है। प्रांत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) या पाकिस्तानी तालिबान के अलावा अन्य आतंकवादी संगठनों की भी मौजूदगी है। यह प्रांत ईरान और अफ़गानिस्तान की सीमा से सटा है।पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर में एक मस्जिद में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में 101 लोगों की मौत होने के एक सप्ताह बाद यह घटना हुई है। उस घटना की देशव्यापी निंदा की गई थी।

# शरीर में पहुंचकर सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं सूक्ष्म प्लास्टिक कण

भाषा। सिंगापुर

**सूक्ष्म प्लास्टिक** (माइक्रोप्लास्टिक) या पांच मिलीमीटर से छोटे प्लास्टिक कणों को लेकर वैज्ञानिकों की यह चिंता बढ़ती जा रही है कि क्या ए मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं? अध्ययन दर्शाते हैं कि ए कण हमारे पर्यावरण में, घरों तथा दफ्तरों में रोजमर्रा की चीजों में, समुद्र में, नदियों में, मिट्टी में और बारिश आदि सभी में व्यापक रूप से मौजूद हैं। लोग समय के साथ-साथ इस तरह के जितने रसायन शरीर से निकालते हैं, उससे ज्यादा कण उनके शरीर में पहुंच जाते हैं। हाल में एक विश्लेषण में प्लास्टिक में इस्तेमाल ऐसे 10,000 से अधिक विशिष्ट रसायनों की पहचान की गई जिनमें से अधिकतर वैश्विक रूप से सही से विनियमित नहीं हैं। अनुसंधान बताते हैं कि हम हर दिन कहीं भी एक लाख से अधिक तक सूक्ष्म प्लास्टिक कणों को शरीर में सोख लेते हैं। अब मछलियों में, सर्जरी कराने वाले रोगियों के शरीर में, अज्ञात रक्तदाताओं के खून में और स्तनपान कराने वाली माताओं के दूध में भी सूक्ष्म प्लास्टिक पाया जा रहा है। सूक्ष्म प्लास्टिक और उससे सेहत पर असर के बीच तार जुड़े होने की पुष्टि करने वाला कोई अध्ययन अभी तक सामने नहीं आया है, हालांकि अनुसंधानकर्ताओं ने इशारा किया है कि प्लास्टिक में पाए जाने वाले रसायन कैंसर, हृदय रोगों, मोटापा और भ्रूण का सही विकास नहीं होने जैसी अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हमारे शरीर में अधिक मात्रा में सूक्ष्म प्लास्टिक होने से कोशिकाओं को नुकसान हो सकता है।

## कन्नौज की कंपनी ने न्यूयॉर्क के बाद भारत में पेश किया अपना वैश्विक इत्र ब्रांड जिघराना

भाषा। न्यूयॉर्क

**इत्र नगरी** के नाम से मशहूर कन्नौज की एक कंपनी ने न्यूयॉर्क के बाद अब भारत में भी अपने वैश्विक ब्रांड जिघराना के इत्र, अत्तर और एसेंशियल ऑयल (पेड़-पौधे से हासिल होने वाले वाष्पशील तेल) लॉन्च कर दिए हैं। कंपनी ने भारत के पारंपरिक इत्र उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की अपनी तरह की पहली कोशिशों के तहत पिछले साल 14 फरवरी को न्यूयॉर्क के बाजारों में जिघराना ब्रांड के इत्र, अत्तर और एसेंशियल ऑयल पेश किए थे। भारत में जिघराना ब्रांड के उत्पाद ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। जिघराना ब्रांड के इत्र, अत्तर और एसेंशियल ऑयल पूरी तरह से भारत में तैयार किए जाते हैं। मिशेलिन-स्टार शेफ विकास खन्ना के सहयोग से तैयार ए उत्पाद भारतीय मसालों और पारंपरिक इत्र से प्रेरित हैं। जिघराना की मालकिन और मशहूर उद्यमी स्वप्निल पाठक शर्मा ने कहा कि उनका ब्रांड अपनी भारतीय जड़ों और संस्कृति को बरकरार रखते हुए विश्व स्तरीय इत्र एवं अन्य सुगंधित उत्पादों की पेशकश करता है।

# ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में बौद्ध मंदिर में लगी आग



भाषा। मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)

**ऑस्ट्रेलिया के** मेलबर्न शहर में एक बौद्ध मंदिर में आग लग गई जिससे मंदिर को भारी नुकसान हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि ब्राइट मून बौद्ध मंदिर में रविवार देर रात आग लग गई। करीब 80 दमकलकर्मियों ने दो घंटे से अधिक समय की मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया। दमकल विभाग के सहायक प्रमुख पॉल फोस्टर ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प को बताया कि आग पर काबू पाने का काम स्थल के सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए किया गया। फोस्टर ने कहा, यह न केवल साधना का स्थल है, बल्कि स्थानीय बौद्ध समुदाय के लिए लोग यहां बड़ी संख्या में एकत्रित होते हैं...। इलाके से करीब 30 स्थानीय लोगों को निकाला गया है।

## ब्रिटेन में नर्सों एवं एम्बुलेंसकर्मियों की हड़ताल, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

लंदन, छह फरवरी (एपी) ब्रिटेन में सोमवार को हजारों नर्सों एवं एम्बुलेंसकर्मियों ने हड़ताल कर दी, जिससे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई। नर्स एवं एम्बुलेंस कर्मियों के श्रमिक संघों का कहना है कि देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के इतिहास में यह सबसे बड़ी हड़ताल है। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति की दर दहाई अंक में पहुंच चुकी है और इसका मुकाबला करने के लिए कर्मचारी वेतन में बढ़ोतरी करने की मांग कर रहे हैं। महीनों से ब्रिटेन के लोगों के जीवन को अस्त-व्यस्त करने वाली हड़ताल की श्रृंखला में नर्सों और एम्बुलेंसकर्मियों का (काम से) यह वॉकआउट नवीनतम प्रकरण है।

नर्सिंग यूनियन का कहना है कि उनके 48 घंटे के (काम से) वॉकआउट के दौरान आपातकालीन देखभाल और कैंसर का इलाज जारी रहेगा। हालांकि, इस दौरान हजारों अन्य एप्वाइंटमेंट और अन्य प्रक्रियाओं के स्थगित होने की संभावना है।

एंबुलेंस सेवा का कहना है कि वह दिन भर की हड़ताल के दौरान सबसे अधिक जरूरी कॉल पर कार्वाई करेगी।

वेतन में बढ़ोतरी की मांग करते हुए शिक्षकों, ट्रेन चालकों,

**ICICI Bank**
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | निपुण कर्नाटिक (कर्ज़दार), निशा कर्नाटिक (सह-कर्ज़दार) LBDEL00002345041, LBDEL00002350678 | डीडीए निर्मित एलआईजी फ्लैट बियरिंग नंबर 426, चौथी मंजिल, ब्लॉक ए में, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज-III, दिल्ली-110096 क्षेत्रफल 301.38 वर्ग फीट | रु. 26,91,471 (फरवरी 01, 2023 तक) | रु. 20,00,000/- / रु. 2,00,000/- | मार्च 02, 2023 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक | मार्च 16, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **मार्च 15, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में **मार्च 15, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **मार्च 15, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **मार्च 15, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : फरवरी 07, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Dahengbam Radharani Devi, spouse of Maj. KDK Singh, resident of Kwakeithel Mayaikoibi Chabungbam Leirak, PO- Imphal, PS- Lamphel, District- Imphal, West Manipur, have changed my name from Dahengbam Radharani Devi to Wahengbam Radharani Devi and my date of birth is 01-06-1957 vide Affidavit dated 01-02-2023 before the Oath Commissioner (Judicial), Imphal West, Manipur.

PD(90264)C

I, Mukesh Kumar S/o Shree Kundan Lal R/o A-403, Sector-19, Noida Gautam Budh Nagar have changed my daughter name Vaanya Mahey to Vaanya Sharma and Son name Aanav Mahey to Aanav Sharma for all future purposes.

PD(90265)A

# ग्रैमी पुरस्कार में बेयोंसे का रहा जलवा

- बेंगलुरू में बसे संगीतकार रिकी केज को भी मिला पुरस्कार

भाषा। लॉस एंजिलिस



**बेंगलुरू में** बसे संगीतकार रिकी केज ने एल्बम डिवाइन टाइड्स के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता है। केज का यह तीसरा ग्रैमी पुरस्कार है।

वहीं, लॉस एंजिलिस में रविवार को आयोजित 65 वें ग्रैमी पुरस्कार समारोह में प्रसिद्ध गायिका बेयोंसे का जलवा रहा। उन्होंने चार पुरस्कार अपने नाम किए। बेयोंसे ने 32वां पुरस्कार जीता और इसी के साथ उन्होंने किसी एक कलाकार द्वारा सबसे अधिक ग्रैमी पुरस्कार पाने का 26 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। पुरस्कार समारोह में हैरी स्टाइल के एल्बम को ग्रैमी का एल्बम ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। उन्होंने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने कहा, मैं इस श्रेणी में सभी कलाकारों से बहुत प्रभावित हूं। मेरे जीवन में अलग-अलग समय आए और मैंने इन श्रेणियों में सभी को सुना है। यह याद करना बहुत अहम है कि सर्वश्रेष्ठ जैसा कुछ नहीं होता। बेयोंसे ने सम्मान पाने के बाद अपने माता-पिता, गायक पति जे-जेड और अपने बच्चों को समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बेयोंसे को यह सम्मान उनके सर्वश्रेष्ठ आर ऐंड बी गीत कफ इट, ब्रेक माई सोल के लिए डांस इलेक्ट्रिक म्यूजिक रिकार्डिंग, पारंपरिक आर ऐंड बी प्रदर्शन का पुरस्कार प्लास्टिक ऑफ द सोफा के लिए और डांस इलेक्ट्रिक एल्बम का पुरस्कार रेनेसां के लिए मिला, जिसे एल्बम ऑफ द ईयर के लिए भी नामांकित किया गया था। लिज्जो को अबाउट डैम टाइम के लिए रिकॉर्ड ऑफ द ईयर का ग्रैमी पुरस्कार मिला।जैज गायिका समारा जॉय को सर्वश्रेष्ठ नवोदित कलाकार का पुरस्कार मिला। अनुभवी गायक एवं गीतकार बोनी रिट ने साल के सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार अडेले, टेलर स्विफ्ट और बेयोंसे जैसी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़कर अपने नाम किया। उन्होंने बेस्ट अमेरिकाना परफॉरमेंस और बेस्ट अमेरिकन रूट्स सांग का पुरस्कार भी हासिल किया।

**ICICI Bank**
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | कंचन कुमारी (कर्ज़दार), रघुनाथ शर्मा (सह-कर्ज़दार) LBDEL00002866980 | एलआईजी फ्लैट नंबर 276, तीसरी मंजिल, ब्लॉक बी2 पॉकेट सी, नरेला, दिल्ली, क्षेत्रफल 453.16 वर्ग फीट | रु. 15,30,604.35/- (फरवरी 03, 2023 तक) | रु. 12,15,000/- / रु. 1,21,500/- | फरवरी 22, 2023 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | मार्च 01, 2023 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **फरवरी 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर इसंरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में **फरवरी 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **फरवरी 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **फरवरी 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड व 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : फरवरी 07, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# कांग्रेस और माकपा के साथ टिपरा मोथा पार्टी की गुप्त सहमति : शाह

**● कहा, त्रिपुरा में वाम दल का शासन लाने का प्रयास कर रही है देब बर्मा के नेतृत्व वाली पार्टी**

**भाषा।** संतिरबाजार, खोवाई (त्रिपुरा)



**गृह** मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि टिपरा मोथा की कांग्रेस और माकपा के साथ गुप्त सहमति है और वह मूल निवासियों को गुमराह कर त्रिपुरा में फिर से वाम दल का शासन लाने का प्रयास कर रही है।

वर्ष 2021 में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) का चुनाव जीतने वाली क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा ने 16 फरवरी को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में अकेले उतरने का फैसला किया है और वह 60 में से 42 सीट पर लड़ेगी।

पूर्ववर्ती राजपरिवार के वंशज प्रद्योत माणिक्य देबबर्मा के नेतृत्व वाली पार्टी टिपरा मोथा ने अलग राज्य ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का समर्थन करने वाले किसी भी दल के साथ चुनाव पश्चात गठबंधन की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। त्रिपुरा में लगभग 20 जनजातीय बहुल सीट हैं, और ए पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता की कुंजी हैं।

शाह ने कहा, टिपरा मोथा को वोट देने का मतलब माकपा को समर्थन देना है और कांग्रेस को समर्थन देने का मतलब वाम दल को वोट देना है...वाम दल को जनादेश देने का मतलब अशांति के दिनों को वापस लाना है।

शाह ने संतिरबाजार क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए कहा, आपने कम्युनिस्ट और कांग्रेस का प्रदर्शन देखा है...उन्होंने राज्य में 50 साल शासन किया, फिर भी कोई विकास नहीं हुआ। उन्होंने कभी जनजातियों का सम्मान नहीं किया, कभी जनजाति कल्याण के बारे में नहीं सोचा। टिपरा मोथा मूल निवासियों को गुमराह करके त्रिपुरा में कम्युनिस्ट शासन वापस लाने की कोशिश कर रही है।

टिपरा मोथा का मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस के साथ गुप्त तालमेल होने का दावा करते हुए शाह ने लोगों से अगले पांच वर्षों में मूल निवासियों के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में विश्वास जताने का आग्रह किया।

शाह ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मुख्यमंत्रियों ने त्रिपुरा की सुरक्षा सुनिश्चित की है, जो पहले सीमा पार से घुसपैठ और उग्रवाद से पीड़ित था। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने आपको अंधकार दिया, लेकिन हमने (भाजपा) आपको अधिकार दिया है। वाममोर्चा और कांग्रेस भ्रष्टाचार में लिप्त थे और अब दोनों साथ हैं, लेकिन भाजपा पर कोई एक भी घोटाले का आरोप नहीं लगा सकता।

सीट के तालमेल के तहत मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) 43 सीट पर चुनाव लड़ेगी, और इसकी वाम मोर्चा सहयोगी फॉरवर्ड ब्लॉक, आरएसपी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस 13 सीट पर चुनाव लड़ेगी।

शाह ने यह भी दावा किया कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार ने वर्षों की उपेक्षा को समाप्त कर पूर्वोत्तर का विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर, विशेष रूप से त्रिपुरा को उग्रवाद, नाकाबंदी, नशीली दवाओं की तस्करी, भ्रष्टाचार और घुसपैठ के लिए जाना जाता था...मोदीजी ने एनएलएफटी के साथ शांति समझौते करके त्रिपुरा में शांति वापस लाने के गंभीर प्रयास किए। कम से कम 40,000 ब्रू (लोगों) का पुनर्वास किया गया है।

बाद में खोवाई में एक अन्य रैली में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ने पूरे पूर्वोत्तर में 9,000 से अधिक उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के पथ पर है, हवाई अड्डे, सड़कें बनाई जा रही हैं, रेलवे ट्रैक भाजपा के शासन में बनाए जा रहे हैं।

शाह ने कहा, हमने पिछले पांच वर्षों में त्रिपुरा में शांति और समृद्धि लाई है। लेकिन ए पांच साल काफी नहीं हैं...यात्रा जारी रखनी है। अगर त्रिपुरा विकास कर सकता है, तो वह केवल भाजपा के शासन में ही कर सकता है। हमने अपनी नीतियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग का सामाजिक और आर्थिक उत्थान सुनिश्चित किया है। त्रिपुरा की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 16 फरवरी को होगा और मतगणना दो मार्च को होगी।

# महाराष्ट्र कांग्रेस में कलह सतह पर आई

**● थोराट ने खरगे को पत्र लिखकर पटोले के साथ काम करने में असमर्थता जताई, थोराट के सहयोगी का दावा**

**भाषा।** मुंबई

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखकर कहा है कि वह महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले के गुस्से की वजह से उनके साथ काम करने में असमर्थ हैं। थोराट के एक सहयोगी ने सोमवार को यह दावा किया।

पटोले ने पुणे में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें नहीं लगता कि थोराट ने ऐसा कोई पत्र लिखा है और वह इस पत्र की विषयवस्तु जानने के बाद ही टिप्पणी कर पाएंगे।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री थोराट के सहयोगी ने कहा कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में यह भी कहा है कि यहां लिए जा रहे फैसलों से पहले उनसे सलाह-मशविरा नहीं किया जाता।

थोराट के करीबी सहयोगी ने दावा किया, थोराट ने कांग्रेस नेतृत्व को लिखे पत्र में प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के साथ काम करने में असमर्थता जाहिर की है और कहा है कि वह (पटोले) उनके प्रति काफी गुस्सा रखते हैं, इसलिए उनके साथ काम करना कठिन होगा। थोराट ने फैसले लेते समय सलाह नहीं लिए जाने की शिकायत भी की है।

पटोले ने संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं पता कि थोराट साहब ने कौन सा पत्र लिखा है। मैं इस पर तभी बोल सकता हूं जब मुझे पत्र में लिखी गई सामग्री उपलब्ध हो। मुझे नहीं लगता कि थोराट ने ऐसा कोई पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 13 फरवरी को आयोजित की गई है जिसमें अनेक मुद्दों पर चर्चा कर समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा।

कुछ दिन पहले ही थोराट के रिश्तेदार और नासिक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से तत्कालीन विधान परिषद सदस्य सुधीर ताम्बे ने कांग्रेस का आधिकारिक उम्मीदवार होने के बावजूद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था और अपने बेटे सत्यजीत ताम्बे को निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ाया। दो फरवरी को घोषित चुनाव परिणाम में सत्यजीत ताम्बे ने जीत हासिल की थी।

सूत्रों ने बताया कि इस घटनाक्रम के कारण कांग्रेस को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, वहीं कंधे की चोट से उबर रहे थोराट की चुप्पी को ताम्बे पिता-पुत्र के मूक समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है।

थोराट ने 30 जनवरी को हुए चुनाव से पहले सत्यजीत ताम्बे के प्रचार अभियान में भाग नहीं लिया था, लेकिन उनके कई सहयोगी इसमें मौजूद रहे। कांग्रेस ने एमएलसी चुनाव में पाला बदलने के लिए सुधीर ताम्बे और सत्यजीत ताम्बे को निलंबित कर दिया है।

सहयोगी के अनुसार, थोराट ने यह भी कहा है कि प्रदेश नेतृत्व ने उनका अपमान किया और ताम्बे के चुनाव लड़ने के मुद्दे पर उनके परिवार के खिलाफ बयान दिए गए।

खरगे को लिखे पत्र में कहा गया है कि अहमदनगर के कुछ नेताओं को इस मुद्दे पर दंडित किया गया है।

पटोले ने 26 जनवरी को कांग्रेस की अहमदनगर जिला समिति को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में भंग कर दिया था। खबरों के अनुसार, इसके कुछ सदस्यों ने पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के बजाय सत्यजीत ताम्बे के लिए प्रचार किया था।

# अदालत ने परेश रावल के खिलाफ प्राथमिकी रद्द की

**भाषा।** कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम द्वारा अभिनेता परेश रावल के खिलाफ दर्ज कराई गई एक प्राथमिकी सोमवार को रद्द कर दी।

उक्त प्राथमिकी में दावा किया गया था कि पद्मश्री से सम्मानित रावल ने बंगाली समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

अदालत ने कहा कि प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करते हुए उसके समक्ष याचिका दायर करने वाले रावल पहले ही स्पष्टीकरण दे चुके हैं और संबंधित टिप्पणी पर माफी मांग चुके हैं।

न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा ने मामले के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए प्राथमिकी रद्द कर दी और कहा कि कार्यवाही को आगे जारी रखना वांछनीय नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद रावल ने अपनी याचिका में कहा था कि पिछले साल गुजरात विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान 29 नवंबर को गुजराती भाषा में दिए उनके भाषण की गलत व्याख्या की गई और राजनीतिक प्रतिशोध के लिए इसका गलत अनुवाद किया गया।

रावल ने कहा कि उन्होंने अपने बयान पर स्पष्टीकरण दिया है और दो दिसंबर को माफी मांगी, उसी तारीख को सलीम ने कोलकाता के तलतला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## दो करोड़ की रिश्वतखोरी के मामले में रेलवे के इंजीनियर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो करोड़ रुपए की कथित रिश्वतखोरी के मामले में पूर्वोत्तर फ्रंटियर रेलवे जोन के दो इंजीनियरों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

सीबीआई ने वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर संतोष कुमार और सिलचर में नियुक्त उनके वरिष्ठ अधिकारी डिप्टी चीफ इंजीनियर रामपाल के अलावा त्रिबेणी कंस्ट्रक्शंस के मालिक ठेकेदार सज्जन चौधरी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि कुमार को निर्माण कंपनी से कथित रूप से आठ लाख रुपए के एक हिस्से का भुगतान लेते हुए गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने 19 परिसरों पर छापेमारी की और 1.10 करोड़ रुपए नकद जब्त किए जिनमें से 67 लाख रुपए गिरफ्तार डिप्टी चीफ इंजीनियर रामपाल के ससुराल से बरामद हुए।



तुमकूर में एचएएल के हेलीकाप्टर फैक्ट्री के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# मोदी ने मोटे अनाज को श्री अन्न कहने के पीछे का तर्क समझाया

**भाषा।** तुमकुरु (कर्नाटक)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा अपने बजट भाषण में मोटे अनाज को श्री अन्न कहे जाने के पीछे के तर्क का सोमवार को खुलासा किया। मोदी ने तुमकुरु जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह नाम कर्नाटक से लिया गया है जहां मोटे अनाज को सिरी धान्य कहा जाता है, जो श्री धान्य कहने का बोलचाल का तरीका है। प्रधानमंत्री ने कहा, कर्नाटक के लोग मोटे अनाज के महत्व को समझते हैं। यही कारण है कि आप सभी इसे सिरी धान्य कहते हैं। कर्नाटक के लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए देश मोटे अनाज को आगे बढ़ा रहा है।

मोदी ने कर्नाटक के लोगों से स्वयं को जोड़ने का प्रयास करते हुए कहा, अब मोटे अनाज को देशभर में श्री अन्न के नाम से जाना जाएगा। श्री अन्न का मतलब सभी खाद्यान्नों में सबसे अच्छा होता है। कर्नाटक में इस वर्ष मई तक विधानसभा चुनाव होना है। यह प्रधानमंत्री का एक महीने से भी कम समय में राज्य का तीसरा दौरा है। उनका यहां 13 फरवरी को एयरो इंडिया शो का उद्घाटन करने और 27 फरवरी को जिला मुख्यालय शहर शिवमोगा में हवाईअड्डे का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है।

मोदी ने कर्नाटक में मडुआ आदि मोटे अनाज की पैदावार होने का उल्लेख किया। मडुआ से बने लोकप्रिय भोजन का प्रधानमंत्री द्वारा उल्लेख किए जाने पर सभा में मौजूद लोगों की ओर से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया जताई गई।

## पांच राज्यों ने केंद्र को पुरानी पेंशन योजना फिर शुरू करने की जानकारी दीः सरकार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि पांच राज्यों की सरकारों ने केंद्र को पुरानी पेंशन योजना को फिर से अपनाने के अपने फैसले के बारे में अवगत करा दिया है जिनमें राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं।

वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन पांच राज्यों ने केंद्र सरकारापेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) को अपने राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) फिर से शुरू करने के फैसले के बारे में बता दिया है।

कराड ने यह भी कहा कि पीएफआरडीए अधिनियम के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत ग्राहकों की संचित राशि अर्थात एनपीएस में सरकार और कर्मचारियों का योगदान, राज्य सरकार को वापस किया जा सकता है।

# सीजेआई चंद्रचूड़ ने उच्च न्यायालय के पांच नए न्यायाधीशों को शपथ दिलाई

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय के पांच नए न्यायाधीशों को सोमवार को पद की शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पांच न्यायाधीशों- न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा को शपथ दिलाई गई।

पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 32 हो गई है, जो उसकी स्वीकृत क्षमता से दो कम है।

उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने पिछले साल 13 दिसंबर को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने के लिए इन पांचों न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की थी। कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने इस साल चार फरवरी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल, पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल, मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी वी संजय कुमार, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज मिश्रा को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की थी।

यह घोषणा उच्चतम न्यायालय और 25 उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर केंद्र और न्यायपालिका में गतिरोध के बीच की गई थी। उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली पर शीर्ष अदालत और सरकार ने खुले तौर पर अपने मतभेद व्यक्त किए हैं।

## महाराष्ट्र सरकार की सलाहकार परिषद में करण अडाणी, अनंत अंबानी शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को अपनी आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी) के गठन की घोषणा करते हुए टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखरन को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया।

एक आधिकारिक प्रस्ताव के मुताबिक, अंबानी और अडाणी परिवार की नई पीढ़ी को भी इस 21 सदस्यीय परिषद में जगह दी गई है। अडाणी समूह के मुखिया गौतम अडाणी के बेटे करण अडाणी के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी भी सलाहकार परिषद का हिस्सा बनाए गए हैं। करण अपने समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। उन्हें परिषद में बंदरगाह एवं एसईजेड क्षेत्र के विशेषज्ञ के तौर पर शामिल किया गया है। वहीं अनंत अंबानी रिलायंस समूह के पारिवारिक कारोबार से जुड़े हुए हैं। सरकारी प्रस्ताव में कहा गया है कि आर्थिक सलाहकार परिषद आर्थिक एवं उससे जुड़े मसलों पर राज्य सरकार को सलाह देने वाला एक स्वतंत्र निकाय है।

# हिलेरी क्लिंटन ने पांच करोड़ डॉलर के ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएन्स फंड की घोषणा की

**भाषा।** कुडा (सुरेंद्रनगर)



**अमेरिका** की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने दिवंगत कार्यकर्ता इला भट्ट द्वारा स्थापित सेल्फ एंप्लॉयड वीमन्स एसोसिएशन (सेवा) के साथ मिलकर सोमवार को जलवायु परिवर्तन से लड़ने के वास्ते महिलाओं के लिए पांच करोड़ डॉलर के ग्लोबल क्लाइमेट रेंजिलिएन्स फंड की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि कोष महिलाओं और समुदायों को जलवायु परिवर्तन से लड़ने और आजीविका के नए संसाधन व शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगा।

गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के कुडा गांव के पास कच्छ के छोटा रण में क्लिंटन ने नमक के मैदान में काम करने वाले श्रमिकों से मुलाकात की और उनसे नमक उत्पादन की प्रक्रिया और उनके (मजदूरों के) सामने आने वाली मुश्किलों के बारे में भी जानकारी ली।

क्लिंटन ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा, आज मैं क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव, अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन, सेवा और अन्य संगठनों के साथ महिलाओं के लिए पांच करोड़ डॉलर के ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएन्स फंड की घोषणा करती हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगभग 30 वर्षों तक इलाबेन और सेवा के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। लेकिन हम अगले 50 वर्षों के बारे में सोच रहे हैं। क्लिंटन रविवार से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। उन्होंने कहा, चाहे आप निर्माण में हों, अपशिष्ट या प्लास्टिक पुनर्चक्रण में या फिर किसान गर्मी में काम कर आय अर्जित करने की चुनौती आपकी अगली बड़ी समस्या होगी।

क्लिंटन ने संगठन सेवा के 50 साल पूरे होने के अवसर पर अहमदाबाद में एक कार्यक्रम में भाग लिया और इसकी संस्थापक और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता इला भट्ट को श्रद्धांजलि दी।

आयोजन के दौरान उन्होंने कहा था कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली गर्मी अनौपचारिक क्षेत्रों में महिला श्रमिकों के लिए एक अतिरिक्त चुनौती है और ग्लोबल क्लाइमेट रेजिलिएन्स फंड इस चुनौती से निपटने में मदद करेगा।

# नमामि गंगे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा के पानी को स्नान के लिए उपयुक्त बनाना : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गंगा नदी के पानी को स्नान के लिए उपयुक्त बनाना है, पीने के लिए नहीं। जल शक्ति राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडु ने कहा कि नदी संरक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खुले में स्नान के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता को लेकर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित मानदंडों को पूरा करना है न कि पेयजल की गुणवत्ता को। उन्होंने कहा, सतही जल को, जिसमें नदियों का जल भी शामिल है। पीने योग्य या मानव उपभोग के लिए उपयुक्त बनाने के लिए आवश्यक उपचार व शुद्धिकरण से गुजारा जाना अपेक्षित है।

उन्होंने कहा कि गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को फिर से जीवंत करने की खातिर 31 मार्च, 2021 तक की अवधि के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम जून 2014 में शुरू किया गया था। कार्यक्रम को बाद में 31 मार्च, 2026 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। मंत्री ने कहा कि 2014-15 से 31 दिसंबर 2022 तक राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को कुल 13,709.72 करोड़ रुपए जारी किए गए थे, जिनमें 13,245.68 करोड़ रुपए राज्य सरकारों, स्वच्छ गंगा राज्य मिशनों और अन्य एजेंसियों को गंगा संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए वितरित किए गए हैं। समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान और जनता दल (यू) के रामनाथ ठाकुर ने सवाल किया था कि हजारों करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी गंगा नदी का पानी पीने योग्य या नहाने योग्य नहीं होने के क्या कारण हैं?

# रूस-भारत के संबंध तनाव में : रूसी राजदूत अलीपोव

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस ने** कहा कि यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका की अगुवाई में पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण आर्थिक एवं साजोसामान तंत्र में बाधाओं के कारण भारत के साथ उसके संबंध तनाव में हैं। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने अमेरिका पर अपने फायदे के लिए भारत और चीन के बीच विरोधाभासों का सक्रियता से दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली ने दशकों पुराने संबंधों पर आधारित परस्पर विश्वास हासिल किया है, जिससे दोनों पक्षों को मौजूदा भूराजनीतिक अशांति से निपटने में मदद मिलेगी। अलीपोव ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष पर अमेरिका की अगुवाई में पश्चिमी देशों के अहंकारी और लड़ाकू रवैए से बनावटी भू-राजनीतिक बदलाव के कारण भारत-रूस के संबंध तनाव में हैं। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच रुपए-रूबल व्यापार के लिए एक तंत्र स्थापित किया गया है लेकिन भारतीय बैंक इसके इस्तेमाल को लेकर अत्यधिक सतर्कता बरत रहे हैं, जबकि इस प्रणाली को लेकर अमेरिका की ओर से कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता।

अलीपोव ने कहा कि रूस के कच्चे तेल पर पश्चिमी देशों की मूल्य सीमा के बावजूद मॉस्को भारत को पेट्रोलियम उत्पाद समेत अन्य निर्यात के स्तर को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों ने लेनदेन और साजोसामान संबंधी तंत्र को बाधित किया है। उन्होंने कहा, जब मैं तनाव के बारे में बात करता हूं तो मेरा खासतौर से मतलब आर्थिक संबंधों से है। प्रतिबंधों ने लेनदेन और साजोसामान संबंधी तंत्र को बाधित किया है। उन्होंने कहा, इन सभी मुद्दों पर दोनों पक्ष बहुत करीबी संवाद कर रहे हैं। वोस्त्रो खाते खोले गए हैं। रुपए-रूबल व्यापार के लिए तंत्र स्थापित किया गया है। अब बैंकों को इसका इस्तेमाल करने की बात है। उन्होंने कहा कि रूस पाकिस्तान के साथ अपनी आर्थिक भागीदारी बढ़ाना चाहता है क्योंकि एक कमजोर पाकिस्तान, भारत समेत पूरे क्षेत्र के लिए ठीक नहीं है। बाद में एक ट्वीट में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मतलब था कि एक अस्थिर पाकिस्तान क्षेत्र में किसी के भी हित में नहीं है। वह इंडिया राइट्स नेटवर्क और सेंटर फॉर ग्लोबल इंडिया इनसाइट्स द्वारा आयोजित भारत-रूस सामरिक साझेदारी में अगले कदम: पुरानी मित्रता नए क्षितिज पर एक सम्मेलन में बोल रहे थे।

## भारत को जल्द ही एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीसरी खेप भेजेगा रूस

**नई दिल्ली।** रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने सोमवार को कहा कि रूस जल्द ही भारत को सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली की तीसरी खेप की आपूर्ति करेगा। अलीपोव ने कहा, यह निकट भविष्य में पूरी की जाएगी...दोनों पक्ष सौदे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम निश्चित तौर पर वह करेंगे। इसे कोई नहीं रोक सकता। रूसी राजदूत भारत-रूस संबंधों पर एक सम्मेलन में मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। रूस ने मिसाइल प्रणाली की पहली दो खेप की आपूर्ति कर दी है। यह पूछने पर कि क्या वह यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष खत्म होने में भारत की कोई भूमिका देखते हैं, इस पर अलीपोव ने कहा कि मॉस्को इसे कूटनीतिक तरीके से खत्म करने के लिए किसी भी गंभीर वार्ता के लिए तैयार है।

# हरिद्वार में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व नेता की गोली मारकर हत्या

**भाषा।** हरिद्वार

**हरिद्वार** में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमरदीप चौधरी की कथित तौर पर उनके व्यापारिक साझेदारों ने गोली मार कर हत्या कर दी।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कनखल पुलिस थाने के तहत जगजीतपुर में राजा गार्डन के इलाके में यह वारदात रविवार को आधी रात के करीब हुई। हत्या की वजह संपत्ति और पैसों का लेनदेन बताया जा रहा है। हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है।

हरिद्वार के नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार ने बताया कि चौधरी को हिसाब-किताब करने के लिए संपत्ति के कारोबार में उसके साझेदार राजकुमार मलिक ने अपने घर बुलाया था।

चौधरी अपने दोस्त सोनू राठी के साथ मलिक के घर पहुंचा जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि इसी दौरान वहां मौजूद राजकुमार के दो पुत्रों मनदीप और हर्षदीप ने तमंचे से चौधरी की कमर और कनपटी से सटाकर गोलियां चला दीं।

आरोपियों ने चौधरी के साथी सोनू पर भी गोलियां चलाईं, लेकिन वह किसी तरह वहां से बचकर निकल गया और चौधरी के भाई बादल को घटना के बारे में बताया। बादल के मौके पर पहुंचने पर आरोपियों ने उस पर गोलियां चलाकर उसे घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# शास्त्री सूर्य-कुलदीप को मौका देने के पक्ष में

- कहा-अश्विन को अत्याधिक योजना बनाने से बचाना चाहिए
- कुलदीप तीसरे स्पिनर होने चाहिए
- सूर्य में मध्यक्रम में मैच का रूख बदलने की क्षमता




भषा। नागपुर,

**भारतीय टीम** पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टीम का प्रदर्शन काफी हद तक अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की फॉर्म पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि चार मैचों की इस श्रृंखला में अश्विन को जरूरत से ज्यादा योजना बनाने से बचना चाहिए।
शास्त्री के कोच रहते भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट श्रृंखला जीती थी। उन्होंने टीम को मध्यक्रम में मैच का रूख बदलने की क्षमता रखने वाले सूर्यकुमार यादव को रखने की सलाह देते हुए कुलदीप यादव को तीसरे स्पिनर के रूप में शामिल करने वकालत की। शास्त्री ने इस श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स के द्वारा आयोजित साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, आप यह नहीं चाहते हैं कि अश्विन जरूरत से ज्यादा योजना बनाए। वह अगर योजना पर टिके रहे तो यही काफी होगा, वह इन परिस्थितियों में काफी अहम खिलाड़ी है। उनकी फॉर्म इस श्रृंखला का रुख तय करेगी। अश्विन गेंद के साथ बल्ले से भी योगदान देंगे। शास्त्री ने कहा, अश्विन अगर अच्छे फॉर्म में हुए तो यह श्रृंखला का नतीजे तय कर सकता है। वह विभिन्न परिस्थितियों में विश्व स्तरीय खिलाड़ी है लेकिन भारतीय परिस्थितियों में वह और भी घातक है। अगर गेंद को पिच से मदद मिलती है और गेंद घूमती है तो वह ज्यादातर बल्लेबाजों को परेशान करेगा। इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, ऐसे में आप नहीं चाहते कि वह जरूरत से ज्यादा सोचे और अलग-अलग चीजों का प्रयास करे। उसे अपना नैसर्गिक खेल खेलना होगा और बाकी काम पिच करेगी। भारत में पिच से काफी मदद मिलती है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के एक तीसरे स्पिनर से जुड़े सवाल पर बिना गंवाए कुलदीप का नाम लिया। उन्होंने कहा, जहां तक तीसरे स्पिनर की बात है तो मैं कुलदीप को खेलते हुए देखना चाहूंगा। जडेजा और अक्षर काफी हद तक एक समान गेंदबाज हैं। कुलदीप अलग हैं। अगर आप पहले दिन टॉस हार जाते हैं, तो आपको किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत होती है जो आपको विकेट दिलाए। मैच के पहले दिन कुलदीप के पास गेंद को सबसे ज्यादा घुमाने की क्षमता है। अगर गेंदबाजों को पिच से ज्यादा मदद नहीं मिली तो कुलदीप का महत्व और बढ़ जाएगा। शास्त्री से जब पूछा गया कि वह इस श्रृंखला में किस तरह की पिच चाहते है तो उन्होंने कहा कि ऐसी पिच जहां पहले दिन से ही गेंद टर्न करे। मैं चाहता हूं कि गेंद पहले दिन से टर्न करे। अगर आप टॉस गंवाते है तो भी पिच से मदद मिलेगी। घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहिए। शास्त्री ने टीम में सूर्यकुमार यादव को शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि भारत को 12 खिलाड़ियों को तैयार रखना चाहिए और पिच के मिजाज को देखते हुए शुभमन गिल को टीम की योजना का हिस्सा रखना चाहिए। उन्होंने दोनों में किसी एक को टीम में शामिल करने को मुश्किल चयन करार देते हुए कहा, यह काफी मुश्किल होगा। आपको पांचवें नंबर के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनना होगा। सूर्या ऐसा खिलाड़ी है जो लगातार रन बनाता है और स्ट्राइक रोटेट करता है। भारत में अच्छा करने के लिए आपको स्ट्राइक रोटेट कर गेंदबाजों को लय हासिल करने से रोकना होता है। स्पिनरों की मददगार पिच में तेजी से खेली गई 30-40 रन की पारी मैच का रुख बदल सकती है। शास्त्री को उम्मीद है कि पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका रिकॉर्ड सब कुछ बयां करता है। वह जोश से भरा होगा और दमदार शुरुआत करना चाहेगा। वह अगर अपनी पहली दो पारियों में अच्छा करने में सक्षम रहा तो फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए उसे रोकना आसान नहीं होगा। शास्त्री ने कहा कि चोटिल विकेटकीपर ऋषभ पंत की कमी को भरना टीम के काफी मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि टीम में बेहतर बल्लेबाज इशान किशन और बेहतर विकेटकीपर कोना भरत में से किसी एक को चुनना चुनौतीपूर्ण होगा। इससे पता चलता है कि पंत भारत के लिए कितने अहम है। वह सभी खांचे में फिट बैठते है। वह खतरनाक बल्लेबाज है और उसने हाल के दिनों में सबसे ज्यादा मैच जिताऊ पारियां खेली है। उन्होंने कहा, अगर पिच से गेंद टर्न होती है तो बेहतर कीपर को खेलना चाहिए। जडेजा, कुलदीप और अश्विन के लिए उन्हें स्टंप्स के पीछे अच्छे कीपर की जरूरत होगी। अब यह आपके ऊपर है कि आप किसे बेहतर विकेटकीपर मानते हैं।

# आने वाले समय में कुछ ही क्रिकेट लीग बची रहेंगी, बाकी खत्म हो जाएंगी : गांगुली



भाषा। कोलकाता

**भारत के** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों का टी20 लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर तरजीह देना ज्यादा लंबे समय तक टिकने वाला नहीं है क्योंकि भविष्य में आर्थिक रूप से मजबूत कुछ ही लीग चल सकेंगी। दुनिया भर में टी20 लीग की बढ़ती संख्या के बीच अब खिलाड़ी देश के लिए खेलने पर फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देने लगे हैं। बिग बैश लीग के बाद अब यूएई और दक्षिण अफ्रीका में लीग हो रही है। इसके अलावा साल के आखिर में अमेरिका में भी एक लीग की योजना है। गांगुली ने स्पोर्टस्टार के एक कार्यक्रम में कहा , हम दुनिया भर में हो रही लीग के बारे में बात करते रहते हैं। आईपीएल बिल्कुल अलग तरह की लीग है। आस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग भी अच्छा कर रही है और इसी तरह ब्रिटेन में द हंड्रेड ने अच्छा किया। दक्षिण अफ्रीका लीग भी अच्छा कर रही है। उन्होंने कहा , ए सभी लीग उन देशों में हो रही है जहां क्रिकेट लोकप्रिय है। मेरा मानना है कि आने वाले चार पांच साल में कुछ ही लीग बची रहेंगी और मुझे पता है कि वे कौन सी होंगी। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष ने कहा , फिलहाल हर खिलाड़ी नई लीग से जुड़ना चाहता है लेकिन आने वाले समय में उन्हें पता चल जाएगा कि कौन सी महत्वपूर्ण है। ऐसे में देश के लिए खेलने को लीग क्रिकेट पर तरजीह दी जाएगी। उन्होंने क्रिकेट प्रशासन की अहमियत पर जोर देते हुए जिम्बाब्वे का उदाहरण दिया जहां प्रशासनिक कारणों से क्रिकेट का पतन हो गया। मैं पांच साल बंगाल क्रिकेट संघ का अध्यक्ष रहा और फिर तीन साल बीसीसीआई का अध्यक्ष रहा। मैने आईसीसी में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया और देखा है कि बुनियादी ढांचे और सहयोग से ही खेल संभव है। मैने पहला विश्व कप 1999 में खेला। जिम्बाब्वे उस समय किसी को भी हरा सकता था। उस समय जिम्बाब्वे क्रिकेट के पास ज्यादा पैसा नहीं था। भारत के पास भी नहीं था। वेस्टइंडीज के पास माइकल होल्डिंग, एंडी रॉबटर्स या जोएल गार्नर के समय में कहां पैसा था। खिलाड़ियों के लिए अच्छा प्रशासन बहुत जरूरी है।



अभ्यास करती टीम इंडिया

## बार्सीलोना ने सेविला को हराकर ला लीगा में मैड्रिड पर आठ अंक की बढ़त बनाई

**मैड्रिड।** रीयालमैड्रिड की हार के बाद बार्सिलोना ने ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) के सत्र के दूसरे चरण में अपने जीत का सिलसिला जारी रखते हुए तालिका में शीर्ष पर आठ अंक की बड़ी बढ़त बना ली। तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज मैड्रिड के खिलाफ मल्लोर्का ने।-0 कर उलटफेर भरी जीत दर्ज की जबकि बार्सीलोना ने एकतरफा मुकाबले में सेविला को 3-0 से शिकस्त दी। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में यह बार्सीलोना की लगातार 10वी जीत है।

## भारत में फॉर्मूला ई के लिए सही समय

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह हैदराबाद में पहली ई प्री के जरिए फॉर्मूला ई विश्व चैम्पियनशिप पहली बार भारत मे होने जा रही है। इस सीरिज मे भाग ले चुका एकमात्र भारतीय होने के नाते मै काफी रोमांचित हूं कि इसका आयोजन भारत मे हो रहा है। दुनिया भर मे इलेक्ट्रकि गतिशीलता क्रांति देखी जा रही है और भारत भी अलग नही है। टाटा और महिद्रा जैसे ब्रांड ईवी रेंज लांच कर रहे है और सरकार देश भर मे इलेक्ट्रकि बुनियादी ढांचा खड़ा करने के लिए कदम उठा रही है, ऐसे मे यह भारत मे इलेक्ट्रिक रेसिंग चैम्पियनशिप कराने का सही समय है। जिन दोनों ब्रांड की मैने बात की, वे फॉर्मूला ई से भी जुड़े है।


## तौहीद बने भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के कोच

**नई दिल्ली।** जार्डन में होने वाली तृतीय वेस्ट एशियन प्रेसिडेंट कपमहिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय महिला हैंडबॉल टीम सोमवार को जार्डन के लिए रवाना हो गयी। इस चैंपियनशिप में भारत की टीम का कप्तान शैलजा शर्मा और उपकप्तान कीर्ति सिंह को बनाया गया है। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व संयुक्त सचिव स्वाति शुक्ला और विशाल आनंद ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। अध्यक्ष ए जगनमोहन राव व महासचिव डा तेजराज सिंह ने बताया कि तृतीय वेस्ट एशियन प्रेसिडेंट कप महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 7 से 15 फरवरी तक अम्मान जार्डन में किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच सचिन कुमार चौधरी और कोच उत्तर प्रदेश के मोहम्मद तौहीद व राजस्थान के प्रिया दीप सिंह बनाये गए है। टीम मैनजर यूपी के परमेंद्र सिंह को बनाया गया है। टीम कोच बनाये गए उत्तर प्रदेश के मोहम्मद तौहीद लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हैंडबॉल कोच है।

## आरिज को आइसस्टॉक में स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** लखनऊ के आरिज़ हसन ने आइसरिंग गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर में गत 2 से 4 फ़रवरी 2023 तक आयोजित नवीं राष्ट्रीय आइसस्टॉक प्रतियोगिता में एक स्वर्ण सहित 4 पदक जीते। आरिज़ हसन ने व्यक्तिगत टारगेट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने टीम टारगेट में रजत और टीम लांग डिस्टेंस स्पर्धा और टीम गेम में कांस्य पदक जीते। इससे पहले 18 वर्षीय आरिज़ हसन ने पिछले वर्ष इटली में आयोजित वर्ल्ड आइसस्टॉक चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। आरिज हसन को उनकी सफलता के लिए आइसस्टॉक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के डा सैयद रफत जुबैर रिजवी ने शुभकामनाएं दीं।

# भारत को वास्तव में ऋषभ पंत की कमी खलेगी : इयान चैपल



भाषा। नागपुर

**आस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि ऋषभ पंत की मौजूदगी से पैट कमिन्स और उनके साथियों की रातों की नींद उड़ जाती लेकिन इसके बावजूद गुरुवार से शुरू होने चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। पंत पिछले साल दिसंबर में कार दुर्घटना में चोटिल हो गए थे तथा घुटने और एड़ी के कई आपरेशन करवाने के बाद उन्हें अभी अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है। चैपल ने संवाददाताओं से कहा, भारत को वास्तव में ऋषभ पंत की कमी खलेगी। आस्ट्रेलियाई टीम खुश होगी। वह जवाबी हमला करने वाला खिलाड़ी है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो आपके खिलाड़ियों को सतर्क रखता है, तेजी से स्कोर बनाता है और एक सत्र में मैच का पासा पलट देता है। चैपल ने इसके साथ ही कहा कि रविचंद्रन अश्विन निश्चित तौर पर सबसे बड़ा खतरा होगा लेकिन आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को उनके खिलाफ सक्रिय रवैया अख्तियार करना चाहिए। उन्होंने कहा, अश्विन से खतरा क्यों हो सकता है? क्योंकि वह स्मार्ट क्रिकेटर है। अश्विन हमेशा आपके लिए समस्या पैदा करेगा। अब, यदि आप उसे उस तरह से गेंदबाजी करने देते हैं जैसे वह गेंदबाजी करना चाहता है, तो आप परेशानी में पड़ जाओगे। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खतरा होगा।


## भारत में श्रृंखला जीतना एशेज जीतने से बड़ी सफलताः ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

**नागपुर।** भारत में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए तैयार स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर सहित ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ियों का मानना है कि इस देश मे श्रृंखला मे जीत एशेज जीतने से बड़ी उपलब्धि है। दोनो देशों के बीच चार मैचों की श्रृंखला का आगाज नौ फरवरी से नागपुर में होगा। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू पर जारी वीडियो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियो ने भारत दौरे की चुनौतियों के बारे मे बात की। इस वीडियो मे स्मिथ ने कहा, श्रृंखला की बात छोड़िए, भारत मे टेस्ट जीतना भी चुनौतीपूर्ण है। हम अगर ऐसा करने मे सफल रहे तो यह काफी बड़ी बात होगी। मुझे लगता है कि अगर आप भारत मे टेस्ट श्रृंखला जीतते है तो यह एशेज जीत से बड़ी सफलता है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज वॉर्नर ने कहा कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों के खिलाफ खेलने को लेकर उत्सुक हैं।

# टर्निंग विकेटों पर नई गेंद खेलना सबसे कठिन : ख्वाजा

भाषा। बेंगलुरू

**पिछले कुछ** साल में काफी सफल रहे आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का कहना है कि भारत के खिलाफ नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में भारतीय स्पिन आक्रमण का सामना करना सबसे कठिन चुनौती होगा। पाकिस्तान में जन्में ख्वाजा वीजा मिलने में विलंब के कारण टीम के बाद यहां पहुंचे हैं। वह डेविड वॉर्नर के साथ पारी का आगाज करेंगे। ख्वाजा ने भारत में सीमित ओवरों का क्रिकेट खेला है लेकिन अब उन्हें टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा। वह 2013 और 2017 की टेस्ट टीम का हिस्सा थे। हाल ही में आस्ट्रेलिया के वर्ष के टेस्ट क्रिकेटर चुने गए ख्वाजा पर आस्ट्रेलिया के प्रदर्शन का काफी दारोमदार होगा। आस्ट्रेलिया ने 2004 . 05 के बाद से भारत में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। अलग तरह का अहसास है। इस खेल में कोई गारंटी तो नहीं है लेकिन



बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अधिक परिपक्वता आई है। उन्होंने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा , हमने पिछले दस साल में काफी कुछ सीखा है। खासकर किस तरह की विकेट मिलेगी और मुझे लगता है कि अब हम यहां टेस्ट जीत सकते हैं। अब हम पहले से बेहतर स्थिति में हैं लेकिन श्रृंखला बहुत कठिन होगी। आस्ट्रेलिया ने टेस्ट श्रृंखला से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया। इसकी बजाय बेंगलुरू के निकट स्पिनरों की मददगार पिच पर अभ्यास करना बेहतर समझा। वे अश्विन को सबसे बड़े खतरे के रूप में देख रहे हैं और उसका सामना करने की तैयारी के लिए डुप्लीकेट की मदद ले रहे हैं। अश्विन तोप है। वह काफी हुनरमंद है और उसके पास विविधता भी है जिसका वह बखूबी इस्तेमाल करता है। उसका सामना करना चुनौतीपूर्ण होगा। विकेट तीसरे चौथे दिन टर्न लेगी और वह अधिकांश ओवर डालेगा। मुझे देखना होगा कि उसके सामने रन कैसे बना सकूंगा। अगर विकेट अच्छी हुई तो नई गेंद को खेलना सबसे आसान होगा लेकिन विकेट टूटने पर अगर स्पिनर नई गेंद संभाल रहे हैं तो भारत में बल्लेबाजी करना सबसे मुश्किल हो जाता है।



# आस्ट्रेलिया से अभ्यास मैच हारी भारतीय महिला टीम



भाषा। केपटाउन

**बल्लेबाजों की** नाकामी के कारण भारत को सोमवार को यहां महिला टी20 विश्व कप के अपने पहले अभ्यास क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया से 44 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के सामने 130 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी पूरी टीम 16 ओवर में 85 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा ने उसकी तरफ से सर्वाधिक नाबाद 19 रन बनाए। इसके बाद अतिरिक्त रन (18) का नंबर आता है। भारत के केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। हरलीन देओल ने 12 और अंजिल सरवानी ने 11 रन बनाए। भारत के शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाज 22 रन तक पवेलियन लौट गए थे। इनमें अनुभवी स्मृति मंधाना (शून्य) और शैफाली वर्मा (दो) भी शामिल थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बल्लेबाजी नहीं की। आस्ट्रेलिया की तरफ से डार्सी ब्राउन ने 17 रन देकर चार विकेट लिए। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले पुछल्ले बल्लेबाजों के योगदान से आठ विकेट पर 129 रन बनाए थे। उसकी तरफ से नौवें नंबर पर उतरी जार्जिया वेयरहैम ने सर्वाधिक नाबाद 32 रन बनाए। भारत की तरफ से शिखा पांडे, पूजा वस्त्राकर और राधा यादव ने दो-दो विकेट लिए। भारत अपना अगला अभ्यास मैच आठ फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। विश्व कप में उसका पहला मैच 12 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

## विनेश व साक्षी सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ हाल ही में विरोध प्रदर्शन करने वाली पहलवान विनेश फोगाट और साक्षी मलिक उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें बीबीसी साल की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इस सूची में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और मुक्केबाज निकहत जरीन के नाम भी शामिल है। इन खिलाड़ियों का चयन ज्यूरी की एक समिति ने किया, जिसमें खेल पत्रकार और लेखक शामिल थे। पुरस्कार के विजेता का चयन सार्वजनिक मतदान से होगा जो सोमवार से शुरू हुआ और 20 फरवरी की मध्य रात्रि तक जारी रहेगा।

# कोरिच ने थीम को हराया

- क्रोएशिया डेविस कप ग्रुप चरण में

भाषा। लंदन

**बोरना कोरिच** ने 2020 अमेरिकी ओपन चैम्पियन डोमिनिक थीम को 7-6, 6-2 से हरा दिया जिसकी मदद से क्रोएशिया ने डेविस कप ग्रुप चरण में जगह बना ली।
कोरिच 2018 में क्रोएशिया की डेविस कप में खिताबी जीत के सूत्रधार थे लेकिन 2021 में जब टीम फाइनल हारी तब वह चोट के कारण बाहर थे। कंधे की चोट के कारण वह एक साल तक नहीं खेल सके। पिछले साल मार्च में वापसी के बाद उन्होंने अगस्त में सिनसिनाटी मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।
थीम को हराकर उन्होंने क्रोएशिया को आस्ट्रिया पर 3-1 से जीत दिलाई।



चिली, फिनलैंड, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और चेक गणराज्य भी अगले दौर में पहुंच गए जो सितंबर में खेला जाएगा। अमेरिका ने शनिवार को उजबेकिस्तान को हराया था जबकि सर्बिया, फ्रांस, ब्रिटेन, स्विटजरलैंड और स्वीडन ने भी अपने अपने मैच जीते। फिनलैंड ने अर्जेंटीना को 3-1 से हराया जबकि नीदरलैंड ने स्लोवाकिया को 4-0 से मात दी। दक्षिण कोरिया ने बेल्जियम को 3 -2 से हराया और चेक गणराज्य ने पुर्तगाल को 3 -। से शिकस्त दी। चिली ने भी कजाखस्तान को इसी अंतर से हराया। गत चैम्पियन कनाडा, उपविजेता आस्ट्रेलिया और वाइल्ड कार्डधारी इटली और स्पेन ग्रुप चरण में पहुंच चुके हैं। आठ टीमें नवंबर में स्पेन में होने वाले डेविस कप फाइनल्स में जगह बनाएंगी।

# मनराज और रक्षिता भारतीय दल की अगुवाई करेंगे

- नीदरलैंड और जर्मन जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट अगले महीने

भाषा। नई दिल्ली

**बैडमिंटन खिलाड़ी** मनराज सिंह और रक्षिता श्री एस अगले महीने डच (नीदरलैंड) जूनियर और जर्मन जूनियर इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। डच जूनियर इंटरनेशनल एक मार्च से हार्लेम में शुरू होगा जबकि जर्मन जूनियर इंटरनेशनल आठ मार्च से बर्लिन में शुरू होगा। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने ग्रेटर नोएडा में 24 से 27 जनवरी तक चार दिवसीय चयन ट्रायल आयोजित किया था। खिलाड़ियों का चयन इसी के आधार पर किया गया। भारत के 33वें रैंकिंग वाले खिलाड़ी मनराज पुरुष एकल वर्ग में शीर्ष पर रहे, जबकि इसके बाद आयुष शेट्टी, लोकेश रेड्डी के और गगन का स्थान रहा।

## क्रू सेडर्स ने ध्रुव क्रिकेट अकादमी को 24 रन से दी मात

**लखनऊ।** आरईपीएल क्रूसेडर्स ने मैन ऑफद मैच शुभम चौबे -62 व रवि सिंह 50 की शानदार उपयोगी पारी के बाद धारदार गेंदबाजी के सहारे ध्रुव क्रिकेट अकादमी को 24 रन से हराया। चौक स्टेडियम पर आरईपीएल क्रूसेडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट पर 216 रन बनाये।
जवाब में ध्रुव क्रिकेट अकादमी लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 192 रन ही बना सकी और जीत से 24 रन दूर रह गयी। टीम को शुरुआत में ही झटके लगे और 38 रन पर टीम के 3 विकेट गिर गए थे।

# भारत, म्यामां व किर्गिजस्तान का करेगा सामना

- मैत्री मैच में अगले महीने दिखएगा दम

भाषा। इम्फाल

**भारतीय फुटबॉल** टीम अगले महीने म्यामां और किर्गिस्तान के खिलाफ यहां खेले जाने वाले तीन देशों की मैत्री टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। यह पहली बार है जब यहां के खुमान लंपक स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। ए मुकाबले 22, 24 और 26 मार्च को खेले जाएंगे। इसका आयोजन फीफा के अंतरराष्ट्रीय विंडो के समय हो रहा है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे और महासचिव शाजी प्रभाकरन की उपस्थिति में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी करने की घोषणा की। बीरेन ने कहा, एआईएफएफ नेतृत्व की यह एक बड़ी पहल है कि हम इतिहास में पहली बार मणिपुर में अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों की मेजबानी कर रहे हैं। अपनी ओर से मैं सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि मणिपुर सरकार टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करेगी। बिरेन ने राज्य के रेनेडी सिंह, गौरमांगी सिंह, उदांता सिंह, अमरजीत कियाम, सुरेश वांगजम और जैक्सन सिंह जैसे खिलाड़ियों के नामों का उल्लेख किया जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

## भारत की अंडर-17 महिला टीम ने मैत्री मैच में मेजबान जॉर्डन को 7-0 से हराया

**जरका ( जॉर्डन )।** शिलजी शाजी के चार गोल की मदद से भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सोमवार को यहां मैत्री मैच में मेजबान जॉर्डन को 7-0 से करारी शिकस्त दी। शिलजी ने दूसरे, 37वें, 74वें और 76वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा भारत की तरफ से मनीषा कुमारी (13वें), पूजा (18वें) और संजना (9()1) ने गोल दागे। भारतीय टीम अगले साल होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारियां कर रही है। भारत की यह नई टीम है जिसका यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। इस टीम ने पिछले महीने चेन्नई में अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया था। भारत और जॉर्डन के बीच अगला मैत्री मैच गुरुवार को खेला जाएगा।



# सुर्खियां बटोरने वाली युवा खिलाड़ियों का सही मार्गदर्शन जरूरीः झूलन गोस्वामी

भाषा। कोलकाता



**भारत की पूर्व दिग्गज** गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने कहा कि इस साल शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में युवा खिलाडियों का मार्गदर्शन करना जरूरी होगा क्योंकि त्वरित सफलता से सुर्खिया बटोरने के बाद वे अपने लक्ष्य से भटक सकती हैं। डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र से पहले मुंबई में 13 फरवरी को महिला खिलाड़ियों की नीलामी का आयोजन होगा। लीग अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम सहित युवा भारतीय खिलाड़ियों को दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका देगी। इसमें अच्छे प्रदर्शन से खिलाड़ी सुर्खियों में होंगी और ध्यान भटकने से बचाने के लिए उनके पास मदद करने के लिए कोई होना चाहिए। झूलन ने यहां स्पोर्टस्टार के एक कार्यक्रम में कहा, जब आप विश्व कप खेल रहे हों और अचानक आप पर ध्यान दिया जाए तो चीजें अलग होंगी लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि आपके साथ एक मेंटोर (मार्गदर्शक) हो, यह कोच, दोस्त या माता-पिता हो सकता है।

## डब्ल्यूपीएल का आयोजन मुंबई में चार से 26 मार्च तक

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का बहुप्रतीक्षित शुरुआती सत्र चार से 26 मार्च तक मुंबई में खेला जाएगा। ब्रेबॉर्न स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम टूर्नामेंट के सभी मैचों की मेजबानी करेंगे जिसका पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस की फ्रेंचाइजी टीमों के बीच खेले जाने की उम्मीद है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, महिला प्रीमियर लीग चार से 26 मार्च तक मुंबई में खेली जाएगी।